नई दिल्ली

मंगलवार, 23 अप्रैल 2024

चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
पूर्णिमा वर्ष : 28, अंक : 12
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 39
न्यून. 24

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





## शतरंज का उभरता हुआ 'नया किंग'

### गुकेश ने गैरी कास्पारोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, वे 1984 में 22 वर्ष की उम्र में विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने थे

# 17 साल के गुकेश 'युवा चैलेंजर' बने, उनका कहना है- मुझे जीत से नहीं, हार से मिली प्रेरणा


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के 17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज 2024 टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया है।

उन्होंने 14वें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से ड्रॉ खेलकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने। वह इस साल ▶▶ शेष पेज 5 पर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी इस युवा चेस ग्रैंडमास्टर को बधाई दी






### हार से मुझे ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है

गुकेश ने कहा- मैं शुरू से ही अच्छा महसूस कर रहा था, लेकिन सातवें दौर में अलीरजा से हारने के बाद मैं निराश था। अगले दिन मुझे आराम करना था और मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था। इस तरह की हार से मुझे ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। हार के बाद मुझे लगा कि अगर मैं आगे अच्छा खेलता हूं और सही मानसिकता के साथ खेलता हूं तो टूर्नामेंट जीत सकता हूं। दुनिया के तीसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर ने कहा कि शुरू ही से मेरा पूरा ध्यान प्रक्रिया पर भरोसा करने और सही मानसिकता के साथ अच्छी शतरंज खेलने पर था। पूरे टूर्नामेंट में मैने अच्छा खेला और मैं खुशकिस्मत था कि नतीजे पक्ष में रहे। यह पूछे जाने पर कि खिताब जीतकर कैसा लग रहा है? गुकेश ने कहा- यह ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अभी कुछ दिन आराम करूंगा

*विश्व चैंपियनशिप मैच के लिए उनकी योजना के बारे में पूछे जाने पर गुकेश ने कहा कि मेरे पास इसके बारे में सोचने के लिए ज्यादा समय नहीं था। अभी कुछ दिन आराम करूंगा। पिछले तीन सप्ताह काफी तनावपूर्ण रहे हैं। आराम के बाद विश्व चैंपियनशिप के खिताबी मैच के बारे में सोचूंगा। मैं अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करूंगा। विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए अभी तक तारीख और वैन्यू की घोषणा नहीं हुई है।*



## खबर संक्षेप

### मणिपुर में शांतिपूर्वक दोबारा हुआ मतदान



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मणिपुर के बाद अरुणाचल प्रदेश में भी दोबारा मतदान कराने का फैसला किया है। अरुणाचल प्रदेश के आठ मतदान केंद्रों पर दोबारा वोटिंग कराई जाएगी। यहां 24 अप्रैल को दोबारा मतदान की तारीख तय की है। राज्य के आठ मतदान केंद्रों पर सुबह 6 बजे से दोपहर जो बजे तक मतदान होगा। मणिपुर में 11 बूथों पर सोमवार को शांतिपूर्वक मतदान हुआ। बताया गया कि यहां दोपहर तक 73 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ।

### आज टीकमगढ़, रीवा सतना में नड्डा की सभाएं



**भोपाल।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 23 अप्रैल को टीकमगढ़, रीवा व सतना जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह जनसभा एवं स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सुबह 11 बजे टीकमगढ़ जिले के राजेंद्र पार्क में जनसभा करेंगे। दोपहर 1.30 बजे रीवा के एस.ए.एफ ग्राउंड में जनसभा एवं दोपहर 3 बजे सतना के सी.एम.ए ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### गुजरात से 'पहली जीत'...2 पर्चे खारिज, 7 ने छोड़ा मैदान

### सूरत लोकसभा क्षेत्र के इतिहास में ये पहला मौका है, जब वहां पर चुनाव नहीं होगा

# नतीजे आने से पहले ही 'खाता' खुला, बिना चुनाव लड़े ही भाजपा ने सूरत सीट जीत ली



देश की 543 सीटों पर हो रहे लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे पर एक ऐसी भी लोकसभा सीट है, जहां इस बार बिना चुनाव के ही नतीजा आ गया। वहां से जीत किसी और को नहीं बल्कि सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी को मिली।

**कांग्रेस उम्मीदवार के तीनों प्रस्तावक ऐनवक्त पर गायब, ऐसे ही डमी उम्मीदवार का भी परचा रद्द**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की 543 सीटों पर हो रहे लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे पर एक ऐसी भी लोकसभा सीट है, जहां इस बार बिना चुनाव के ही नतीजा आ गया।

वहां से जीत किसी और को नहीं बल्कि सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी को मिली है। गुजरात की 26 लोकसभा सीटों में से एक सीट सूरत की है, जहां कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन कैंसल होने के बाद भाजपा ने निर्विरोध ही चुनाव जीत लिया। गुजरात की सभी 26 सीटों पर सात मई को वोटिंग होनी थी। 19 अप्रैल को नामांकन करने की आखिरी तारीख थी और फिर 22 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकते थे। गुजरात की सूरत सीट से भाजपा के मुकेश दलाल ने पर्चा दाखिल किया था। वहीं, कांग्रेस की ओर से निलेश कुंभानी उम्मीदवार थे पर उनके साथ खेल हो ▶▶ शेष पेज 5 पर



*बसपा के उम्मीदवार समेत सभी 7 अन्य उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिया*

*गुजरात की 26 लोकसभा सीटों में से एक सीट सूरत की यहां से जीते भाजपा के मुकेश दलाल*

### बोले कांग्रेस उम्मीदवार के वकील- प्रस्तावक हुए किडनैप

प्रस्तावक जब कलेक्टर ऑफिस नहीं पहुंचे तो निर्वाचन अधिकारी सौरभ पारधी ने निलेश कुंभानी का नामांकन ही रद्द कर दिया। हालांकि, इस फैसले पर कांग्रेस के उम्मीदवार रहे निलेश कुंभानी के वकील ने सवाल भी उठाए और कहा कि हमारे प्रस्तावकों का अपहरण हुआ है और हस्ताक्षरों की जांच के बिना ही फॉर्म को रद्द करना गलत है। कहानी यहीं खत्म नहीं हुई है। कांग्रेस के एक वैकल्पिक उम्मीदवार भी थे सुरेश पडसाला लेकिन उनका भी नामांकन फॉर्म रद्द कर दिया गया और इस फॉर्म में भी वहीं गलतियां थीं, जो निलेश कुंभानी के साथ थीं। यानी कि सुरेश पडसाला के प्रस्तावकों के भी हस्ताक्षरों का मिलान नहीं हो पाया। तो इस तरह से कांग्रेस के दोनों उम्मीदवारों की उम्मीदवारी खत्म हो गई। लेकिन कहानी यहां भी खत्म नहीं होती है। इन दोनों के अलावा सूरत लोकसभा सीट से सात और भी उम्मीदवार थे। इनमें बहुजन समाज पार्टी से उम्मीदवार थे प्यारेलाल भारती, सरदार वल्लभभाई पटेल पार्टी से उम्मीदवार थे अब्दुल हामिद खान, ग्लोबल रिपब्लिकन पार्टी से थे जयेश मेवाडा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हम नहीं हैं निलेश कुंभानी के प्रस्तावक

*इस बीच, कांग्रेस प्रत्याशी निलेश कुंभानी के तीनों प्रस्तावकों ने चुनाव आयोग में हलफनामा देकर कहा कि वो निलेश कुंभानी के प्रस्तावक हैं ही नहीं। जब आयोग के सामने ये बात आई तो आयोग की ओर से निलेश कुंभानी को प्रस्तावकों को चुनाव आयोग के सामने पेश होने के लिए कहा। निलेश कुंभानी वकील के साथ तो चुनाव आयोग पहुंच गए पर ऐन वक्त पर* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भोपाल में लगभग दो घंटे रहेंगे

# प्रधानमंत्री मोदी का कल भोपाल में रोड शो, सागर हरदा में भी लेंगे सभाएं



- सागर से दलित वर्ग को साधने की कोशिश
- हरदा की दोनों विधानसभा सीटें हारी है भाजपा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को प्रदेश के व्यस्ततम दौरे पर आ रहे हैं। इस दिन वे भोपाल में भाजपा के आलोक शर्मा के समर्थन में डेढ़ किमी लंबा रोड शो करेंगे।

मोदी भोपाल में लगभग दो घंटे रहेंगे। वे सागर-हरदा में रैली के बाद आयोजित सभाओं को संबोधित करेंगे। सागर के जरिए वे बुंदेलखंड के दलितों को साधने की कोशिश करेंगे और हरदा में भाजपा कार्यकर्ताओं में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### बुंदेलखंड में 23 फीसदी अजा वर्ग का मतदाता

भाजपा की नजर बुंदेलखंड के 23 फीसदी अनुसूचित जाति वर्ग के मतदाताओं पर है। इसीलिए, लगातार यह चौथा चुनाव है जब प्रधानमंत्री मोदी सागर आ रहे हैं। वे 2014, 2019 और 2023 के चुनाव में भी सागर आ चुके हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी संत रविदास मंदिर की नींव रखने आए थे। इस क्षेत्र में संत रविदास जी के बड़ी संख्या में अनुयायी रहते हैं। बड़ी संख्या में प्रदेश के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सागर से टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो के लिए प्रचार

दूसरे चरण में सागर सीट के लिए मतदान नहीं है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी यहां से दमोह, टीकमगढ़ और खजुराहो सीट के लिए प्रचार करेंगे। दमोह में भाजपा ने कांग्रेस से आए राहुल लोधी को टिकट दिया है। इनका मुकाबला उनके ही समाज के उनके रिश्तेदार कांग्रेस के तरवर लोधी से है। टीकमगढ़ में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार और कांग्रेस के पंकज अहिरवार के बीच मुकाबला है। खजुराहो में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं।

**सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला**

### नाबालिग रेप पीड़िता का 29 हफ्ते का गर्भ हटाने की इजाजत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग रेप पीड़िता के गर्भपात के मामले में अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पीड़िता के 29 सप्ताह के गर्भ को हटाने की इजाजत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि अगर पीड़िता इस गर्भ को जारी



रखती है तो इससे उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर बुरा असर ▶▶ शेष पेज 5 पर

**हांगकांग और सिंगापुर में बैन हैं**

### एफएसएसएआई ने एमडीएच और एवरेस्ट मसालों की जांच शुरू की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हांगकांग और सिंगापुर में एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों पर बैन लगने के बाद भारत में भी इस पर बहस शुरू हो गई है।

इसके चलते भारत के फूड सेफ्टी रेग्युलेटर 'भारतीय खाद्य



संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण' (एफएसएसएआई) ने इस मामले में नए सिरे ▶▶ शेष पेज 5 पर



**हजारों श्रद्धालुओं ने खींचा रथ**

### मदुरै मीनाक्षी 'रथ महोत्सव' में उमड़े भक्त

**चेन्नई/मदुरै।** 12 अप्रैल से शुरू हुए तमिलनाडु में मदुरै चिथिराई थिरुविझा त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को मीनाक्षी - सुंदरेश्वर थेरोट्टम (रथ महोत्सव) का आयोजन हुआ, जिसमें सभी जाति धर्म के लोग भाग लिया। इसमें शिव-पार्वती, मीनाक्षी, करुप्पासामी आदि के साथ मीनाक्षी-सुंदरेश्वर जैसे देवताओं के दर्शन करने बड़ी संख्या में भक्त उमड़े। विशेष पोशाक में सुंदरेश्वर विदाई के साथ एक रथ में और देवी मीनाक्षी दूसरे रथ में सवार थीं। सुबह 5.15 से 5.40 बजे के बीच रथ का पूजन किया। इसके बाद सुबह साढ़े छह बजे हजारों श्रद्धालु रथ को खींचते नजर आए।

### अयोध्या में अपने भव्य महल में बीती 22 जनवरी को विराजमान हुए थे श्री रामलला

### राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि परकोटे में 6 और मंदिर बनाए जाएंगे

देश विदेश से आ रहे रामभक्त

# मात्र 4 महीने में 1.5 करोड़ भक्तों ने किए श्री रामलला के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में प्रभु राम अपने भव्य महल में बीते 22 जनवरी को विराजमान हुए हैं। प्रभु राम के विराजमान होने के बाद देश-विदेश के राम भक्त धर्म नगरी अयोध्या पहुंचकर बालक राम का दर्शन पूजन कर रहे हैं।

इसी बीच राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने राम मंदिर से जुड़ी अहम जानकारी राम भक्तों से साझा की है। राय ने बताया कि जब से प्रभु राम ▶▶ शेष पेज 5 पर



### तीर्थयात्रियों के पंजीकरण में टूटा 'रिकॉर्ड' सात दिन में 12.48 लाख पहुंचा आंकड़ा



**देहरादून।** चारधाम यात्रा के लिए इस बार तीर्थयात्रियों के पंजीकरण का रिकॉर्ड टूट रहा है। सात दिन में पंजीकरण की संख्या 12.48 लाख पहुंच गई, जबकि पिछले साल एक सप्ताह में लगभग चार लाख यात्रियों ने पंजीकरण किया था। पर्यटन विभाग ने चारधाम यात्रा में देश दुनिया से आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए 15 अप्रैल से पंजीकरण शुरू किया था। रविवार को एक लाख से अधिक यात्रियों ने बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री ▶▶ शेष पेज 5 पर




### दिल्ली पुलिस ने घटना के संबंध में दर्ज की प्राथमिकी

# गाजीपुर लैंडफिल साइट में आगः धुएं से लोगों को सांस लेने में हो रही है दिक्कत

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली के गाजीपुर 'लैंडफिल' (कचरा एकत्र करने की जगह) में लगी आग से निकलने वाले जहरीले धुएं की वजह से स्थानीय निवासियों ने सांस लेने में दिक्कत होने की शिकायत की और कूड़े के ढेर को लेकर नेताओं को कोसा। पूर्वी दिल्ली में गाजीपुर 'लैंडफिल साइट' पर भीषण आग लगने के कुछ घंटों बाद सोमवार को भी वहां से धुएं का घना गुबार उठ रहा है। वहीं पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर 'लैंडफिल साइट' (कचरा एकत्र करने की जगह) पर आग लगने के कुछ घंटों बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

पुलिस के अनुसार, गाजीपुर थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना) और 278 (माहौल को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बनाना) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के





अनुसार, कचरे के विशाल पहाड़ से उत्पन्न गैस के कारण रविवार शाम 'लैंडफिल' में भीषण आग लग गई।

### कूड़े के ढेर का हिस्सा टूटा

दमकल सेवा के महानिदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। कूड़े के ढेर का एक हिस्सा टूट जाने से 'लैंडफिल' से सटी टिन पैनल से बनी दीवार भी गिर गई। पोल्ट्री मार्केट की तरफ कई मीटर लंबी दीवार खड़ी की गई थी। 'लैंडफिल' के पास स्थित घड़ोली गांव के राम कुमार ने कहा कि आग लगे हुए 15 घंटे हो गए हैं। यह धुआं कोई आम धुआं नहीं है, यह बहुत जहरीला है। हम जलन के कारण अपनी आंखें खुली नहीं रख पा रहे हैं और सांस लेने में कठिनाई हो रही है। कई निवासियों ने बताया कि धुएं के कारण वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज पा रहे हैं। उन्होंने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली सरकार पर उन्हें बेहतर जीवन देने के लिए कोई कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया। इलयास खान ने कहा कि 15 साल हो गए है। मंत्री केवल चुनाव के दौरान हमारे पास आते हैं लेकिन उसके बाद उनमें से एक भी हमारे दरवाजे पर यह जानने के लिए नहीं आता कि हमें कोई समस्या है या नहीं। यह 'लैंडफिल' हमारे लिए एक अभिशाप है। हम हर दिन दुर्गंध झेलने को मजबूर हैं। और अब इस आग ने हमारे लिए कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर दी हैं। वे (मंत्री) क्यों चाहते हैं कि हम मर जाएं? हृदय रोगी राकेश कुमार ने कहा कि उन्हें अपने रिश्तेदार के यहां जाना पड़ा क्योंकि वह अब और घुटन बर्दाश्त नहीं कर सकते थे। उन्होंने कहा कि और यह केवल मेरी स्थिति नहीं है, कई लोग इसी कारण से अपना घर छोड़ रहे हैं। एक अन्य निवासी बिल्किस ने कहा कि 'लैंडफिल' अभी भी वहीं है जहां वह था क्योंकि नेताओं ने कभी भी अपने वादों को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि अब वे फिर से यहां आएंगे और सिर्फ वोट लेने के लिए अपनी चिंता दिखाएंगे। कुछ नहीं होगा। महफूज ने कहा कि जब उन्होंने लगभग 20 साल पहले इस क्षेत्र में एक मकान खरीदा था, तो 'लैंडफिल' इतना बड़ा नहीं था। उन्होंने कहा कि इतने बड़े कूड़े के ढेर जैसा कुछ नहीं था। सरकार कोई उचित समाधान क्यों नहीं ढूंढ पा रही है? धुएं के कारण हम अपने बच्चों को स्कूल भी नहीं भेज पा रहे हैं। आग लगने की सूचना रविवार शाम पांच बजकर 22 मिनट पर मिली और दमकल विभाग ने आग बुझाने के लिए दमकल के 14 वाहन लगाए थे।

## आग लगने को लेकर आप-भाजपा में तकरार

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर 'लैंडफिल' स्थल (कचरा एकत्र करने की जगह) में लगी आग को लेकर सोमवार को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आप) शासित दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) पर हमला किया। आग लगने के बाद स्थानीय निवासी सांस लेने में परेशानी का सामना करने के साथ ही स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि घटना के कारण का पता लगाने के लिए मामले की जांच की जाएगी।दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गाजीपुर 'लैंडफिल' स्थल का सोमवार को दौरा किया। उन्होंने





आरोप लगाया कि यह आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के 'भ्रष्टाचार' का एक उदाहरण है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 2022 के एमसीडी चुनाव से पहले 31 दिसंबर, 2023 तक 'लैंडफिल' स्थल को साफ करने का वादा किया था। फिर भी कूड़े का पहाड़ बढ़ता ही जा रहा है। गाजीपुर लैंडफिल की ऊंचाई 2019 में 65 मीटर थी, जो कुतुब मीनार से केवल आठ मीटर कम थी। वर्ष 2017 में लैंडफिल में कचरे का एक हिस्सा बगल की सड़क पर गिर गया था, जिससे दो लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2022 में गाजीपुर 'लैंडफिल' में आग लगने की तीन घटनाएं हुई थीं, जिनमें से एक घटना 28 मार्च को हुई थी और उस समय आग को बुझाने में 50 घंटे से अधिक का समय लगा था।

### राय ने पर्यावरण विभाग से रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने गाजीपुर 'लैंडफिल' (कचरा एकत्र करने की जगह) में लगी आग की वजहों और गर्मियों में ऐसे स्थानों पर आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए कार्य योजना पर अपने पर्यावरण विभाग से एक विस्तृत रिपोर्ट देने का सोमवार को निर्देश दिया। कैबिनेट मंत्री गोपाल राय द्वारा जारी आदेश में पर्यावरण और वन विभाग के प्रधान सचिव को 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि रविवार शाम को गाजीपुर लैंडफिल में भीषण आग लगने की घटना से आसपास के इलाकों में प्रतिकूल असर पड़ रहा है। पर्यावरण विभाग का प्रभार संभालने वाले राय ने निर्देश दिया कि रिपोर्ट में आग लगने और इससे निपटने के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा उठाए तत्काल कदमों से जुड़े सभी पहलुओं का जिक्र होना चाहिए। आदेश में कहा गया है कि पिछले कुछ वर्षों में आग लगने की ऐसी घटनाएं सामने आई हैं और इन स्थलों का दौरा करने के बाद मैंने भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकने के लिए विभिन्न निर्देश जारी किए हैं।

### केंद्र व निगम को समन्वय स्थापित करना चाहिए : लवली

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने गाजीपुर लैंडफिल में लगी भीषण आग मामले को लेकर कहा कि आग को बुझाने के लिए केंद्र सरकार और दिल्ली नगर निगम के साथ समन्वय स्थापित करना चाहिए। जहरीला धुआं लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है।

## अदालत ने बीआरएस नेता के कविता की जमानत अर्जी पर आदेश सुरक्षित रखा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत अर्जी पर अपना आदेश सोमवार को सुरक्षित रख लिया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामलों के लिए विशेष न्यायाधीश ने मामले की जांच कर रही सीबीआई की ओर से पेश हुए वकील और आरोपी के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया।

हालांकि, न्यायाधीश धन शोधन से जुड़े कथित मामले में कविता द्वारा दायर इसी तरह की एक अर्जी पर दलीलें सुनना जारी रखेंगे। इस मामले की जांच ईडी कर रही है। कविता ईडी और सीबीआई, दोनों द्वारा दर्ज किये गए मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी एवं राज्य की विधानपरिषद सदस्य कविता को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था, जहां वह ईडी द्वारा गिरफ्तार किये जाने के बाद बंद थीं। ईडी ने कथित घोटाले से उपजे धन शोधन मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था। सीबीआई आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की आबकारी नीति को तैयार किये जाने और उसके क्रियान्वयन में हुए कथित भ्रष्टाचार की जांच कर रही है, जबकि ईडी धन शोधन पहलू की जांच कर रही है।

### आईपी यूनिवर्सिटी में 'आईपीआर सप्ताह' का आयोजन

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी के आईपीआर सेल और इसके लॉ स्कूल के आईपीआर सेल के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार से 26 अप्रैल तक 'आईपीआर सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में यूनिवर्सिटी के आईपीआर सेल की प्रमुख प्रो. लीसा पी॰ ल्यूकोस ने वर्तमान लीगल लैंड्स्केप में आईपीआर की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आईपी जैसी मल्टी-डिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी में आईपीआर की भूमिका और अहम हो जाती है। यूनिवर्सिटी के शोध और विकास प्रभाग की निदेशक प्रो. निमिषा शर्मा ने इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के पच्चीस वर्षों की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपस्थित इंडियन लॉ इन्स्टिटूट के निदेशक प्रो. वी के आहूजा ने वर्तमान ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था में विकसित देशों एवं विकासशील देशों में आईपीआर की अहमियत को रेखांकित किया। इस अवसर पर आईपीआर प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें आईपीआर से संबद्ध नवीनतम विकास, नवाचार एवं नवीनतम परिकल्पनाओं से रूबरू होने का मौका मिला। आईपीआर पर केंद्रित क्विज़ प्रतियोगिता, पेपर प्रस्तुतीकरण, केस स्टडी प्रतियोगिता, फ़ल्मि स्क्रीनिंग, पैनल डिस्कशन, पेटेंट ड्राफ़्टिंग प्रतियोगिता, आदि का आयोजन भी अखिल भारतीय स्तर पर इस दौरान किया जाएगा। 25 अप्रैल को पेटेंट महानिदेशक प्रो. उन्नत पंडित इस आयोजन में शिरकत करेंगे। आईपीआर एक्स्पर्ट्स- प्रो. अलका चावला, प्रो. रमण मित्तल, डॉ. सुधीर कोचर, अभिनव नांगिया भी इस आईपीआर सप्ताह में भाग ले रहे हैं।


### पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नामः नामालूम, पुत्रः नामालूम, पताः नामालूम, उम्रः लगभग 70 वर्ष, कदः लगभग 5'7" फीट, रंगः सॉवला, शरीरः पतला, पहनावाः स्काई ब्लू चेक शर्ट के साथ मैटमेल कलर की जैकेट और डार्क ब्लू कलर की पैंट नंगे पैर पहने हुए। जोकि ए ब्लॉक सूरजमल विहार, राम मंदिर के पास, दिल्ली में मिला जिसे जी0टी0बी0 अस्पताल, दिल्ली में भर्ती कराया गया। जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृत शरीर को पहचान हेतु जी0टी0बी0 अस्पताल, दिल्ली के शव गृह में संरक्षित रखा गया है। जिसके संदर्भ में DD No. 33A, दिनांक 04.04.2024 से थाना आनंद विहार, दिल्ली में दर्ज है।
स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो वह तुरन्त अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थानाः आनंद विहार, दिल्ली
DP/4715/SHD/2024 फोनः 7065036022, 8595888677


## सौम्या विश्वनाथन मामलाः चार दोषियों को जमानत देने के खिलाफ दायर याचिका पर दिल्ली सरकार को नोटिस

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट सोमवार को टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की मां की उस याचिका पर सुनवाई करने पर राजी हो गया जिसमें वर्ष 2008 में उनकी बेटी की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा पाने वाले चार दोषियों को जमानत देने को चुनौती दी गई है।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने सौम्या की मां माधवी विश्वनाथन की याचिका पर दिल्ली सरकार और चारों दोषियों को नोटिस जारी किया। दोषी अमित शुक्ला और बलजीत सिंह मलिक का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील अमित कुमार ने उनकी याचिका का विरोध किया। दिल्ली हाईकोर्ट ने 12 फरवरी को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत सिंह मलिक और अजय कुमार की सजा को निलंबित कर दिया था और उनकी दोष सिद्धि और सजा को चुनौती देने वाली अपीलों के लंबित रहने के





दौरान उन्हें जमानत दे दी थी। अंग्रेजी समाचार चैनल में काम करने वाली सौम्या विश्वनाथन की 30 सितंबर, 2008 की सुबह दक्षिणी दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जब वह काम करके अपनी कार से घर लौट रही थीं। हाईकोर्ट ने दोषियों को राहत देते हुए कहा कि वे 14 साल से हिरासत में हैं। हाईकोर्ट ने 23 जनवरी को दिल्ली पुलिस से चारों दोषियों द्वारा दायर अपील पर जवाब देने को कहा था। एक विशेष अदालत ने 26 नवंबर, 2023 को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) और धारा 3(1)(आई) (संगठित अपराध जिसके परिणामस्वरूप किसी व्यक्ति की मौत हो जाए) और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दोहरी उम्रकैद की सजा सुनाई थी। अदालत ने यह भी स्पष्ट कर दिया था कि दोनों सजा एक साथ न चलकर, एक-एक करके लागू होंगी। पाचवें दोषी अजय सेठी को तीन साल के साधारण कारावास की सजा दी गई थी। उक्त चारों दोषियों में से तीन, कपूर, शुक्ला और मलिक को एक आईटी पेशेवर जिगिशा घोष की भी हत्या का दोषी पाया गया था। लेकिन इन तीनों ने बाद में सौम्य की भी हत्या करने की बात कबूल की थी और हत्या में इस्तेमाल किये गये हथियार भी उनके पास से बरामद किये गये थे। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि सौम्य की हत्या लूट के इरादे से की गई थी। हालांकि, निचली अदालत ने घोष की हत्या के मामले में कपूर और शुक्ला को मौत की सजा सुनाई थी और मलिक को उम्रकैद की सजा दी थी। लेकिन हाईकोर्ट ने मलिक की उम्रकैद को तो बरकरार रखा पर दोनों की मौत की सजा को उम्रकैद में तब्दील कर दिया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, लूट के इरादे से सौम्या की कार का पीछा करते समय कपूर ने उसे तमंचे से गोली मार दी थी और उस समय शुक्ला, कुमार और मलिक भी उसके साथ थे। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल कार सेठी के पास से बरामद की थी।

## आर्य समाज ने दी 135 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा एवं अखिल भारतीय दयानंद सेवाश्रम संघ द्वारा आर्य समाज हनुमान रोड, नई दिल्ली में देश भर के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च-शिक्षा के लिए आर्य प्रगति छात्रवृत्तियां वितरित की गईं। महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में 45 लाख रुपए की छात्रवृत्तियां दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान धर्मपाल आर्य, महामंत्री विनय आर्य, आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान सुरेंद्र रैली, महामंत्री सतीश चड्ढा, व अन्य अधिकारियों ने 135 विद्यार्थियों को प्रदान की। जूम मीटिंग के जरिए आर्य समाज अमेरिका के विद्वान अधिकारियों विश्रुत आर्य, भुवनेश खोसला ने छात्र-छात्राओं को जीवन क्षेत्र में आगे बढ़ाने के साथ देश का गौरव बढ़ाने की प्रेरणा भी दी। इस अवसर पर पिछले 5 वर्षों से सहायता पा रहे स्पेशल बच्चों ने अपने अनुभव भी साझा किए।


## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

विज्ञा. सं. 13/2024 प्रकाशन की तिथि : 20.04.2024

आयोग वास्तुकला विभाग, हरियाणा में असिस्टेंट आर्किटेक्ट (ग्रुप-बी) के पदों हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। पदों का श्रेणी वार ब्रेक-अप निम्नानुसार है :-

| सामान्य | एससी | बीसी-बी | ईडब्ल्यूएस | कुल | पीडब्ल्यूबीडी (लोकोमोटर अक्षमता अथवा सेरेब्रल पाल्सी) |
|---|---|---|---|---|---|
| 04 | 02 | 01 | 01 | 08 | 01 |

(ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 20.04.2024
(बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि : 11.05.2024
(सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 11.05.2024

अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।

दिनांक : 19.04.2024
हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
संवाद विज्ञा. सं.-1156/13/250/2025/26151/88/7 दि. 22.04.24 पंचकूला



## IndusInd Bank

Office address: 43, Bhageria House, New Friends Colony, New Delhi - 25

**Hypothecated Repossessed Vehicle Auction/Sale Notice to General Public**

IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Specification on "AS IS WHERE IS BASIS" Vehicle's Model & Registration No. Given Below

| Deal No | Customer Name | Registration No | Engine No | Chassis No | Model | Year of Mfg |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DAA02449G | RAMAKANT | UP80GT5543 | G12BN1171873 | MA3EZLF1T00259526 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2022 |
| DAS00694G | MUKESH | DL1LAH3162 | 275CNG17GXXS92167 | MAT556002NVG39112 | Tata Ace Gold Cng Bs Vi | 2022 |
| DAS00762G | PARSHURAM | Un Registered | 275CNG17JXXSC4674 | MAT556002NVJ52019 | Tata Ace Gold Cng Bs Vi | 2022 |
| DAS00929G | RAHUL | DL1LAL4706 | 275CNG17CWXS32592 | MAT556002PVC14455 | Tata Ace Gold Cng+ Bsvi | 2023 |
| DAS00980G | PARAG | DL1LAL2199 | 275CNG17CWXS36010 | MAT556002PVC15886 | Tata Ace Gold Cng Bs Vi | 2023 |
| DNG02136G | H MOHSIN | DL1LAE6974 | 275CNG17AYXK01943 | MAT556002MVA03591 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2021 |
| DNG02492G | S RANJEET | DL1LAG5202 | 275CNG17AXXS10367 | MAT556002NVA04452 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DNG02644G | S POOJA | DL1LAL0740 | 275CNG17JXXSC6810 | MAT556004NVJ53106 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DNG02631G | R VIJAY | DL1LAH8759 | 275CNG17GXXSA7253 | MAT556004NVH45280 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DDU03981G | PINKU | HR55AP4268 | TXTCSL13012723 | MBX0008LB1M249739 | APE XTRA HT LDX+ CNG PU Bs6 | 2023 |
| DUZ01112G | Gufran | UP15FT6086 | 275CNG17NYXSB0694 | MAT556002MVN57102 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DUS00263G | BINDER | UP19AT0599 | 275CNG17JXXSC2270 | MAT556002NVJ51211 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DMM03654G | SUSHIL | UP15GT2032 | 275CNG17KXXSE3099 | MAT556002NVK59591 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2023 |
| DAB00835G | RINA | UP13CT8119 | TXTCSD23014088 | MBX000AFB2D287959 | APE XTRA HT LDX+ CNG PU BS6 | 2023 |
| DAB00751G | UPKAR | UP13CT5104 | 275CNG17NXXSG0333 | MAT556002NVN67345 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2023 |
| DMM03319G | ABHISHEK | UP15FT7158 | 800CCDI02EXXS61534 | MAT535315NYE21267 | TATA INTRA V10 BS VI | 2022 |
| DAL01511G | BHOLA | UP86AT1204 | 700CCDI02AWXS05192 | MAT559029PVA03140 | TATA ACE GOLD DIESEL BS VI | 2023 |
| DAM04053G | MAHENDRA PRATAP SINGH | UP85BT8582 | AZYWKE61002 | MD2B17AY3KWE09514 | BAJAJ MAXIMA Z CNG | 2019 |
| DAM04980G | BABLU | UP85CT4512 | AZXWMJ07135 | MD2B17AX0MWJ18024 | BAJAJ MAXIMA Z CNG BS VI | 2022 |
| DAM05698G | DEEPAK | UP86AT0912 | AZXWNH97168 | MD2B7AX2NWH95930 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| DAM06519G | SUNNY | UP85ET0780 | JSYF23030641 | MCHJSAJU23F005548 | JSA E-RICKSHAW | 2023 |
| UHM02130G | S DHARMENDRA | UP22AT0655 | 275IDI07BSYS19658 | MAT445553HZB06162 | TATA ACE DIESEL | 2017 |
| UYN00571G | A WAHID | UP24AT4981 | AMBCSK13010702 | MBX0007CF1K236556 | APE PAX 230CC CITY + CNG BS6 (2023) | 2022 |
| UBS01404G | VIRENDRA | UP27BT4564 | XUN6025433 | MA1FN2XURN6G64829 | MAHINDRA SUPRO MINI VX BS 6 | 2023 |
| UBS01271G | DEVENDER | UP27BT2184 | 700CCDI02BXXS20672 | MAT559029NYB06943 | TATA ACE GOLD DIESEL BS VI | 2022 |
| UBS01267G | RAMVARAN | UP27BT2143 | TD3CSD13008611 | MBX0007MFID178869 | PIAGGIO APE XTRA HT LDX CNG PU Bs6 | 2022 |
| UBS01264G | SHYAM BIHARI | UP27BT2066 | AMBCSBZ3006596 | MBX0007CF1B163546 | PIAGGIO APE XTRA HT LDX CNG PU Bs6 | 2022 |
| ULY04584G | MR.A SAKIR | UP25FT1299 | LF4LN4200534 | MD6M1LCF6N4L00389 | TVS KING ZD225 LC FI CNG Bs6 | 2022 |
| ULY04918G | MR.P RAMGOPAL | UP25GT0739 | LF4KP4300544 | MD6M1LCF8P4K00426 | TVS KING ZD225 LC FI CNG Bs6 | 2023 |
| ULY04724G | MR.K IDDE | UP25FT4489 | LF4BP4100521 | MD6M1LCFXP4B00427 | TVS KING ZD225 LC FI CNG Bs6 | 2023 |
| ULY04807G | MR.K TASLEEM | UP25FT6427 | LF4EP4500171 | MD6M1LCF2P4E00169 | TVS KING ZD225 LC FI CNG Bs6 | 2023 |
| ULY04651G | P MUNISH | UP25FT4183 | LF4KN4500200 | MD6N1LCF1N4K00043 | TVS KING ZK FI KARGO DECK BS6 CNG | 2023 |
| DMM03467G | SHER KHAN | UP15FT8530 | 700CCDI02EXXS72733 | MAT559029NYF27615 | TATA ACE HT PLUS BSVI | 2022 |
| DAS03939L | S SUMIT | DL1LAA5925 | EAJ1B14872 | MA1ZP2EAKJ1B25637 | MAHINDRA BOLERO MAXI TRUCK PLUS BS-IV | 2022 |
| DDM00775L | M PARMILA | HR46F9687 | MHEZ408606 | MB1A3GCD5MRHM7593 | AL 1615 HE 4750 MM HSD SLR CAB Bs6 | 2021 |
| DDM00943L | S AJAB | DL1LAG9122 | 3.8SGI79CXX806066 | MAT810002N8C06334 | TATA 709G LPT DCR 38 HSD 85 BS VI | 2022 |
| DDM01318L | K SARVESH | DL1LAL3499 | E416NCPF438617 | MC2EGFRC0PF530713 | EICHER PRO 2059 XP HSD CNG BS 6 | 2023 |
| DDZ02732L | J MD JULKAR | DL1LAH9010 | UKN1E24219 | MA1ZP2UKKN1E47901 | BMT PLUS CNG PS BS VI | 2022 |
| DSG00476L | B SANT | DL1LAH8242 | UKN1G26832 | MA1ZN2UKKN1G68717 | BOLERO PIK-UP CNG PS BS VI | 2022 |
| DDF01980D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GD1904 | E426CDMH356678 | MC2CASRF0MH072132 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2021 |
| DDF01981D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GD1882 | E426CDMH356700 | MC2CASRF0MH072140 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2021 |
| DDF01982D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GD1890 | E426CDMH356699 | MC2CASRF0MH072149 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2021 |
| DDF02611D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GC9917 | E426CDLJ328768 | MC2CASRF0LK067102 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2020 |
| DDF02613D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GC9914 | E426CDLK330097 | MC2CASRF0LK067250 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2020 |
| DDF02614D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GC9913 | E426CDLK329939 | MC2CASRF0LK067212 | EICHER PRO 019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2020 |
| DDF02618D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GC9915 | E426CDLK330040 | MC2CASRF0LK067247 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2020 |
| DDF02622D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GC9903 | E426CDLK330109 | MC2CASRF0LK067259 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2020 |
| DDF02624D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GC9918 | E426CDLK329838 | MC2CASRF0LK067194 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2020 |
| DDF02625D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GC9926 | E426CDLK329841 | MC2CASRF0LK067190 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2020 |
| DDF02628D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GC9910 | E426CDLK329764 | MC2CASRF0LK067173 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2020 |
| DDF02629D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GC9923 | E426CDLK329936 | MC2CASRF0LK067213 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2020 |
| DDF02630D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GC9906 | E426CDLK330001 | MC2CASRF0LK067214 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2020 |
| DDM03274D | K ASLAM | HR55AN2622 | 3.3LNGD06NXX533058 | MAT563010NAN12268 | TATA LPT 1512 HSD BS6 FBT | 2022 |
| DBR02410C | Shailesh | DL9CBB3493 | F8DN6792535 | MA3EUA61S00L54693 | MARUTI ALTO VXI | 2023 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 7 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

Place : New Delhi

Contact Person : Yogesh Saini, Mob.No: 8860862245

## हाईकोर्ट ने लगाया 75 हजार रूपये का जुर्माना

# सीएम केजरीवाल को जमानत देने का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए असाधारण अंतरिम जमानत का अनुरोध करने वाली एक विधि छात्र की जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी और याचिकाकर्ता पर 75,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। केजरीवाल कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं।

विवादों में घिरे आप नेता के वकील ने भी जनहित याचिका का विरोध करते हुए कहा कि केजरीवाल खुद कानूनी उपाय करने में सक्षम हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने टिप्पणी की कि यह याचिका 'उचित विचार करके दायर नहीं की गई' और अदालत उच्च पद पर आसीन किसी व्यक्ति को असाधारण अंतरिम जमानत नहीं दे सकती। पीठ ने कहा कि क्या याचिकाकर्ता कॉलेज में कक्षा में जाता है? क्या याचिकाकर्ता की उपस्थिती अच्छी है? ऐसा लगता है कि वह कानून के सिद्धांतों का पालन नहीं कर रहा। अदालत ने टिप्पणी की कि 'आप' नेता के पास अपने कानूनी विकल्पों का लाभ लेने के लिए कदम उठाने के साधन हैं और याचिकाकर्ता के पास उनकी ओर से दलीलें पेश करने के लिए कोई वकालतनामा नहीं है। उन्होंने याचिकाकर्ता से कहा कि आप कौन हैं? आप अपने आप के बारे में ज्यादा ही बढ़ा-चढ़ाकर सोच रहे हैं। आप कहते हैं कि आपके पास वीटो शक्ति है कि आप (यह सुनिश्चित करने के लिए) वचन देंगे (कि केजरीवाल गवाह को प्रभावित न करें)। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि समानता एवं कानून के शासन की अवधारणा संविधान में निहित है और केजरीवाल न्यायिक आदेश के तहत न्यायिक हिरासत में हैं और इस आदेश को चुनौती नहीं दी गई है। अदालत ने आदेश दिया, 'रिट याचिका 75,000 रुपये के जुर्माने के साथ खारिज की जाती है।'

केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील राहुल मेहरा ने कहा कि जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं है और याचिकाकर्ता का इस मामले में पक्षकार होने का कोई अधिकार नहीं है। याचिकाकर्ता के वकील ने इस आधार पर दिल्ली के मुख्यमंत्री के लिए असाधारण अंतरिम जमानत का अनुरोध किया कि केजरीवाल की सुरक्षा खतरे में है क्योंकि वह कट्टर अपराधियों के साथ जेल में बंद हैं। जनहित याचिका में कहा गया है कि मुख्यमंत्री की जिम्मेदारियों को पूरा करने, सभी मुद्दों पर त्वरित निर्णय लेने और बड़े पैमाने पर जनता के कल्याण में आदेश पारित करने के लिए केजरीवाल का उनके कार्यालय और घर में मौजूद होना आवश्यक है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता का यह दावा कि उसके पास रियायत देने के लिए 'वीटो शक्ति' है, 'अजीब' है और यह सुनिश्चित करने के लिए कि वह अपनी रिहाई पर सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगे, एक राजनेता के पक्ष में निजी बांड देने की उसकी पेशकश और भी 'अधिक अजीब' है। अदालत ने याचिकाकर्ता से पूछा कि वह आपकी कोई मदद नहीं चाहते। आप कौन हैं? आप संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हैं? आपके पास वीटो शक्ति है? यदि आपने (अंतरिम जमानत देने का) फैसला किया है, तो आप (अदालत में) क्यों आए हैं? अदालत ने जनहित याचिका दायर करने के उसके अधिकार पर भी सवाल उठाया। याचिका में यह भी कहा गया है कि याचिकाकर्ता ने ईडी और सीबीआई द्वारा केजरीवाल के खिलाफ दर्ज सभी आपराधिक मामलों में मुख्यमंत्री को अपने 'वीटो अधिकार' का इस्तेमाल करके तब तक असाधारण अंतरिम जमानत पर रिहा कराने का फैसला किया है जब तक उनका कार्यकाल और मामले में सुनवाई पूरी नहीं हो जाती। याचिकाकर्ता विधि छात्र है। उसने अपनी याचिका में अपना नाम हम, भारत के लोग बताते हुए दावा किया कि वह इस मामले से कोई नाम, प्रसिद्धि या पैसा नहीं चाहता।

## केजरीवाल ने तिहाड़ प्रशासन को लिखा पत्र, रोजाना कर रहा हूं इंसुलिन की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को तिहाड़ जेल के अधीक्षक को पत्र लिखकर दावा किया कि वह रोजाना इंसुलिन की मांग कर रहे हैं और एम्स के चिकित्सकों ने कभी नहीं कहा कि उनकी सेहत को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है। केजरीवाल के इस पत्र से एक दिन पहले तिहाड़ प्रशासन ने एक बयान जारी कर कहा कि उन्होंने 20 अप्रैल को केजरीवाल की एम्स के वरिष्ठ विशेषज्ञों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की व्यवस्था की थी जिस दौरान ना तो केजरीवाल ने इंसुलिन का मुद्दा उठाया और ना ही डॉक्टरों ने ऐसी कोई सलाह दी। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव में तिहाड़ जेल प्रशासन झूठ बोल रहा है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री के आरोपों पर तिहाड़ जेल के अधिकारियों से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने केजरीवाल के इस पत्र को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के अपने हैंडल पर साझा किया है। मुख्यमंत्री ने जेल अधिकारियों के इस दावे को खारिज कर दिया कि उन्होंने डॉक्टरों के साथ परामर्श में कभी इंसुलिन का मुद्दा नहीं उठाया। उन्होंने पत्र में लिखा कि यह झूठ है। मैंने 10 दिन तक हर दिन, कई बार इंसुलिन के मुद्दे को उठाया है। मेरे सामने जो भी चिकित्सक आए, उन्हें मैंने अपना उच्च शर्करा स्तर दिखाया। मैंने उन्हें दिखाया कि हर दिन तीन बार शर्करा स्तर बढ़ता है और 250 से 320 के बीच रहता है। उन्होंने कहा कि मैंने उन्हें यह भी दिखाया कि खाली पेट मेरा शर्करा स्तर हर दिन 160 से 200 की रेंज में था। लगभग रोजाना मैंने इंसुलिन की मांग की। तो फिर आप यह बयान कैसे दे सकते हैं कि मैंने कभी इंसुलिन का मुद्दा नहीं उठाया? दिल्ली के मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में तिहाड़ प्रशासन के इस बयान का भी विरोध किया कि एम्स के चिकित्सकों ने आश्वासन दिया कि उनके शर्करा स्तर को लेकर कोई गंभीर चिंता की बात नहीं है। केजरीवाल ने दावा किया कि एम्स के डॉक्टरों ने कभी ऐसा कोई आश्वासन नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वे सभी चीजों को देखेंगे और फिर अपनी सलाह देंगे। केजरीवाल ने कहा कि वह अखबारों में जेल अधिकारियों के बयान पढ़कर आहत हुए।

आम आदमी पार्टी ने तिहाड़ प्रशासन पर मधुमेह से ग्रस्त केजरीवाल को इंसुलिन नहीं देने का आरोप लगाया। पार्टी ने यह आरोप भी लगाया कि उनकी 'हत्या' की साजिश रची जा रही है। तिहाड़ प्रशासन ने रविवार को एक बयान में कहा कि एम्स के वरिष्ठ विशेषज्ञों ने 20 अप्रैल को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से केजरीवाल को परामर्श प्रदान किया। एक जेल अधिकारी ने कहा कि लगभग 40 मिनट के विस्तृत परामर्श के बाद, केजरीवाल को आश्वासन दिया गया कि कोई गंभीर चिंता नहीं है और उन्हें निर्धारित दवाएं जारी रखने की सलाह दी गई, जिसका मूल्यांकन और समीक्षा नियमित रूप से की जाएगी। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के अनुरोध पर तिहाड़ जेल प्रशासन द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस की यह व्यवस्था की गई थी।

## केजरीवाल को एम्स के डॉक्टर को दिखाया, यह सरासर झूठ : आतिशी

**नई दिल्ली।** सीएम अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन न मिले इसलिए ईडी और तिहाड़ प्रशासन कोर्ट को गुमराह कर रही है। आप नेता आतिशी ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता के माध्यम से भाजपा की पोल खोलते हुए उक्त आरोप लगाए। उन्होंने साझा किया कि भाजपा की ईडी और जेल प्रशासन ने कोर्ट में कहा कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल को एम्स के डॉक्टर को दिखाया, यह सरासर झूठ है। ईडी और तिहाड़ प्रशासन द्वारा कोर्ट में पेश होने तक केजरीवाल का एम्स के किसी डायबिटीज स्पेशलिस्ट से कंसल्टेशन नहीं करवाया गया। ईडी और तिहाड़ प्रशासन ने इन्सुलिन रोकने के लिए कोर्ट में दलील दी कि अरविंद केजरीवाल डाइट चार्ट फॉलो करेंगे तो उन्हें न अपने डॉक्टर से कंसल्ट करने और न ही इन्सुलिन लेने की जरूरत होगी जबकि कोर्ट में जो डाइट चार्ट पेश किया वह एम्स के किसी डायबटिक स्पेशलिस्ट ने नहीं बल्कि न्यूट्रिशियन विभाग की एक न्यूट्रिशनिस्ट ने बनाया था।

आतिशी ने कहा कि 30 साल से गंभीर डायबिटीज के मरीज अरविंद केजरीवाल की इन्सुलिन रोकने के लिए एम्स के एक सामान्य से डाइट चार्ट को कोर्ट में आधार बनाया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि अरविंद केजरीवाल जिनका ब्लड शुगर लेवल 300 से ऊपर है, जिनका ईडी कस्टडी में शुगर लेवल 45 तक पहुंच गया था, क्या उनके लिए ईडी और तिहाड़ प्रशासन एम्स से ये कंसल्टेशन कर रही है? उन्होंने कहा कि भाजपा की ईडी-तिहाड़ प्रशासन कोर्ट और पूरे देश को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। केजरीवाल अपने डॉक्टर से बात न कर सके, इन्सुलिन न ले सके इसलिए ये पूरा षड्यंत्र रच जा रहा है।



### एम्स के डॉक्टर बतायेंगे कि अरविंद केजरीवाल को क्या चाहिए?

आतिशी ने कहा कि भाजपा की ईडी और तिहाड़ प्रशासन के वकीलों ने कोर्ट में दलील दी कि हम एम्स के डॉक्टर बतायेंगे कि अरविंद केजरीवाल को क्या चाहिए? एम्स के डॉक्टर देश के सबसे अच्छे डॉक्टर है और अगर वो कह रहे है कि, अरविंद केजरीवाल डाइट चार्ट फॉलो करेंगे तो उनको न अपने डॉक्टर से बात करने की जरूरत है, न ही स्पेशलिस्ट डॉक्टर से बात करने की जरूरत है और न ही इंसुलिन लेने की ज़रूरत है।

### एम्स के किसी भी डॉक्टर से नहीं लिया था परामर्श

आतिशी ने कहा कि, ईडी और तिहाड़ प्रशासन ने जब अपनी दलीलों में एम्स के डॉक्टरों की बात कही तब तक उन्होंने अरविंद केजरीवाल की एम्स के किसी भी डॉक्टर से कंसल्टेशन नहीं करवाई थी, उन्हें न किसी डॉबटोलिजिस्ट से दिखाया था। यहाँ तक कि तिहाड़ प्रशासन ने 2 दिनों पहले तक एम्स से डॉबटोलिजिस्ट की मांग तक नहीं की थी। ईडी और तिहाड़ प्रशासन द्वारा कोर्ट में कहा गया था कि, उन्होंने एम्स के डॉक्टरों से कंसल्ट किया लेकिन हक़ीक़त ये है कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल को एम्स के किसी भी डॉक्टर से कंसल्ट नहीं करवाया।

### किसने बनाया ये डाइट चार्ट : आतिशी

आतिशी ने कहा कि, कोर्ट में तिहाड़ प्रशासन ने कागज दाखिल किया कि एम्स के बड़े डॉक्टरों ने, डायबटीज़ स्पेशलिस्ट ने अरविंद केजरीवाल की डाइट चार्ट बनाई है और कहा है कि यदि उन्होंने इस डाइट चार्ट को फॉलो किया तो उन्हें इन्सुलिन की जरूरत नहीं होगी। एम्स के इस कागज के आधार पर अरविंद केजरीवाल की इन्सुलिन का विरोध किया। अब सवाल ये है कि ये डाइट चार्ट किसने बनाया? क्या ये एम्स के डायबटोलाइजिस्ट या किसी डायबटीज़ स्पेशलिस्ट ने बनाया? नहीं। हक़ीक़त ये है कि ईडी एम्स के न्यूट्रिशियन विभाग से एक स्टैंडर्ड डाइट चार्ट उठाकर ले आई।

### केजरीवाल की चिकित्सकीय जांच के लिए एम्स गठित करे मेडिकल बोर्ड : अदालत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चिकित्सकीय जांच करने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया। बोर्ड यह तय करेगा कि केजरीवाल के रक्त में शर्करा की मात्रा को नियंत्रित करने के लिए इंसुलिन की जरूरत है या नहीं। साथ ही बोर्ड उनके स्वास्थ्य संबंधी अन्य पहलुओं पर भी गौर करेगा। सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो)और ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत ने केजरीवाल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस की मदद से अपने चिकित्सक से परामर्श लेने के लिए दाखिल अर्जी को खारिज करते हुए यह आदेश सुनाया। केजरीवाल ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि जेल में उन्हें इंसुलिन नहीं दी जा रही है, जिससे उनके रक्त में शर्करा का स्तर 'चिंताजनक' स्थिति तक पहुंच गया है।

## हाईकोर्ट ने ईडी के समन के खिलाफ केजरीवाल की याचिका 15 मई के लिए की सूचीबद्ध

**एजेंसी. नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जारी समन को चुनौती देने वाली उनकी याचिकाओं पर सुनवाई सोमवार को 15 मई के लिए सूचीबद्ध कर दी। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की पीठ ने एजेंसी की ओर से सौंपे गए जवाब पर आम आदमी पार्टी (आप) के नेता को प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए समय दिया है। इससे पहले, उच्च न्यायालय ने दंडात्मक कार्रवाई से उन्हें अंतरिम संरक्षण प्रदान करने से इनकार कर दिया था। केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने इस मामले में गिरफ्तार किया था। ईडी के वकील ने दलील दी कि याचिका का कोई महत्व नहीं रह गया है क्योंकि केजरीवाल को धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि हलफनामा इन प्राथमिक मुद्दों पर है कि कैसे यह विषय (अब) महत्वहीन हो गया है।



एजेंसी के वकील ने अदालत को बताया कि गिरफ्तारी को एक अलग याचिका में केजरीवाल ने चुनौती दी है और अपील अभी उच्चतम न्यायालय में लंबित है। यह याचिका उच्च न्यायालय ने खारिज कर दी थी। पीठ में न्यायमूर्ति मनोज जैन भी शामिल रहे। पीठ ने पूछा कि अब इस विषय में क्या बच गया है। केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि वह ईडी के प्रत्युत्तर पर जवाब दाखिल करेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि धन शोधन रोधी एजेंसी द्वारा की गई ''शुरूआती कार्रवाई'' कानून (धन शोधन निवारण अधिनियम) के अनुरूप नहीं थी। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने उन्हें ईडी द्वारा नौवां समन जारी किये जाने के मद्देनजर उच्च न्यायालय का रुख किया था। उस समन में, उनसे 21 मार्च को ईडी के समक्ष पेश होने को कहा गया था। उसी दिन शाम में उन्हें ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। वह अभी तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। संघीय एजेंसी का आरोप है कि मामले में अन्य आरोपी आबकारी नीति तैयार करने के लिए केजरीवाल के संपर्क में थे जिसे अब रद्द किया जा चुका है। यह भी आरोप है कि इस नीति के परिणामस्वरूप आरोपियों को फायदा हुआ और इसके बदले में उन्होंने आम आदमी पार्टी को रिश्वत दी थी।

## कांग्रेस के तीनों उम्मीदवार लोकसभा चुनाव में प्राप्त करेंगे विजय : लवली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के तीनों लोकसभा उम्मीदवार इस चुनाव में अभूतपूर्व विजय प्राप्त करेंगे। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दिल्ली से कांग्रेस के तीनों उम्मीदवार चांदनी चौक लोकसभा सीट से जय प्रकाश अग्रवाल, उत्तर पश्चिम दिल्ली से डॉ. उदित राज और उत्तर पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार का परिचय कराते हुए उक्त दावा किया और चुनाव में पार्टी की प्राथमिकता बताई। उन्होंने कहा कि जय प्रकाश अग्रवाल जहां दिल्ली वरिष्ठ नेता होने के साथ पूर्व सांसद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे है, वहीं डॉ. उदित राज एक बड़े दलित नेता है, जो दलितों के अधिकारों की लड़ाई मुखर होकर लड़ते है। डॉ. उदित राज उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से 2014 में सांसद भी रहे हैं और उत्तर पूर्वी लोकसभा सीट से कन्हैया कुमार जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष रहे हैं और भाजपा की तानाशाह के खिलाफ अग्रसर होकर विपक्ष की लड़ाई लड़ रहे है।

अध्यक्ष लवली ने कहा कि पिछले 10 वर्षो के भाजपा के कुशासन और गलत नीतियों के चलते दिल्ली सहित पूरे देश की जनता त्रस्त है। भाजपा शासन में देश में 45 वर्षों का बेरोजागारी का रिकार्ड तोड़ दिया है। गरीब और गरीब हो रहा है और पूंजीपति और अमीर हो रहे है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति उत्पीड़न भाजपा के समय में चरम पर है। दिल्ली में भाजपा के सांसदों ने जनता के हितों के लिए कोई काम नहीं किया और नकारा साबित हुए। प्रेसवार्ता में प्रदेश अध्यक्ष लवली के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व चुनाव प्रबंधन और काओर्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन सुभाष चौपड़ा, लोकसभा सीटों से कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश अग्रवाल, डॉ. उदित राज और कन्हैया कुमार, पूर्व विधायक, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, निगम प्रभारी जितेन्द्र कुमार कोचर और कम्युनिकेशन विभाग के वाईस चेयरमैन अनुज आत्रेय भी मौजूद थे। सुभाष चौपड़ा ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर आए प्रेस के लोगों धन्यवाद किया।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी उम्मीदवार उदित राज के नामांकन का किया विरोध



**एजेंसी. नई दिल्ली।** कांग्रेस की दिल्ली इकाई के कुछ कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पार्टी द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से पाला बदलकर आए उदित राज को उत्तर पश्चिमी दिल्ली से लोकसभा उम्मीदवार चुने जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर पार्टी कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और मौजूदा लोकसभा चुनावों में कांग्रेस द्वारा मैदान में उतारे गए उदित राज के खिलाफ नारे लगाए। उदित राज ने 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के रूप में उत्तर पश्चिम दिल्ली सीट जीती थी। वर्ष 2019 के चुनावों में भाजपा द्वारा उन्हें टिकट नहीं दिया गया, जिसके बाद वे कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि एक स्थानीय पार्टी नेता को उत्तर पश्चिम दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कई कार्यकर्ता यहां एकत्र हुए हैं। हमें उम्मीद थी कि पार्टी किसी स्थानीय पार्टी नेता को टिकट देगी, जो आगामी चुनावों में भाजपा को कड़ी टक्कर देगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस की दिल्ली इकाई के प्रमुख अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी में सभी को अपनी आवाज उठाने की इजाजत है। अरविंदर सिंह लवली ने पार्टी उम्मीदवारों कन्हैया कुमार, जेपी अग्रवाल और उदित राज के साथ पार्टी कार्यालय के अंदर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां हर किसी को अपनी आवाज उठाने की इजाजत है, इससे पता चलता है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकटों की काफी मांग है। उत्तर पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस द्वारा मैदान में उतारे गए कन्हैया कुमार ने 2019 का लोकसभा चुनाव बिहार के बेगूसराय से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार के रूप में लड़ा था।

### मतदान वाले दिन 20 से 30 प्रतिशत की छूट देंगे होटल, मोटल संचालक : एमसीडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर दिल्ली नगर निगम प्रशासन भी जुट गया है। करोल बाग और नजफगढ़ जोन में 20 प्रतिशत छूट देने की बात के बाद सोमवार को नरेला जोन के होटल, मोटल, रेस्ट हाउस के साथ ही रेस्टोरेंट संचालकों ने भी बाहर से दिल्ली में मतदान करने के लिए आने वाले मतदाताओं के लिए 20 से 30 प्रतिशत छूट देने की बात कही है। बता दें कि सोमवार को दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत नरेला जोन के उपायुक्त पवन कुमार की अध्यक्षता में नरेला जोन क्षेत्र में स्थित विभिन्न होटल, मोटल व गेस्ट हाउस के प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को एक बैठक आयोजन की और बैठक में उपस्थित हुए प्रतिनिधियों से आगामी 25 मई 2024 को चुनाव में इस जोन का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सुझाव मांगे गए। नरेला जोन के उप स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय हांडा ने बताया कि कई दुसरे जोनों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जोन में छूट दी जा रही है तो वहीं, मौजूद प्रतिनिधियों ने बताया कि 20-30 प्रतिशत छूट न केवल होटल में रहने के लिए अपितु खान-पान में भी दी जाएगी। हमारे इस छोटे से प्रयास से मतदान प्रतिशत नरेला क्षेत्र में भी बढ़ जाएगा।

### उपमहापौर पद से नरेंद्र कुमार ने वापस लिया नामांकन

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के महापौर एवं उपमहापौर के लिए प्राप्त नामांकनों मे से आम आदमी पार्टी के पार्षद नरेंद्र कुमार (वार्ड संख्या - 119 मंगलापुरी) ने सोमवार को उपमहापौर पद से अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है। दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि महापौर एवं उपमहापौर के चुनाव के लिए 26 अप्रैल 2024 को सदन की बैठक बुलाई गई है। बता दें कि नरेंद्र कुमार ने जब उपमहापौर पद के लिए नामांकन भरा था तब कहा जाने लगा था कि आम आदमी पार्टी में बगावत हो गई है।

### टाटा पावर-डीडीएल के सीईओ बने गजानन

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में 70 लाख की आबादी को बिजली सप्लाई करने वाली अग्रणी पावर यूटिलिटी टाटा पावर-डीडीएल ने सोमवार को गजानन संपतराव काले को कंपनी का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर/सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की है। उनकी नियुक्ति 19 अप्रैल, 2024 से प्रभावी हो गई है। टाटा पावर ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि काले की नियुक्ति के बारे में टाटा पॉवर के सीईओ एवं एमडी, डॉ प्रवीर सिन्हा ने बताया कि मैं गजानन का टाटा पावर-डीडीएल के नए सीईओ के तौर पर स्वागत करता हूं। बिजली वितरण के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाले काले निश्चित ही टाटा पावर-डीडीएल को कामयाबी की नई बुलंदियों पर ले जाएंगे। टाटा पावर में प्रेसिडेंट (टी एंड डी) संजय बांगा ने उनकी नियुक्ति पर बधाई देते हुए कहा कि गजानन डिसट्रिब्यूशन सेक्टर में अनुभवी प्रोफेशनल हैं जिनके पास अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड है। मुझे पूरा यकीन है कि उनके नेतृत्व में टाटा पावर-डीडीएल इंडस्ट्री में नए बेंचमार्क रचेंगे। वहीं, सीईओ की अपनी नई भूमिका के बारे में गजानन एस काले ने कहा कि मैं टाटा पावर-डीडीएल से जुड़कर खुद को सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

## खबर संक्षेप

### स्मैक के मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र कुमार की टीम ने नशा तस्करी के मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी दीपक को सेक्टर-15 ए से नशा तस्करी के मुकदमें में गिरफ्तार किया है। आरोपी के साथी रोहित को 20 फरवरी को 4.74 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी दीपक और रोहित एक साथ मिलकर नशा बेचने का काम करते थे।



### वाहन चोरी करने वाला बाइक सहित काबू

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा ऊंचा गांव प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज कुमार की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी जलाउद्दीन उर्फ हन्दु को अपराध शाखा टीम मुख्य सिपाही युनिस, रहिश, सिपाही अंकित व नीरज ने धौज बस स्टैण्ड से चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी से बरामद मोटरसाइकिल आरोपी ने कैली गांव से चोरी की थी।



### अवैध रिवाल्वर व जिंदा रोंद सहित आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-17 प्रभारी की टीम रिवाल्वर व जिंदा रोंद सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी उदयबीर नंगला इंक्लेव का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से नंगला से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से रिवाल्वर व 2 जिंदा रोंद बरामद हुए है।



### गौ माता की सेवा से बढ़ कर कोई सेवा नहीं

**गुरुग्राम ।** भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष नेहा शालिनी दुआ ने कहा कि गौ माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। हमें गौ सेवा के प्रति हमेशा तैयार रहना चाहिए। वे सेक्टर-36 स्थित हिमगिरी गौशाला में गायों को चारा व गुड़ खिलाने के बाद यह बातें कही। कहा कि पुराणों में गौ रूप में दर्शाया गया है। भगवान श्रीकृष्ण गाय की सेवा अपने हाथों से करते थे और इनका निवास भी गोलोक बताया गया है।



### फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बना कर युवक से ठगी

**गुरुग्राम ।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में दोस्त के नाम पर फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बना युवक से ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पंकज कनौजिया ने कहा कि उसके पास अनिल के नाम से इंस्टाग्राम आईडी से रुपए मांगे गए। इस आईडी पर उसके दोस्त की फोटो लगी थी। जिस पर पंकज ने दो बार में 35 सौ रुपए उसे ट्रांसफर कर दिए।



### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**गुरुग्राम ।** मानेसर एरिया में तेज रफ्तार वाहन की चपेट ने आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया । शिकायत में अजय नाथ ने कहा कि उसके पिता सिंधी नाथ खाना खाने के बाद वॉक पर निकले थे। एनएच-48 पर सर्विस रोड पर तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें कुचल दिया। हादसे को अंजाम देकर चालक वाहन लेकर फरार हो गया।



---

### इंस्पेक्टर उषा रानी ने टीम के साथ साइबर फ्रॉड के बारे में किया जागरूक, कहा-

# साइबर अपराधी शेयर मार्केट में निवेश करवाने के नाम पर लालच देकर लोगों के साथ कर रहे ठगी

» डीसीपी सेंट्रल के दिशा निर्देश के तहत सेन्ट्रल जोन के सेक्टर-16ए में महिला थाना सेंट्रल की टीम ने स्कूल के विद्यार्थियों को साइबर अपराधियों के बारे में जागरुक किया।

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

महिला थाना सेन्ट्रल प्रभारी उषा रानी ने टीम के साथ श्रद्धा मंदिर स्कूल सेक्टर-87 में छात्र-छात्राओं को साइबर फ्रॉड, महिला विरुद्ध अपराध एवं नशे के दुष्परिणाम संबंधित में झांकी निकालकर जागरुक करते हुए जानकारी प्रदान की।

डीसीपी सेंट्रल के दिशा निर्देश के तहत सेन्ट्रल जोन के सेक्टर-16ए में महिला थाना सेंट्रल की टीम ने स्कूल के बच्चो को जागरुक किया है। साइबर अपराधी शेयर मार्केट में निवेश करवाने के नाम पर आमजन के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। साइबर फ्रॉड मुख्यत लालच के कारण होता है साइबर ठग, पीड़ित को तुरंत कम रेट पर लोन देने का वादा करते है, शेयर मार्केट में मुनाफे के नाम पर, विदेश भेजने के नाम पर, लैप्स बीमा पॉलिसी का फुल रिटर्न दिलाने के नाम पर, टास्क पूरा करने के नाम पर, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने के नाम पर, लॉटरी लगवाने के नाम पर, घर बैठे कमाने के नाम पर, फ्री में गिफ्ट दिलाने के नाम पर, वाउचर जीतने के नाम पर, बैंककर्मी या किसी कंपनी के अधिकारी बनकर, बड़ी

व्हाट्सएप पर अनजान नंबर से विडियो कॉल को नजरअंदाज करें, साथ ही पुलिस को सूचना दें



#### बैक खाते, पैनकार्ड, आधार कार्ड की जानकारी किसी को न दें

अगर आपके पास किसी अनजान नंबर से किसी ऑफर व किसी प्राकर का लाभ देने के संबंध में कॉल आए तो सरकारी नंबर से जानकारी ले और अपनी गोपनीय जानकारी जैसे बैक खाते, पैनकार्ड, आधार कार्ड की गोपनीय जानकारी ना दे। अगर किसी सरकारी विभाग से कॉल आए तो, सरकारी नम्बर से सम्पर्क करके जानकारी ले, किसी विदेशी नम्बर से कॉल आए तो नजरअंदाज करे। व्हाट्सएप पर अनजान नम्बर से विडियो कॉल, कॉल आने पर नजरअंदाज करें। किसी के बहकावे में न आए क्योकि यूट्यूब चैनल को लाइक और सब्सक्राइब करने पर पैसे नही मिलते और न ही रिचार्ज फ्री होते है। इस तरह के मेसेज भेजने वाले नम्बर को ब्लैक लिस्ट में डालें और 1930 पर उनकी रिपोर्टिंग करें।

---

### भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर ने कहा-

# समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचा मोदी सरकार की नीतियों का लाभ

» किसान, मजदूर, व्यापारी, पिछड़ा, दलित हर वर्ग पीएम नरेंद्र मोदी में अपनी आस्था जता रहा है और तीसरी बार उन्हें देश का प्रधानमंत्री बनाना का संकल्प ले चुका है।

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि मोदी सरकार में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की नीतियों का लाभ पहुंचा है, किसान, मजदूर, व्यापारी, पिछड़ा, दलित हर वर्ग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में अपनी आस्था जता रहा है और तीसरी बार उन्हें देश का प्रधानमंत्री बनाना का संकल्प ले चुका है। गुर्जर एनआईटी विधानसभा के सेक्टर-52 में वरिष्ठ भाजपा नेता. आरएन सिंह के संयोजन में आयोजित समारोह में जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर फरीदाबाद भाजपा के लोकसभा संयोजक अजय गौड़, एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता यशबीर डागर, धर्मबीर भड़ाना, सतीश फागना, नरेश गोसांई, भाजयुमो जिलाध्यक्ष शोभित अरोड़ा, राजेश डागर, मुकेश अग्रवाल, कविन्द्र फागना, आदेश यादव सहित अनेकों भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश की सत्ता में सबसे ज्यादा समय तक रही कांग्रेस ने देश में भ्रष्टाचार को बढ़ाया, गरीब और और गरीब किया, जबकि पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का काम किया, लेकिन मोदी सरकार ने गरीबों की सुध ली और गरीबों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया। आज किसानों की आय दोगुनी हो गई है, अगर गरीब बीमार हो जाता है तो उसे आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निशुल्क इलाज मिलता है।

**खास बातें**

- कांग्रेस ने देश में भ्रष्टाचार को बढ़ाया
- गरीबों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया
- किसानों की आय दोगुनी की



#### मोदी सरकार में हर व्यक्ति को मिल रहा सम्मान

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हर व्यक्ति को उसका सम्मान दिया है और उसे आर्थिक रुप से सुदृढ करने का काम किया है। श्री गुर्जर ने लोगों से आह्वान किया कि अगर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो मोदी को पुनः देश का प्रधानमंत्री बनाएं ताकि भारत विश्व में और मजबूत शक्ति बनकर उभरे। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक आरएन सिंह ने कहा कि पूरे देश में मोदी के नाम की गूंज है। उन्होंने कहा कि एनआईटी क्षेत्र के कोने-कोने से आई यह भीड़ संकल्प ले चुकी है कि इस बार कृष्णपाल गुर्जर को वह दस लाख वोटों के अंतर से जिताकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजेंगे ।

---

### सुनील तेवतिया को इनेलो से लोकसभा प्रत्याशी, कहा-

# महंगाई व बेरोजगारी जैसे बड़े मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाकर मांगेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ⏩ बल्लभगढ़



बल्लभगढ़ की रियासत के अमर शहीद राजा नाहर सिंह के वंशज व उनके प्रपौत्र सुनील तेवतिया को इंडियन नेशनल लोकदल ने अपना फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र का उम्मीदवार घोषित किया है। चंडीगढ़ में घोषित उम्मीदवारों की सूची में जैसे ही सुनील तेवतिया का नाम आया वैसे उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और इनेलो समर्थक उनके निवास सेक्टर-3 राजा नाहर सिंह पैलेस पर एकत्रित होकर उनके परिवार को बधाई देने पहुंचे।

उनके पिता राजकुमार तेवतिया और इनेलो के साथ जुड़े रहे और सन 1991 में उन्होंने बल्लभगढ़ से विधानसभा का चुनाव भी इंडियन नेशनल लोकदल की टिकट पर लड़ा सुनील तेवतिया शुरू से ही राजनीतिक परिवार से जुड़े होने के चलते राजनीति में भाग लेते थे और उन्होंने अपनी राजनीति की शुरुआत अग्रवाल कॉलेज में छात्र संघ के चुनाव से की थी। बाद में वह युवा कांग्रेस से जुड़े , लेकिन पिछले साल पहले वह इंडियन नेशनल लोकदल से जुड़ गए और फिर अपने घर वापसी लौट आए।

#### » बैठक में तैयार करेंगे चुनाव की रणनीति

उन्होंने कहा कि चौधरी अभय सिंह चौटाला ने जो उन पर विश्वास किया है उसके लिए वह उनका धन्यवाद करते हैं कल जिला इनेलो एक बैठक होगी जिसमें इन पार्टी के सभी पदाधिकारी व जिला अध्यक्ष देवेंद्र चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र तेवतिया, महिला जिला अध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, युवा जिला अध्यक्ष व सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। आगे की योजनाओं को तैयार किया जाएगा। इसके बाद सभी विधानसभाओं में पार्टी पदाधिकारी के साथ जाकर लोगों से वोट की अपील करेंगे।

---

### आग लगने के कारणों का पता नहीं चला

## घर में आग लगने के बाद फंसे पति-पत्नी की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩ गाजियाबाद

टीला मोड़ थाना इलाके में एक घर मे आग लगने से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। फायर ब्रिगेड ने पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पति-पत्नी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि घटना टीला मोड़ थाना क्षेत्र के फरुखनगर में हुई है। पुलिस को सूचना मिली कि फर्रुखनगर के एक मकान में भीषण आग लगी है और उसमें पति-पत्नी फंसे हुए हैं।

सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा फायर ब्रिगेड को बुलाया। किसी तरह से आग में फंसे पति-पत्नी को निकाल गया, लेकिन दोनों ही बुरी तरह से झुलस गए। दम्पत्ति की पहचान 57 वर्षीय इरफान व उनकी पत्नी शमां जान 55 वर्ष के रूप में हुई। दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर दोनों की मौत हो गई। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



### एक मोबाइल व 1500 रुपए बरामद

## चोरी के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

पर्वतीय कॉलोनी पुलिस चौकी प्रभारी की टीम ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों में हरिओम तथा सूरज उर्फ छोटू का नाम शामिल है दोनों आरोपी फरीदाबाद के नंगला एनक्लेव पार्ट 2 के रहने वाले हैं। दोनों आरोपी नशेड़ी किस्म के व्यक्ति हैं जिन्होंने 20 अप्रैल की रात पर्वतीय कॉलोनी एरिया में घुसकर चोरी करने का प्रयास किया था जिसमें मकान मालिक को पता चलने पर उसने विरोध किया तो आरोपियों ने मकान मालिक पर हमला कर घर से मोबाइल और 5000 रुपए छीन कर ले गए थे। पीड़ित की शिकायत पर थाने में मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज और आसपास के लोगों से पूछताछ की गई तब जाकर पुलिस ने दोनों को पर्वतीय कॉलोनी एरिया से गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल तथा 1500 रुपए बरामद किए । पूछताछ के बाद दोनों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।




### विश्व पृथ्वी दिवस पर नगर आयुक्त ने पौधारोपण किया

## धरा को प्रदूषण मुक्त करते हुए स्वच्छ- सुंदर बनाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏩ गाजियाबाद

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कवि नगर जोन अंतर्गत स्थित संत कबीर नगर पार्क मे पौधारोपण किया ।

उन्होंने शहर वासियों को विश्व पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जन-जन को धरा को स्वच्छ और सुंदर बनाते हुए प्रदूषण मुक्त बनाए रखने की अपील भी की। इसी क्रम में जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए गाजियाबाद नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा लाल बत्ती चालू, गाड़ी बंद का अभियान भी चलाया।

मौके पर डॉक्टर अनुज उद्यान प्रभारी तथा शहर के कई गणमान्य




नागरिक भी उपस्थित रहे। अनुज ने बताया कि शहर में कई स्थानों पर प्लांटेशन किया गया इसी के साथ-साथ पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त बनाने तथा अन्य प्रदूषण से मुक्त बनाए रखने के लिए जागरूक भी किया गया। कई रेड लाइट पर गाजियाबाद नगर निगम की टीम ने उपस्थित होकर रेड लाइट चालू होने पर इंजन बंद करने की अपील भी शहर वासियों से/ राहगीरों से की, नगर आयुक्त के नेतृत्व में कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा सफाई अभियान भी चलाया तथा स्वच्छता का संदेश दिया जिसमें से अर्थ एनजीओ द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया।

---

### चाकू से गोदकर बुजुर्ग की कर दी थी हत्या

## हत्या के मामले में आरोपी को अपराध शाखा ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

एनआइटी नंबर-2 डी ब्लाक के एक घर में घुसकर बुजुर्ग व्यक्ति सतीश कुमार की चाकू से गोदकर हत्या करने के मामले मे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मृतक के बेटे को ड्यूटी से घर आने के बाद रात के समय वारदात के बारे में पता चला। सूचना मिलने पर थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम मौके पर पहुंची। उच्च अधिकारियों को वारदात के संबंध में अवगत कराया गया। पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा दिए गए कार्रवाई के आदेश के चलते मृतक के भाई चंदर प्रकाश की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की गई। मृतक का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले किया गया। आरोपी की पहचान सीसीटीवी कैमरे से करने के बाद उसे डीएलएफ एरिया से काबू किया गया है। पूछताछ में समाने आया कि वह बुजुर्ग के पास नशा करने गया था।



### शादी की खुशियां मातम में बदली, घायलों का चल रहा इलाज

## ट्रक से टकराई कार, दुल्हन की मौत, दो भाई, सहेली की हालत गंभीर

चाचा के घर जा रही थी दुल्हन

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

शादी की खुशियां उस समय मातम में तब्दील हो गई जब सुबह के समय कार ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में दुल्हन की सडक़ हादसे में मौत हो गई। उसके दो भाइयों और सहेली की हालत गंभीर बनी हुई है।

घायलों का दिल्ली के ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। जिस घर में शादी की खुशियां थी, वहां अब मातम पसर गया है। जानकारी के अनुसार फरीदाबाद-दिल्ली बॉर्डर पर मोल्डबंद में रहने वाली अंकिता मुथूट फाइनेंस कंपनी में काम करती थी। उसका परिवार मूल रूप से बिहार के वैशाली का रहने वाला है। सोमवार को यानी आज 22 अप्रैल को अंकिता की शादी मोल्डबंद में ही रहने वाले रजनीश के साथ होनी थी। रजनीश का परिवार भी मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। घर में रिश्तेदार जुटे थे और खुशी का माहौल था। परिवार बारात आने से पहले घर में होने वाली शादी की रस्में पूरी करने में जुटा हुआ था। अंकिता के मौसा मिथलेश कुमार ने बताया की सुबह चाचा सिया राम के घर विनय नगर फरीदाबाद में रस्म के चलते पूजा पाठ का कार्यक्रम था। इसमें भाग लेने के लिए अंकिता अपने भाई सुमंकित, चचेरे भाई निशांत कुमार व सहेली के साथ चाचा के घर जा रह थे। इस बीच सेक्टर 37 बाइपास रोड पर खड़े ट्रक से उनकी कार की टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि कार में सवार सभी चारों घायल हो गए। अंकिता, उसके भाइयों व सहेली को पास के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए लेकर जाया गया। जहां कुछ देर बाद अंकिता की ईलाज के दौरान मौत हो गई। तीनों घायलों को गंभीर हालत में दिल्ली के ट्रॉमा सेंटर में रेफर किया गया है। वहां पर उनका इलाज चल रहा है। अंकिता के चाचा सिया राम सिंह ने बताया कि भतीजी अपने माता-पिता के साथ मोल्डबंद में रहती थी। उसके शव का पोस्टमॉर्टम करवा कर पुलिस द्वारा उन्हें सौंप दिया गया है।





## खबर संक्षेप

### साथ रहना है तो पहले अपनी छोड़ो नौकरी

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में शादी के बाद एक महिला को सरकारी नौकरी लग गई।



महिला लेखपाल बन गई तो किसी और को नहीं बल्कि उसके ही परिवार को अखरने लगा। पति को पत्नी की सरकारी नौकरी रास नहीं आ रही है। उसने साफ कह दिया है कि साथ रहना है तो नौकरी छोड़नी पड़ेगी। यह मामला पुलिस के पास आया है। दोनों पक्ष काउंसलिंग के लिए बुलाए गए थे। फिलहाल कोई नतीजा नहीं निकला है।

### प्रत्याशी सत्यवीर सिंह पर धोखाधड़ी का मुकदमा

बरेली। तीसरे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले आंवला से सपा उम्मीदवार नीरज मौर्य बुरी



तरह से फंस गए हैं। उनके खिलाफ बसपा प्रत्याशी आबिद अली ने मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही सत्यवीर सिंह के खिलाफ भी धोखाधड़ी करने का केस दर्ज हुआ है। सत्यवीर के बसपा का फर्जी लेटर लगाकर नामांकन किया था, इसका खुलासा होने पर आरओ उनका नामांकन रद कर दिया था। फर्जी नामांकन को लेकर सत्यवीर ने सपा उम्मीदवार नीरज मौर्य की साजिश करार दिया।

### पिता ने बेटे की हत्या कर खेत में जलाया शव

बरेली। बरेली में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां चार दिनों से लापता युवक की



हड्डियां तालाब से बरामद हुई हैं। युवक की पत्नी के शक जताने पर पुलिस आरोपी पिता से पूछताछ कर रही थी। उसी की निशानदेही पर तालाब से हड्डियां बरामद की गई हैं। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से सबूत जुटाए हैं। आरोपी पिता का कहना है कि युवक की मौत हो जाने पर उसने उसका अंतिम संस्कार कर दिया था। जबकि युवक की बीवी ने ससुर पर हत्या कर शव जलाने का आरोप लगा रही है।

# अयोध्या में सब कुछ अद्भुत हो रहा है तो मतदान प्रतिशत भी होगा अद्भुत

बीएस लाठी ▸▸ अयोध्या

अयोध्या अद्भुत है यहां सब कुछ अद्भुत हो रहा है तो मतदान प्रतिशत भी अद्भुत होगा। फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन अद्भुत अयोध्या कैंपेन चलाएगा । अच्छा काम करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा

अयोध्या अद्भुत है ,यहां सब कुछ अद्भुत हो रहा है तो मतदान प्रतिशत भी अद्भुत होगा। फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन अद्भुत अयोध्या कैंपेन चलाएगा ।

अच्छा काम करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा । प्रत्येक विधानसभा में पांच बीएलओ, एक सुपरवाइजर नायब तहसीलदार, तहसीलदार व एसडीएम होंगे सम्मानित, वहीं लापरवाही करने वाले कर्मचारियों को दंडित किया जाएगा। स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता के साथ अन्य प्रतियोगिता भी आयोजित किए जाएंगे।

**खास बातें**

- अयोध्या कैंपेन चलाएगा जिला प्रशासन
- अच्छा काम करने वाले कर्मचारी होंगे सम्मानित




### बीएलओ करेंगे डोर टू डोर सर्वे, चौथे चरण में होगा मतदान

जिला निर्वाचन अधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि, स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत अद्भुत अयोध्या के नाम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पिछले चुनाव में जहां मतदान प्रतिशत कम था वहां सिस्टमैटिक ढंग से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अभियान चलाया जाए। वहां की समस्या, विसंगतियां और क्यों लोग वोट नहीं डाल पाते थे, इन सभी बातों को ध्यान में रखकर उसका निराकरण किया जाए। बीएलओ डोर टू डोर सर्वे कर मतदाताओं के पास एपिक कार्ड है या नहीं , इसकी जानकारी हासिल करेंगे। मतदान करने के लिए 13 आईडी का विकल्प दिया गया है। आईडी से संबंधित सारी जानकारी मतदाताओं को बीएलओ देंगे। वे डोर टू डोर मतदाता पर्ची बाटेंगे और मतदाताओं को बूथ पर किस तरह वोट डालना है , उसका डेमो भी देंगे। अयोध्या अद्भुत है, यहां सब कुछ अद्भुत हो रहा है, इसलिए वोटिंग का प्रतिशत को भी अद्भुत ही होना चाहिए। अयोध्या में 26 अप्रैल से नामांकन शुरू हो रहा है । यहां वोटिंग चौथे चरण में होगा।

### अलीगढ़ में बोले यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# विरोधियों पर अलीगढ़ का ताला लगाकर तीसरी बार पीएम मोदी को देश की सत्ता सौंपें

एजेंसी ▸▸ अलीगढ़

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी , बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस पर हिंदू धर्म की आस्था के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब अवसर आ गया है कि जनता चुनाव में इन दलों की किस्मत पर ताला लगाकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की सत्ता

**पहले चरण में जनता के मन में एक उत्साह और उमंग दिखी**

**अलीगढ़ को प्राप्त हुआ 'डिफेंस कॉरिडोर' ऐसे ही कई उपलब्धियां हैं यहां**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी , बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस पर हिंदू धर्म की आस्था के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब अवसर आ गया है कि जनता चुनाव में इन दलों की किस्मत पर ताला लगाकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश की सत्ता सौंपें।

मुख्यमंत्री ने 'ताला नगरी' अलीगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी जनसभा के अवसर पर अपने भाषण में कहा, 'जिन सपा, बसपा और कांग्रेस के लोगों ने आपको विकास से वंचित रखा, आपकी आस्था के साथ खिलवाड़ किया, आपकी सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया, अब अवसर आ गया है कि चुनाव के माध्यम से आप उनकी किस्मत पर अलीगढ़ का ताला लगाकर तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी को देश की सत्ता सौंपें।' उन्होंने कहा, 'हमने विकास, विरासत और गरीब कल्याण की जिन योजनाओं को पिछले 10 वर्षों के अंदर इस देश में मूर्त रूप लेते हुए देखा है, वह अभूतपूर्व है।

यह देश को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने के लिए, एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ के रूप में हम सबको प्राप्त हुआ है। इस सबके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक अवसर लोक सभा चुनाव 2024 हम सबको प्राप्त हुआ है।'

### 10 वर्षों के काम के आधार पर मिल रहा जनता का आशीर्वाद




*आदित्यनाथ ने दावा किया कि ''पूरे देश में पहले चरण के तहत 102 लोकसभा सीट पर जिस तरह का जनता के मन में एक उत्साह और उमंग दिखी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यों को ध्यान में रखकर जनता-जनार्दन का जो आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है, उसके आधार पर हम कह सकते हैं कि उत्तर प्रदेश के प्रथम चरण की आठ लोकसभा सीट पर विपक्षी दलों का खाता नहीं खुलने जा रहा है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी अलीगढ़ को 'डिफेंस कॉरिडोर' प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा, ''आपने अयोध्या देखी होगी। रामनवमी में भगवान राम का सूर्य तिलक और इस अद्भुत अवसर का आप सबको आनंद और गौरव प्रदान करने वाले प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी हम सबके सामने हैं।'*

### अलीगढ़ में नरेंद्र मोदी ने की यूपी के सीएम की तारीफ

**योगी जी जैसा साथी मेरे लिए गर्व की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि योगी जी जैसा साथी होना उन्हें गर्व की अनुभूति कराता है। पीएम मोदी ने अलीगढ़ लोकसभा सीट पर आयोजित विशाल रैली को संबोधित किया। इस दौरान कहा कि एक समय था, जब हमारी बहन-बेटियां घर से बाहर नहीं निकल पाती थीं। योगी जी की सरकार में अपराधियों में हिम्मत नहीं है कि वो नागरिकों का अमन चैन बिगाड़ें।

### भाजपा के सम्राट ने लगाई आरोपों की झड़ी

# अलकतरा पी गए,चारा खा गए देश को भ्रम डालना चाहते हैं




एजेंसी ▸▸ पटना

लोकसभा चुनाव के सियासी घमासान में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर चरम पर है।

भाजपा ने महागठबंधन के दलों पर जोरदार हमला बोला। कांग्रेस पार्टी और लालू यादव की पार्टी राजद पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे होने की बात कही तो लेफ्ट पार्टियों पर देश को कमजोर करने का आरोप लगाया। पटना में मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व नीतीश सरकार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने विपक्षी दलों पर आरोप पत्र जारी करते हुए देश को तोड़ने वाला अलायंस बनाने का आरोप लगाया। सम्राट चौधरी ने कहा कि विपक्षी दलों ने नाम बदलकर नकली राष्ट्रवाद की मुहिम चलाई है । पहले इनके गठबंधन का नाम यूपीए था। अब इन लोगों ने अपने एलाइंस का नाम आईएनडीआईए रख लिया है। ये लोग राष्ट्रवाद के नाम पर देश को भ्रम में डालना चाहते हैं। लोग कहते हैं कि श्रेष्ठ भारत का निर्माण और देश की प्रगति के लिए यह गठबंधन तैयार किया है कांग्रेस राजद और लेफ्ट पार्टी के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि जब इन लोगों ने अपना मेनिफेस्टो जारी किया तो स्पष्ट हो गया कि उनकी नीति और नियत राष्ट्र के लिए नहीं है। बल्कि वामपंथी दलों ने तो अपने मेनिफेस्टो में यहां तक कह दिया कि उनकी सरकार बनी तो सभी परमाणु हथियारों को समुद्र में डाल देंगे।

### यूपीए सरकार में कोयला व 2जी घोटाला हुआ

सम्राट चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 55 सालों तक इस देश में राज किया। उस दौरान कोयला घोटाला हुआ, 2जी घोटाला भी हुआ। इतना ही नहीं कांग्रेस पार्टी का जीजा जी घपला-घोटाला भी सामने आया। इसी तरह आरजेडी जब बिहार में सरकार में रही तो पार्टी के नेता और पदाधिकारी जानवरों का चारा खा गए तो कभी अलकतरा पी गए। बिहार के कल्याण के लिए कोई काम लालू प्रसाद जी ने लंबे समय तक राजनीति में रहने के बावजूद नहीं किया।

## पेज एक का शेष

### 17 साल के गुकेश ...

के आखिर में विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन से खेलेंगे। चेन्नई के 17 वर्ष के गुकेश के पिता ईएनटी सर्जन और मां माइक्रो बायोलॉजिस्ट हैं। गुकेश पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं। उन्होंने गैरी कास्पारोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा जो 1984 में 22 वर्ष की उम्र में विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने थे। ज्यादातर एथलीट्स के लिए जीत ही सबसे बड़ी प्रेरणा होती है, लेकिन इतिहास रचने वाले भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश उनमें से नहीं हैं। उनका कहना है कि सातवें दौर में फिरोजा अलीरजा से हारने के बाद उन्हें सबसे युवा कैंडिडेट्स शतरंज चैंपियन बनने की ऊर्जा और जीत की प्रेरणा मिली। इस जीत के बाद गुकेश को काफी बधाई संदेश आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी इस युवा चेस ग्रैंडमास्टर को बधाई दी है।

### हार से मुझे ऊर्जा ...

खूबसूरत पल है। मैं बहुत खुश हूं और सुकून है कि आखिर में मैं जीत गया।

### नतीजे आने से पहले ही...

गया। निलेश कुंभानी की उम्मीदवारी के लिए तीन प्रस्तावक थे। इनमें से एक थे जगदीश सावलिया, जो निलेश कुंभानी के बहनोई हैं। दूसरे थे ध्रुविन धामेलिया, जो निलेश के भांजे हैं। और तीसरे थे रमेश पोलरा, जो निलेश कुंभानी के बिजनेस पार्टनर हैं। निलेश की उम्मीदवारी वाले फॉर्म पर इन्हीं तीनों के हस्ताक्षर होने की बात निलेश ने चुनाव आयोग को बताई थी पर भाजपा नेता दिनेश जोधानी की ओर से सवाल उठाए गए कि निलेश कुंभानी के फॉर्म पर जिन तीन लोगों के हस्ताक्षर हैं, वो फर्जी हैं।

### बोले कांग्रेस उम्मीदवार ...

और लोग पार्टी से थे सोहेल खान। अजीत सिंह उमट, किशोर डायानी, बारैया रमेशभाई और भरत प्रजापति ने निर्दलीय पर्चा दाखिल किया था लेकिन 22 अप्रैल को नाम वापस लेने के आखिरी दिन इन सभी लोगों ने अपना-अपना नाम वापस ले लिया। और इस तरह से सूरत लोकसभा के चुनावी मैदान में सिर्फ एक ही उम्मीदवार बचा, जिनका नाम है मुकेश दलाल। और वो हैं भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार, जिनकी जीत का औपचारिक ऐलान भी हो चुका है। सूरत लोकसभा के इतिहास में ये पहला मौका है, जब वहां पर चुनाव नहीं होगा।

### हम नहीं हैं निलेश ...

निलेश कुंभानी का कोई भी प्रस्तावक आयोग के सामने नहीं पहुंचा। इस मसले पर निलेश कुंभानी ने कहा कि तीनों प्रस्तावकों से मेरी फोन पर बात हुई थी। तीनों ने ही कहा था कि वो नौ बजे तक कलेक्टर ऑफिस आ जाएंगे, लेकिन अब तीनों के ही फोन बंद आ रहे हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी का...

उत्साह भरेंगे। बता दें, विधानसभा चुनाव में भाजपा हरदा जिले की दोनों सीटें हार गई थी। हरदा जिला बैतूल लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। बुंदेलखंड की दमोह, खजुराहो, टीकमगढ़ के साथ बैतूल-हरदा और होशंगाबाद लोकसभा सीट के लिए भी दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है।

### बुंदेलखंड में 23 ...

अलग-अलग क्षेत्र में भी उनके अनुयायी हैं। इसीलिए, भाजपा दूसरे चरण के लिए बुंदेलखंड से प्रधानमंत्री की चुनावी रैली सागर से करा रही है।

### नाबालिग रेप पीड़िता ...

पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हमें बच्चों की सुरक्षा करनी होती है लेकिन कई मामले अपवाद के रूप में सामने आते हैं। अगर इस मामले में पीड़िता को गर्भ जारी रखने की इजाजत दी गई तो उनके लिए काफी परेशानी हो सकती है। बच्ची के लिए गुजरता हुआ हर एक घंटा भी अहम है। इससे पहले यह मामला हाईकोर्ट पहुंचा था। तब इस मामले में हाईकोर्ट ने गर्भपात को खत्म करने की इजाजत देने से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट का कहना था कि प्रेग्नेंसी को काफी समय हो गया है ऐसे में इसे हटाने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। पीड़िता की मां की ओर से सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में की गई। तब कोर्ट ने नाबालिक दुष्कर्म पीड़िता की मेडिकल जांच का आदेश दिया था। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट के सामने मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट पेश की गई। इसके बाद कोर्ट ने 14 साल की नाबालिग की गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए अनुच्छेद 142 के तहत अपनी अपरिहार्य शक्ति का प्रयोग किया।

### एफएसएसएआई ने एमडीएच ...

से जांच शुरू की है। एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों पर बैन लगने के बाद एफएसएसएआई अब भारत में इन मसालों के नए सैंपल की टेस्टिंग करेगा। इसके लिए एफएसएसएआई कंपनी की अलग-अलग मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट से सैंपल्स को उठा रही है। एफएसएसएआई से जुड़े सरकारी सूत्रों का कहना है कि वह सिर्फ एमडीएच और एवरेस्ट के मसाला सैंपल्स को कलेक्ट नहीं कर रहे हैं। बल्कि कुछ अन्य मसाला ब्रांड्स की यूनिट से भी सैंपल्स को इकट्ठा किया जा रहा है।एफएसएसएआई की ओर से ये भी कहा गया है कि उसकी तरफ से समय-समय पर मसालों और अन्य फूड आइटम्स की जांच की जाती है। लेकिन जिस कीटनाशक की मौजूदगी को लेकर एवरेस्ट और एमडीएच के मसालों को बैन किया गया है। वह उसकी जांच में पाए ही नहीं गए थे। बता दें हांगकांग और सिंगापुर ने अपने नागरिकों को एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ ब्लेंडेड मसालों के इस्तेमाल करने से रोक दिया है। हांगकांग और सिंगापुर के फूड सेफ्टी विभाग का कहना है कि इन कंपनियों कुछ मसाला मिक्स में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड की मौजूदगी है।

### मात्र 4 महीने में ...

अपने भव्य महल में विराजमान हुए हैं तब से लेकर अभी तक 1.5 करोड़ राम भक्तों ने रामलला के दर्शन किए हैं। चंपत राय ने बताया कि हर दिन एक लाख से अधिक लोग मंदिर में दर्शन करने के लिए आते हैं। अभी तक केवल भूतल का निर्माण ही पूरा हुआ है। मंदिर के चारों तरफ 14 मीटर चौड़ी सुरक्षा दीवार बनाई जा रही है और इस दीवार को परकोटा कहा जाता है। इस परकोटे में 6 और मंदिर बनाए जाएंगे। जिसमें भगवान शंकर, भगवान सूर्य, माता अन्नपूर्णा ,भगवान हनुमान का भी मंदिर होगा। राय ने बताया कि राम मंदिर में प्रभु राम के अलावा मंदिर परिसर में महर्षि वाल्मीकि, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य ,महर्षि वशिष्ठ के भी मंदिर बनाए जाएंगे। इसके साथ ही माता शबरी, माता अहिल्या, जटायु के भी मंदिर का निर्माण किया जाएगा. इसके साथ ही मंदिर परिसर में हरियाली को भी विकसित किया जाएगा।

### तीर्थयात्रियों के पंजीकरण ...

व हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए पंजीकरण कराया। पर्यटन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अब तक 12.48 लाख यात्री पंजीकरण करा चुके हैं। इसमें केदारनाथ के लिए 4,22,129, बदरीनाथ धाम के लिए 3,56,716, गंगोत्री धाम के लिए 2,31,983, यमुनोत्री धाम के लिए 2,19,619 और हेमकुंड साहिब के लिए 17,684 यात्रियों ने पंजीकरण कराया है।

### पिता के समझाने पर भी नहीं बनी बात

# 10वीं में 45% अंक आने के बाद तनाव में युवक ने लगा ली फांसी



एजेंसी ▸▸ गुमला

यहां एक युवक फांसी के फंदे से लटक गया। उसके मैट्रिक में सेकंड डिवीजन आए थे। वह अपने बड़े भाई से ज्यादा नंबर लाना चाहता था। दरअसल, सुरसांग थाना क्षेत्र के जरजट्टा तेतरडांड निवासी 15 वर्षीय आसित लकड़ा ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। आसित का रिजल्ट सेकंड डिवीजन 45 प्रतिशत आया था।

**लाना चाहता था भाई से ज्यादा नंबर**

रिजल्ट सेकंड डिवीजन होने के बाद वह काफी डिप्रेशन में आ गया था। आसित का बड़ा भाई अजय लकड़ा का मैट्रिक में 85 प्रतिशत रिजल्ट आया था। आशीष अपने बड़े भाई से बेहतर रिजल्ट लाने और आगे की पढ़ाई बेहतर कर अच्छा काम करने की बात घर में बोलता था। मैट्रिक का रिजल्ट अच्छा नहीं होने पर आसित के पिता ने उसे समझाया भी कि सेकेंड डिवीजन कोई खराब अंक नहीं है। इसमें टेंशन लेने की कोई बात नहीं है। बावजूद इसके आसित शनिवार की रात घर से निकल कर कहीं चला गया।

# भाजपा नेता विशेश्वर ओझा मर्डर केस में आया फैसला

भोजपुर। साल 2016 में भाजपा नेता विशेश्वर ओझा हत्याकांड में भोजपुर कोर्ट का फैसला आ गया है। अदालत ने दो सगे भाइयों बृजेश मिश्रा व हरेश मिश्रा को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोनों पर 85 - 85 हजार का जुर्माना भी ठोका गया है। इस मामले में अन्य पांच दोषियों को 10 साल जेल और 35-35 हजार रुपए का अर्थ दंड दिया गया है, जबकि सबूत के अभाव में 6 आरोपियों को कोर्ट बरी कर चुका है। आरा कोर्ट के अपर लोक अभियोजक मानिक कुमार सिंह ने बताया कि एडीजे 8 की अदालत ने इस मामले में फैसला दिया। इस केस में सात को दोषी करार दिया गया। दोषियों में हरेश मिश्रा, बृजेश मिश्रा, उमाकांत मिश्रा, टुन्नी मिश्रा, बसंत मिश्रा, हरेंद्र सिंह, पप्पू सिंह को दोषी पाया गया।

### गोड्डा का सीट पर भी बदला था प्रत्याशी

# झारखंड की एक और सीट पर प्रत्याशी बदलने की सुगबुगाहट

एजेंसी ▸▸ रांची



कांग्रेस ने प्रत्याशियों की एक नई लिस्ट जारी की थी। लिस्ट में झारखंड की दो सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया गया था। इसमें झारखंड की गोड्डा सीट पर कांग्रेस ने प्रत्याशी बदला था।

21 अप्रैल को उलगुलान न्याय महारैली के बाद कांग्रेस झारखंड से एक और प्रत्याशी बदलने का मूड बना चुकी है। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी में मंथन चल रहा है। झारखंड की चतरा सीट से पार्टी के कार्यकर्ता किसी स्थानीय प्रत्याशी की मांग कर रहे हैं। यहां से अभी कांग्रेस ने केएन त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाया है। 21 अप्रैल को झारखंड की राजधानी रांची में विपक्षी दलों का जुटान हुआ था। इस आयोजन में चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस कार्यकर्ता भी पहुंचे थे। महारैली के दौरान हंगामा हो गया था। बताया जा रहा है कि चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को लेकर वहां के कार्यकर्ता सहमत नहीं हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मांग है कि इस सीट से स्थानीय को मौका दिया जाए। कार्यकर्ताओं के हंगामे और मांग के बाद अब कांग्रेस पार्टी यहां से प्रत्याशी बदलने का प्लान कर रही है।

### खेल-खेल में मालगाड़ी के ऊपर चढ़ा था,आरपीएफ ने बचाई जान


लखनऊ में एक मासूम मालगाड़ी के पहियों के बीच जाकर बैठ गया और मालगाड़ी चल दी।

# मालगाड़ी के पहियों के बीच बैठकर मासूम ने तय किया लखनऊ से हरदोई तक का सफर

एजेंसी ▸▸ हरदोई

यूपी के हरदोई से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। दरअसल लखनऊ में रेलवे ट्रैक के किनारे एक मासूम बच्चा खेल-खेल में मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गया। वह जैसे ही पहियों के बीच जाकर बैठा वैसे ही मालगाड़ी चल दी।

बच्चा तमाम कोशिश करने के बावजूद भी नीचे नहीं उतर पाया और मालगाड़ी के पहियों के बीच ही फंसा रहा। वह यहां से चलकर कई किलोमीर दूर हरदोई तक जा पहुंचा। उधर, इस मामले की भनक लगते ही आरपीएफ ने बच्चे को बाहर निकाला। चेकिंग के दौरान किसी रेलवेकर्मी ने बच्चा मालगाड़ी के पहियों के



बीच फंसा हुआ दिखाई दिया। उसने आनन-फानन में इसकी सूचना आरपीएफ को दी। जिसके बाद रेलवे सुरक्षा बल के सिपाहियोंने मालगाड़ी को रुकवाकर बच्चे को पहियों से बाहर निकला। उसे आरपीएफ हरदोई पोस्ट पर लाया गया। जब बच्चे को रेस्क्यू किया गया तब वह काफी डरा सहमा हुआ था। बच्चे ने मालगाड़ी से लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तय की थी। पूछताछ के दौरान बच्चे ने अपना नाम अजय और पिता का नाम पूरन बताया। वह लखनऊ के आलमबाग के राजाजीपुरम के बालाजी मंदिर के पास रहता है। बच्चे के मुताबिक उसकी मां उसे छोड़कर कहीं चली गई है। वहीं पिता भीख मांगकर गुजारा करता है। बच्चे ने बताया कि वह खेल-खेल में मालगाड़ी के पहियों के बीच जाकर बैठ गया और तभी ट्रेन चल दी। हालांकि पुलिस ने पूछताछ के बाद बच्चे को चाइल्ड केयर सेंटर सुपर्द कर दिया। वहीं, बच्चे के रेस्क्यू का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह मालगाड़ी के ऊपर बैठा दिख रहा है वही आरपीएफ के जवान उसे बाहर निकालते दिख रहे हैं।

हरिभूमि
# सहेली
नई दिल्ली, मंगलवार
23 अप्रैल 2024





विशेषः विश्व पुस्तक दिवस, 23 अप्रैल

# जीवन को निखार देती हैं किताबें

कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

**किताबें पढ़ने का मतलब, नई-नई बातों की जानकारी, जीवन के हर पहलू से रू-ब-रू होना, जिंदगी जीने की कला सीखना। किताबें हमारी दोस्त बन हमारा अकेलापन दूर करती हैं, हमें स्वस्थ, जीवंत बनाती हैं। आइए, हम दिन-रात मोबाइल स्क्रीन की स्क्रॉलिंग ना करके, अपनी आदत किताबें पढ़ने की डालें, जीवन को निखारें, खुशियों से भरें।**

किताबें पढ़ना, खुद को हर तरह से समृद्ध करना है। कभी जिम्मेदारियों की भाग-दौड़ के चलते तो कभी मन की उलझनों के कारण, महिलाओं का किताबों से रिश्ता टूट जाता है। स्कूल-कॉलेज के समय खूब किताबें पढ़ने वाली लड़कियां भी एक समय के बाद काम-काजी जीवन की आपा-धापी या गृहस्थी की भाग-दौड़ में किताबों और शब्दों से रिश्ता नहीं रख पातीं। ऐसा नहीं होना चाहिए। किताबों से जुड़े रहने का रास्ता ढूंढ ही लेना चाहिए, क्योंकि किताबें पढ़ना, विचारों को समृद्ध करने से लेकर व्यक्तित्व के निखार तक, हर मोर्चे पर मददगार होता है। आप जीवन में जो भी भूमिका निभा रही हों, किताबों से मिला मार्गदर्शन और मनोबल मन को हिम्मत देता है। शब्दों का यह साथ जीवन को सार्थक दिशा देने वाला साबित होता है।

### विकसित होता है सार्थक नजरिया

महिलाओं के जीवन में एक मोड़ के बाद ठहराव-सा जाता है। ऐसे में ठहरे-से जीवन में भी सीखने-समझने की यात्रा जारी रखने के लिए किताबें बहुत अच्छी मित्र साबित होती हैं। किताबें तो जानकारियों का खजाना होती हैं। कुछ नया जानने-सीखने का रोमांच कायम रखती हैं। अकेलापन दूर करती हैं। मन को खुशी और संतुष्टि देती हैं। कहते हैं, 'हम खुशियां नहीं खरीद सकते पर किताबें खरीद सकते हैं। किताबें हमें खुशी देती हैं।' आज के उलझन भरे दौर में मन को खुशी देते हुए हमारे लिए सीखने-समझने का सफर जारी रखने वाली किताबें और जरूरी हो गई हैं। यूं भी कुछ नया जानना-सीखना मन को खुशी ही नहीं देता है, आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। इससे सकारात्मक सोच की सौगात हमारे हिस्से में आती है। रिश्तों और जिम्मेदारियों से जुड़ी आपा-धापी में अवसाद और अकेलापन, महिलाओं के लिए भी समस्या बन गया है। किताबें इन सबसे उबरने का बेहतरीन माध्यम हैं। साथ ही शब्दों से बने सुखद मेल-जोल से आप घर-परिवार संभालते या नौकरी करते हुए भी नीरसता भरी सोच से बची रहेंगी। इंसान की सोच और व्यवहार दोनों में नयापन जोड़ने वाली किताबें जीवन यात्रा को भी रोचकता, समझ और जानकारियों से भरपूर रखती हैं। पन्ने-दर-पन्ने जिंदगी से जुड़ी कितनी ही बातों से रू-ब-रू करवाती हैं किताबें। जिंदगी जीने का एक सार्थक नजरिया विकसित करती हैं किताबें।




### किताब को बनाएं अपना साथी

मन-मस्तिष्क को मांजने वाली पुस्तकों को अपनी सहेली-सा समझें। हर समय कोई किताब साथ रखना, किताब पढ़ना आसान कर देता है। चाहे पैरेंट-टीचर मीटिंग में अपनी बारी का इंतजार करना हो या किसी और जगह समय बिताने के लिए किताब पढ़ना सबसे अच्छा तरीका है। समय के सदुपयोग के साथ ही किताबें हमारे मन-जीवन को परिष्कृत करती हैं। एक अध्ययन के मुताबिक 6 मिनट पुस्तक पढ़ने से तनाव 75 प्रतिशत तक कम हो जाता है। इतना ही नहीं, किताबें पढ़ने से दिमाग की 'थॉट्स टू एक्शन' पावर यानी किसी काम को करने के लिए दिमाग में विचार आने की गतिविधियां भी तेज होती हैं। ज्ञान का दायरा बढ़ने के साथ ही, अपनी सोच को विस्तार मिलने से अच्छा और क्या हो सकता है। इसीलिए, हमेशा कोई किताब साथ रखें और उसे पूरा पढ़ने का एक मिशन बना लें। अपनी पसंद को प्राथमिकता देते हुए किताब का विषय चुनें। रुचि का कंटेंट पढ़ना, आपको पुस्तकों से जोड़े रखेगा। साथ ही अपने शौक के विषय को आप और बेहतर समझ पाएंगी।

### पास आएं किताबों के, स्क्रीन से बनाएं दूरी

समय अनमोल है। इसे सार्थक कार्यों में लगाने से अच्छा कुछ नहीं। यह जानने-समझने के बावजूद स्क्रीन स्क्रॉलिंग की आदत ने हमें किताबें पढ़ने की सार्थक गतिविधि से दूर कर दिया है। महिलाओं में भी पन्नों पर उतरे शब्दों के माध्यम से कुछ सीखने में रुचि घटी है। अब इस ओर लौटना आवश्यक है। पुस्तकों का साथ ज्ञान, मान, स्वास्थ्य और सुकून सब कुछ देता है। इसीलिए तकनीक से घिरी इस दुनिया में स्क्रीन स्क्रॉलिंग में समय गंवाने के बजाय यह वक्त किताब पढ़ने में लगाएं। शोधकर्ता न्यूरोसाइंटिस्ट बरोनेस सुसान ग्रीनफील्ड के मुताबिक, 'सोशल मीडिया और स्मार्ट गैजेट्स के इस दौर में किताबें पढ़ने की आदत दवा की तरह असर दिखा सकती है। किताबें पढ़ने से सोचने और किसी परिस्थिति को समझने की क्षमता बेहतर होती है। हमारा मन और मस्तिष्क दोनों जाने-अनजाने पढ़े जा रहे शब्दों के भाव से जुड़ाव महसूस करते हैं, उनके प्रभाव में आते हैं।' यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के एक अध्ययन के अनुसार किताब पढ़ने से भावनात्मक समझ बढ़ती है। महिलाओं के लिए यह समझ रिश्तों-नातों को समझने और अपनी बात समझाने में भी मददगार बन सकती है। घर बसा लेने या काम-काजी हो जाने का मतलब यह नहीं है कि कोई महिला अपनी वैचारिक समझ से दूर हो जाए। जितना आप अपने परिवेश और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी जानकारी रखेंगी, उतना ही बच्चे हों या बड़े, सबसे बेहतर संवाद स्थापित कर पाएंगी। साथ ही स्क्रीन स्क्रॉलिंग से होने वाली बहुत-सी मानसिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक समस्याओं से भी बची रहेंगी। ❁



### बच्चों को पुस्तकों से जोड़ें

**आपके किताबों** से जुड़ाव बनाए रखने का एक सकारात्मक असर यह भी होगा कि बच्चे भी पुस्तकें पढ़ने में रुचि लेंगे। अध्ययन बताते हैं कि माताओं की यह आदत बच्चों को भी पुस्तकों से जोड़ती है। यूं भी बच्चों का पूरा व्यक्तित्व और सोच अपनी मां की गतिविधियों से प्रभावित होता है। आपकी रीडिंग हैबिट छोटी उम्र से ही बच्चों में भी कोर्स की किताबों से इतर कुछ पढ़ने-गुनने में रुचि जगाएगी। बचपन में ही पुस्तकों के साथ बना रिश्ता उम्रभर बच्चों को किताबों से जोड़े रखता है। बच्चों को स्मार्ट गैजेट्स से दूर रखने के लिए भी उनकी रीडिंग स्किल्स और रुचि को बढ़ाना आवश्यक है। किताबों का साथ नई पीढ़ी को नुकसान पहुंचाने वाली बहुत सारी एक्टिविटीज से दूर रखता है। बच्चों के साथ बैठकर किताब पढ़ने से पैरेंट्स के साथ उनकी बॉन्डिंग भी मजबूत होती है। बच्चों का व्यक्तित्व निखरता है और इमोशनल इंटेलिजेंस बढ़ती है।

वर्किंग वूमेन / अंजू जैन



**हम यह मान लें कि अपने प्रोफेशन में बेहतर परफॉर्म कर रहे हैं, इससे और बेहतर करने की कोई जरूरत नहीं है, यह सोच गलत है। प्रोग्रेस के लिए जरूरी है, हम समय की डिमांड के अनुसार अपनी बेहतर से बेहतर परफॉर्मेंस दें।**

# आप बेहतर हैं लेकिन और ज्यादा बेहतर हो सकती हैं

अमृता को मीना ने एक साधारण-सी दोस्ताना सलाह दी तो वह चिढ़ गई। उसकी कुलीग मीना ने उससे बस इतना ही कहा था, 'अमृता, तुम और बेहतर ढंग से काम कर सकती हो, तुममें अच्छी क्षमता है। इससे वर्कप्लेस पर तुम्हारी बहुत ही शानदार और एक अलग इमेज बन जाएगी।' इस पर अमृता गुस्सा गई, बोली, 'क्या मैं तुम्हें अंडर परफॉर्मर या कामचोर लगती हूं? क्या ऑफिस में मेरी इमेज ठीक नहीं है?'

अमृता भूल गई कि हम चाहे कितने भी बेहतर परफॉर्मर और इंटेलीजेंट क्यों ना हों, लेकिन बेहतरीन की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। दुनिया के कामयाब लोग चाहे वे वैज्ञानिक, चिकित्सक, इंजीनियर, लेखक, प्रोफेसर या किसी भी क्षेत्र से जुड़े हों, ये सभी खूबसूरत मुकाम तभी हासिल कर पाते हैं, जब वे निरंतर अच्छे से अच्छा करने के लिए प्रयासरत रहते हैं, नित नई चीजें सीखने और अनुभव प्राप्त करने के लिए तत्पर रहते हैं। इसी तरह आप भी अपने करियर को नई ऊंचाई देने, व्यक्तित्व को निखारने के लिए कुछ उपाय अपना सकती हैं।



**परफॉर्मेंस लगातार इंप्रूव करेंः** कभी भी यह ना मानकर बैठें कि आप जो कर रही हैं, वही आपका बेस्ट है। खुद को कंफर्ट जोन से बाहर लाएं और अपनी परफॉर्मेंस को इंप्रूव करने के तरीकों पर विचार करें। लोगों की सलाह लें। अपने बॉस, सहयोगियों या क्लाइंट्स के फीडबैक पर ध्यान दें। अपने डार्क एरियाज को पहचानें और उन कमजोरियों को दूर करें। आपके भीतर खुद को बेहतर बनाने और अपनी प्रोडक्टिविटी बढ़ाने का एक जुनून होना चाहिए। ये बातें आपकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

**वैल्यू एडिशन करेंः** आप अगर अपने करियर में प्रोग्रेस चाहती हैं तो अपनी पर्सनालिटी और वर्किंग स्टाइल में वैल्यू एडिशन करें। बेस्ट सेलर बुक 'सो गुड दे कांट इग्नोर यू' के राइटर काल न्यूपोर्ट ने लिखा है कि महत्व इस बात का है कि आप अपने दिए गए काम को कितने बेहतर तरीके से करते हैं, उत्पादन की गुणवत्ता में कितनी वैल्यू एड कर पाते हैं। आप अपनी आजीविका के लिए कुछ भी करें, लेकिन खुद को इतना बेहतर बनाने की कोशिश करें कि कोई आपको इग्नोर ना कर सके। आपकी इमेज बेहतरीन परफॉर्मर की होनी चाहिए।

**निरंतर सीखें नए स्किलः** दुनिया पल-पल बदल रही है, प्रगति कर रही है। समय बीतने के साथ ही हर नई तकनीक पुरानी होती चली जाती है। जाहिर है, इसी के मुताबिक प्रोफेशनल या बिजनेस फील्ड में भी नई सेवाओं और नए उत्पादों की मांग बढ़ती है। पुरानी चीजों की मांग लगातार घटती चली जाती है। इसलिए आपको समय के साथ तालमेल बनाकर चलने के लिए नियमित रूप से नई स्किल सीखनी चाहिए। आपकी स्किल और नवीनतम जानकारी ही आपकी वास्तविक पूंजी है।

**काम को पूरे मन से करेंः** सफल होना है तो अपने पैशन को फॉलो करें। आप जो कर रही हैं, अगर वो आपका पैशन नहीं है तो भी आपको इस काम के प्रति अभिरुचि जगानी चाहिए। किसी काम को बोझ की तरह या महज ड्यूटी निभाने के माइंडसेट से करेंगी तो आप कभी सफल नहीं हो पाएंगी। इसलिए काम के प्रति लगाव रखें, अपने एंप्लॉयर को ज्यादा से ज्यादा और बेहतर रिजल्ट देने का प्रयास करें। ❁



### लोगों के साथ अच्छे संबंध रखें

**पर्सनल लाइफ** हो या प्रोफेशनल, हमें अपने हर काम के लिए कुछ लोगों के सहयोग की जरूरत पड़ती है। ऐसे में लोगों के साथ हमारा व्यवहार, बोलचाल का तरीका और संबंध कैसा है, इस पर हमारी कामयाबी निर्भर करती है। प्रबंधन गुरु ऑग मेंडिनो कहते हैं, 'बिजनेस में 90 फीसदी ग्रोथ आपके मानवीय संबंधों पर टिकी होती है।' हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा 10,000 लोगों पर किए गए सर्वे में पाया गया कि हमारी तरक्की में पढ़ाई-लिखाई, अनुभव और स्किल हमारी सिर्फ 15 प्रतिशत मदद कर सकती है। बाकी 85 फीसदी योगदान लोगों के साथ मानवीय संबंधों पर निर्भर होता है, इसलिए अपना व्यवहार हमेशा नम्र और विवेकशील रखें। इस 21वीं सदी में आप सिर्फ बुद्धि के बल पर किसी से नहीं जीत पाएंगे, क्योंकि हर तीसरा व्यक्ति किसी न किसी क्षेत्र में आपसे ज्यादा बुद्धिमान है।

**आलू ऐसी सब्जी है, जिसे हर घर में उपयोग किया जाता है। लेकिन सब्जी के अलावा आलू में रूप निखारने के भी अनेक गुण मौजूद होते हैं। आप आलू का उपयोग अपना रूप निखारने और ब्यूटी संबंधी समस्याओं को दूर करने में भी कर सकती हैं। इस बारे में बहुत ही यूजफुल टिप्स के बारे में जानिए।**

# आलू में छुपे होते हैं रूप निखारने के गुण





ब्यूटी
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

आलू का जिक्र आते ही अकसर फ्रेंच फ्राईज, आलू के परांठे या समोसे पर ध्यान चला जाता है। आलू के पकवान पूरे विश्व के किचेन में पकाए जाते हैं। लेकिन आलू विटामिन, मिनरल, आयरन, फासफोरस आदि गुणों से भरपूर होते हैं, जिनसे स्किन, बालों और अन्य ब्यूटी समस्याओं का घर बैठे आसानी से कम लागत में प्रभावी उपचार किया जा सकता है।



**कई तरह से उपयोगी :** आलू में मौजूद हल्के ब्लीचिंग गुणों की वजह से यह हाइपर पिग्मेंटेशन को रोकता है और त्वचा की रंगत में निखार लाता है। आलू में मौजूद एंजाइम स्किन में ताजगी और चमक लाते हैं। साथ ही चेहरे पर काले धब्बों, कील-मुंहासों को भी रोकता है। आलू में पाया जाने वाला विटामिन 'सी' स्किन में कोलेजन कोशिकाओं को बढ़ाकर समय से पहले चेहरे की झुर्रियां और बुढ़ापे को रोकता है। साथ ही यंगनेस को लंबे समय तक बनाए रखता है। आलू के जूस को अन्य फ्रूट जूसों के मिश्रण के साथ पीने से सौंदर्य में निखार आता है। त्वचा संबंधी अनेक सौंदर्य समस्याओं को आलू के बाहरी उपयोग से ठीक किया जा सकता है।

**ऐसे करें अप्लाई :** हम आपको यहां आलू से रूप निखारने वाले कुछ आसान घरेलू उपायों के बारे में बता रहे हैं।

- आलू और अंडे के फेसपैक को चेहरे पर लगाने से चेहरे की त्वचा में खिंचाव आता है, स्किन में यंग फ्रेशनेस लौट आती है। इसके लिए आधे आलू के रस में एक अंडे का सफेद हिस्सा मिलाकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधा घंटा तक लगाकर चेहरे को साफ ताजे पानी से धो डालिए। इससे चेहरे के स्किन पोर्स में खिंचाव आएगा और आप यंग दिखेंगी।
- आधे आलू के रस में दो चम्मच दूध मिलाकर बने मिश्रण को कॉटन की मदद से पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाइए। इस मिश्रण को आधे घंटे बाद पानी से धो डालिए। इसे हफ्ते में दो बार लगाने से चेहरे की स्किन में फ्रेशनेस और यंगनेस का अहसास होता है।
- आलू के जूस को चेहरे पर लगाने से चेहरे की त्वचा में खिंचाव आता है और चेहरे की झुर्रियां दूर होती हैं। आलू के उपयोग से गर्मी से झुलसी त्वचा को राहत मिलती है और स्किन स्पॉट्स को छुड़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं।
- आलू के उपयोग से आंखों के इर्द-गिर्द सूजन को कम करने में मदद मिलती है। आलू और खीरे के जूस को बराबर मात्रा में मिलाकर प्रतिदिन आंखों के इर्द-गिर्द लगाने से आंखों की सुंदरता बढ़ती है।
- आलू के छिलकों से बालों की रंगत काली बनी रहती है। इसके लिए आलू के छिलको को पानी में उबालकर ठंडा होने दें और इस पानी को शैंपू करने के बाद बालों को धोने से बालों में चमक तथा कोमलता आती है।
- आलू और हल्दी के फेसपैक से त्वचा की रंगत में निखार आता है। इसके लिए आधे आलू के रस में थोड़ा-सा हल्दी पावडर डालकर बने मिश्रण को आधा घंटे तक चेहरे पर लगाकर बाद में ताजे पानी से धो डालिए। इस पैक को हफ्ते में दो बार लगाने से त्वचा की रंगत साफ होती है।
- आलू के जूस को प्रतिदिन चेहरे और बाहरी त्वचा पर लगाकर 20 मिनट बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए। इससे चेहरे की झुर्रियां खत्म होंगी।
- आलू के छिलके को ब्लैंड कर चेहरे पर कुछ समय तक हल्की-हल्की मसाज कीजिए और इसके बाद ताजे, साफ पानी से धो डालिए। इससे त्वचा को साफ रखने और काले धब्बों को साफ करने में मदद मिलेगी। ❁

डाइट सजेशन / शिल्पी गोयल डाइटीशियन, रायपुर

# वाटर रिच फूड्स से नहीं होगा डिहाइड्रेशन

गर्मी के मौसम में तेज तापमान और पसीने की वजह से शरीर में पानी की कमी हो सकती है। शरीर में पानी की कमी होने से डिहाइड्रेशन की समस्या होती है। गर्मियों में कई लोगों को इस तरह की समस्या का सामना करना पड़ता है। समर सीजन के दौरान आपको अपने शरीर में पानी की उपलब्धता को हर घंटे पूरा करते रहना चाहिए। अगर आप शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन की समस्या को नजरअंदाज करें तो इससे आपको चक्कर आना, थकान, बेहोश होना, मसल्स क्रैंप, लो ब्लड प्रेशर, हार्ट रेट का तेज होना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए आप अपनी डाइट में कुछ वाटर रिच फूड्स और फ्रूट्स को शामिल कर सकती हैं। ये पानी से भरपूर फल आपके शरीर में पानी की कमी को तुरंत पूरा करते हैं और आपको एनर्जी से भरपूर भी रखते हैं।



**तरबूजः** एक कप कटे हुए तरबूज में आधा कप पानी की मात्रा होती है। यही नहीं, इसमें फाइबर, विटामिन सी, विटामिन ई, मैग्नीशियम और कैलोरी भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है, जो हमें तुरंत रीचार्ज होने में मदद करता है। इसलिए आप इन गर्मियों में रोजाना तरबूज खा सकती हैं।

**खीराः** खीरे में भी 95 प्रतिशत पानी की मात्रा होती है। इसके अलावा इसमें विटामिन के, पोटैशियम, मैग्नीशियम आदि पोषक तत्व भी भरपूर मात्रा में होते हैं। इसलिए गर्मी के मौसम में खीरा भी आपको जरूर खाना चाहिए।



**दही :** गर्मी के मौसम में दही का सेवन करना भी फायदेमंद होता है। इसमें भरपूर प्रोटीन, विटामिंस और न्यूट्रिएंट्स पाए जाते हैं, जो कई तरह से हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं। आप टमाटर, लौकी, बेल, फूलगोभी, पत्ता गोभी, नारियल पानी आदि के सेवन से भी शरीर में पानी की कमी को पूरा कर सकती हैं।

इनके अलावा फलों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करना, छाछ, नीबू पानी और सादा पानी पर्याप्त मात्रा में लेने से डिहाइड्रेशन से बचा जा सकता है। ❁

फिटनेस फंडा/ नीता शेट्टी

**सोनी सब चैनल के शो 'आंगन अपनों का' में दीपिका के रोल में नजर आ रहीं नीता शेट्टी शेयर कर रही हैं अपना फिटनेस फंडा।**

# स्लिम-ट्रिम दिखने से ज्यादा जरूरी है हेल्दी-फिट रहना



कई लोग स्लिम और ट्रिम दिखने के लिए बड़ी मशक्कत करते हैं, हार्ड वर्कआउट करते हैं। लेकिन मैं ऐसा नहीं करती। मेरा मानना है कि स्लिम और ट्रिम दिखना अच्छा तो लगता है लेकिन ऐसा दिखने से भी ज्यादा जरूरी है हेल्दी और फिट रहना, क्योंकि जब आप हेल्दी और फिट रहेंगी तब आप खुद को एनर्जेटिक फील करेंगी।

**डेली डाइट प्लान :** मेरा कोई टफ डाइट प्लान नहीं है। डाइट को लेकर मेरा फंडा यह है कि आप दिन में हैवी और हेल्दी डाइट ले सकते हैं। यानी, ब्रेकफास्ट और लंच हैवी कर सकते हैं। शाम का नाश्ता थोड़ा लाइट लेना चाहिए। डिनर अगर देर में करना हो तो लाइट ही लेना चाहिए। अगर शाम 7 बजे से पहले डिनर कर रहे हैं तो मीडियम ले सकते हैं। शाम को फल या सलाद खा सकते हैं, लेकिन वो भी कम मात्रा में। सुबह नाश्ते में मैं ओट्स या फ्रूट्स खाना प्रेफर करती हूं। लंच में ज्यादातर सब्जी, रोटी खाती हूं। कभी अगर मूड हुआ तो चावल भी ले लेती हूं। मेरा मानना है कि दिन के समय हैवी डाइट ले सकते हैं ताकि दिन भर एनर्जी बनी रहे लेकिन शाम की डाइट लाइट ही होनी चाहिए।

**वर्कआउट शेड्यूल :** जिस दिन मैं शूट नहीं कर रही होती हूं, उस दिन मैं कोशिश करती हूं कि उठने के बाद फ्रेश होकर जिम चली जाऊं। अगर सुबह नहीं जा पाई, तो शाम को चली जाती हूं। जिस दिन शूटिंग कर रही होती हूं, उस दिन जिम जाना थोड़ा मुश्किल होता है। लेकिन कोशिश जरूर करती हूं कि रोज जिम में कुछ देर वर्कआउट करूं।

**मेंटल फिटनेस :** मेरा मानना है कि फिजिकल के साथ मेंटल फिटनेस पर ध्यान देना भी सभी के लिए बहुत जरूरी होता है। जिस तरह फिजिकल फिटनेस के लिए अपनी डाइट और वर्कआउट पर ध्यान देती हूं। उसी तरह मेंटली फिट रहने के लिए हमेशा खुश रहती हूं। हर काम पॉजिटिविटी के साथ करने की कोशिश करती हूं। मेडिटेशन भी जरूर करती हूं। ❁

प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स




अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## इंडी गठबधंन के प्रत्याशी बन गए आरबी प्रजापति, ज्यादा मतदान के लिए दिन-रात एक कर रही भाजपा

# खजुराहो में इंडी गठबंधन कमजोर, भाजपा को रिकार्ड वोटिंग की चिंता

*भाजपा का गढ़ बन चुकी बुंदेलखंड अंचल की खजुराहो लोकसभा सीट का चुनावी माहौल एकतरफा है। वजह है विपक्ष के दमदार प्रत्याशी का मैदान में न होना। भाजपा की ओर से यहां एक बार फिर पार्टी के सांसद और प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा मैदान में हैं। कांग्रेस ने यह सीट समझौते के तहत गठबंधन की सहयोगी समाजवादी पार्टी को दी थी। सपा ने पहले मनोज यादव और इसके बाद उनके स्थान पर मीरा यादव को प्रत्याशी घोषित किया था, लेकिन मीरा यादव का नामांकन ही निरस्त हो गया। इसे लेकर तरह-तरह की अटकलें हैं। बाद में लंबी जद्दोजहद के बाद कांग्रेस और सपा ने फारवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी पूर्व आईएएस आरबी प्रजापति को समर्थन दे दिया। प्रजापति पहले भी मैदान से बाहर थे, अब भी बाहर हैं। हालांकि उनकी कोशिश पिछड़ा वर्ग को लामबंद करने की है। वीडी के सामने चुनौती रिकार्ड अंतर से जीत दर्ज करने की है।*

**लोकसभा क्षेत्र**
खजुराहो

1 भाजपा प्रत्याशी
विष्णुदत्त शर्मा

2 गठबंधन प्रत्याशी
आरबी प्रजापति

**पिछली बार कौन जीता**
विष्णुदत्त शर्मा

जीत का अंतर
4 लाख 92 हजार 382

### क्या रहेंगे मुद्दे?

खजुराहो लोकसभा सीट से चूंकि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ही मैदान में हैं, इसलिए यहां विकास और राष्ट्रीय मुद्दों पर चुनाव लड़ा जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष, सांसद होने और केंद्र-राज्य में भाजपा की सरकार होने के कारण वीडी ने खजुराहो संसदीय क्षेत्र में काफी काम कराए हैं, इसलिए विकास भाजपा का मुद्दा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता, अयोध्या में राम मंदिर भाजपा को लाभ पहुंचाते दिख रहे हैं। भाजपा अपनी सरकारों के काम गिना रही है और संकल्प पत्र में दी गई गारंटियां बता रही है। दूसरी तरफ फारवर्ड ब्लाक के प्रजापति केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की नाकामियां गिना रहे हैं। वे आईएएस रहे हैं। इसलिए मतदाताओं के बीच अपने विजन के साथ पहुंच रहे हैं। विजन पिछड़े वर्ग को ऊपर लाने से संबंधित है। सपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता काम करते नहीं दिख रहे हैं।

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

खजुराहो लोकसभा सीट पर सपा की नजर होने की वजह थी। यहां हर चुनाव में पार्टी को 40 हजार से लेकर लगभग सवा लाख तक वोट मिलते रहे हैं। यह क्षेत्र उत्तरप्रदेश की सीमा से सटा भी है। इसलिए सपा ने सीट मांगी और कांग्रेस ने गठबंधन धर्म का पालन करते हुए सौंप दी। पर सपा यहां चुनाव ही नहीं लड़ सकी। उसकी प्रत्याशी पूर्व विधायक मीरा यादव का नामांकन निरस्त हो गया। अटकलें हैं कि जानबूझ कर नामांकन निरस्त कराया गया, क्योंकि मीरा यादव चुनाव ही नहीं लड़ना चाहती थीं। कांग्रेस और सपा ने मिलकर फारवर्ड ब्लाक के प्रत्याशी


विष्णुदत्त शर्मा


आरबी प्रजापति

आरबी प्रजापति को समर्थन दे दिया है, लेकिन वे मुकाबले से बाहर दिख रहे हैं। प्रजापति को जब समर्थन की घोषणा की गई थी तब कहा गया था कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा प्रजापति के समर्थन में रोड शो किया जाएगा, लेकिन अब तक इनका कोई कार्यक्रम नहीं आया, जबकि यहां 3 दिन बाद प्रचार बंद हो जाएगा। खजुराहो सीट के लिए दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में खजुराहो लोकसभा सीट से 4 लाख 92 हजार वोटों के अंतर से तब बड़ी जीत दर्ज की थी, जब वे क्षेत्र के लिए बिल्कुल नए थे और उनके सामने कांग्रेस के तत्कालीन विधायक विक्रम सिंह नातीराजा की पत्नी कविता राजे सिंह मैदान में थीं। वीडी तब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी नहीं थे, लेकिन अब हालात बिल्कुल अलग हैं। कांग्रेस ने समझौते में सीट सपा को दी थी और सपा भी मैदान में नहीं है। कांग्रेस-सपा ने आरबी प्रजापति को गठबंधन का प्रत्याशी घोषित तो कर दिया है लेकिन वे चुनाव लड़ते ही नजर नहीं आ रहे। अब वीडी शर्मा के सामने रिकार्ड मतों से जीत का अवसर है। इसके लिए वे दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। वोटरों की उदासीनता मंशा पर पानी न फेर दे, इसकी चिंता उन्हें सता रही है।

### सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

वीडी प्रदेश अध्यक्ष के साथ सांसद हैं, इसलिए उन्होंने खजुराहो क्षेत्र पर हमेशा ध्यान केंद्रित रखा। वे लगातार क्षेत्र का दौरा करते रहे। उनकी सक्रियता का ही नतीजा है कि खजुराहो लोकसभा क्षेत्र की एक भी विधानसभा सीट कांग्रेस नहीं जीत सकी। सभी 8 सीटों पर भाजपा का कब्जा है। यह स्थिति तब है, जब कांग्रेस पूरी दमखम के साथ विधानसभा चुनाव लड़ी थी, जबकि पिछली बार छतरपुर और पन्ना में कांग्रेस के एक-एक विधायक थे। इन कारणों से वीडी के ज्यादा अंतर से जीतने के हालात पहले से ही थे। पहले सीट सपा के खाते में जाने और इसके बाद सपा प्रत्याशी का नामांकन निरस्त हो जाने के बाद पूरा चुनाव वीडी शर्मा के पक्ष में आ गया। विश्लेषक मानते हैं कि यदि चुनाव व्यवस्थित लड़ा गया, मतदान पर फोकस बना लिया और अच्छा मतदान हुआ तो इस बार जीत के मामले में वीडी देश के अंदर अपना रिकार्ड बना सकते हैं।

### तीन जिलों में फैली है खजुराहो लोस सीट

खजुराहो बुंदेलखंड में है, लेकिन इस संसदीय सीट का भौगोलिक क्षेत्र महाकौशल तक है। इसके तहत तीन जिलों की आठ विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें छतरपुर जिले की दो चंदला, राजनगर, पन्ना और कटनी जिले की तीन-तीन क्रमशः पवई, गुनौर, पन्ना और विजयराघवगढ़, मुडवारा, बहोरीबंद विधानसभा सीटें शामिल हैं। कटनी महाकौशल का हिस्सा है, जबकि छतरपुर और पन्ना बुंदेलखंड का। सभी विधानसभा सीटों में भाजपा का कब्जा है। लोकसभा के चुनाव में इसका लाभ वीडी शर्मा को मिलना तय है। वैसे भी 2019 के चुनाव के रिकार्ड में वीडी की खजुराहो से जीत चौथे नंबर पर दर्ज है। जीत का रिकार्ड होशंगाबाद से भाजपा के राव उदय प्रताप सिंह ने बनाया था। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 5 लाख 53 हजार से ज्यादा मतों से हराया था।

**ग्राउंड रिपोर्ट**

### क्षेत्र में दलित और पिछड़े वर्ग के मतदाता ज्यादा

खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा तादाद पिछड़े और दलित मतदाताओं की है। दलित मतदाताओं का बड़ा हिस्सा भाजपा के पक्ष में जाने लगा है, जबकि काफी हिस्सा कांग्रेस के पक्ष में जाता है। कांग्रेस मैदान में नहीं है ऐसे में यह मतदाता क्या करेगा, यह देखने लायक होगा। पिछड़े वर्गों में पटेल, यादव, कुशवाहा, लोधी, प्रजापति समाज ज्यादा हैं। वीडी शर्मा के मुकाबले गठबंधन के प्रत्याशी आरबी प्रजापति हैं। इसलिए प्रजापति सहित कुछ पिछड़े समाज उनके पक्ष में वोट कर सकते हैं। सपा प्रत्याशी होता तो यादव मतदाता उसके पक्ष में जा सकते थे। अब वे भाजपा के पक्ष में दिखाई पड़ते हैं। क्षेत्र में बड़ी तादाद सामान्य वर्ग के मतदाताओं की भी है। ये भी अधिकांश भाजपा के पक्ष में हैं।

---

**इनका कहना है...**

## इस लोस चुनाव के परिणाम से देश में सेट होगा नया नैरेटिव, जिससे स्पष्ट होगी भविष्य के प्रति अवधारणा


सुरेश शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

2024 लोकसभा चुनाव के वक्त लंबे समय से स्थापित नैरेटिव अपना काम दिखाते हुए दिख रहे हैं। देश में दो गठबंधन है। इसके बाद भी 2014 और 2019 में एक दल की बहुमत वाली सरकार रही है। दोनों गठबंधन अपने प्रकार के दावे कर रहे हैं, लेकिन इन दावों पर विश्वास कौन करेगा? यह इस समय की सबसे बड़ी राजनीतिक समस्या है। पहले चरण का मतदान संपन्न हुआ है। मतदाताओं में जिस प्रकार का उत्साह दिखाई दिया, उसने भी देश में स्थापित नैरेटिव को अपना समर्थन दिया है। 2024 का यह आम चुनाव जब अपने परिणाम लेकर आएगा, तब देश में एक नया नैरेटिव सेट होगा, जिससे भारत के भविष्य के प्रति अवधारणा स्पष्ट हो जाएगी। देश में एक ओर एनडीए के रूप में दो दर्जन से अधिक दलों का गठबंधन है। दूसरा लगभग इतने ही दलों का इंडी गठबंधन बना है। जिसमें गैर भाजपाई और भाजपा को समर्थन न देने वाले दल शामिल हैं। इसके बाद भी भारत में कुछ ऐसे दल हैं, जो इन दोनों ही गठबंधनों में नहीं हैं। इंडी गठबंधन इससे पहले यूपीए के नाम से दलों का समूह था, लेकिन नए राजनीतिक परिपेक्ष में यूपीए का नामांतरण इंडी गठबंधन के रूप में हो गया। सबसे पहले नैरेटिव इसी बात को लेकर के निर्धारित किया गया कि आखिर वह कौन सी वजह थी, जिसके कारण विपक्षी गठबंधन को अपना नया नामकरण करना पड़ा? सबसे पहले यह चर्चा शुरू हुई कि यूपीए 2014 में भ्रष्टाचार के आरोपी एवं बड़े आंदोलन का सामना करने के बाद सत्ता से प्रथक था। इसलिए नए गठबंधन पर भ्रष्टाचार की छाया नहीं होना चाहिए। दुर्भाग्य से गठबंधन में शामिल दलों के नेता भ्रष्टाचार के आरोपों में ईडी के शिकंजे में आ जाने से जेल की हवा खा रहे हैं। इसलिए पहले यह नेरेटिव सेट हो गया कि भ्रष्टाचार से बचने के लिए इंडी गठबंधन का जमावड़ा हुआ है। गठबंधन के दोनों प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस के बारे में चुनाव से पहले एक ऐसा संदेश गया, जिसमें दलों की प्रधानता पर सवाल उठ गए। एनडीए में जिसकी अगवाई भाजपा कर रही है। अपने सहयोगी दलों को सीटें बांटने में उसकी भूमिका प्रमुख की रही है, जबकि इंडी गठबंधन में सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में कांग्रेस सहयोगी दलों से विभिन्न राज्यों में सीटें मांगती हुई दिखाई दी है। इससे गठबंधन के नेतृत्व दलों के बारे में आम मतदाता में एक विशिष्ट नैरेटिव सेट हुआ है। दोनों गठबंधनों के नेतृत्व में भी कमोबेश इसी प्रकार की स्थितियां निर्मित हुई है। एनडीए में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवाई स्वीकार है। वही इंडी गठबंधन में राहुल गांधी के लिए कांग्रेस का प्रयास सर्वमान्य नहीं हुआ। इसलिए बहुमत दल होने के बाद भी भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को लेकर सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है। इस प्रकार का वातावरण निर्मित करने में कांग्रेस सफल होती नहीं दिखाई दी। गठबंधन और उसके नेतृत्व के प्रति यह नैरेटिव मतदान में उत्साह के रूप में अपना संदेश दे रहा है। इस चुनाव में विकास कार्यों की समीक्षा, चुनाव या चुनाव घोषणा पत्र में किए गए वादों के क्रियान्वयन और भविष्य की गारंटियों को लेकर भी नैरेटिव सेट हुए हैं। भाजपा ने जनसंघ के समय के अपने तीन प्रमुख वादों को पूरा करने के लिए जिस प्रकार का प्रयास किया और परिणाम दिए, उससे एनडीए के वादे क्रियान्वयन की एक अवधारणा स्थापित हुई है। राम मंदिर का निर्माण हो गया, धारा 370 हटा दी गई और चुनाव प्रचार के वक्त समान नागरिक संहिता को लेकर प्रधानमंत्री ने स्पष्ट वक्तव्य दे दिया। इसके अलावा भी एनडीए द्वारा किए गए वादों के क्रियान्वयन का विश्वास किस प्रकार का जनता में है, इसका भी एक नैरेटिव स्थापित हो चुका है। वही इंडी गठबंधन की ओर से संयुक्त घोषणा-पत्र जारी न किए जाने की स्थिति में आम जनता में गठबंधन की संयुक्त घोषणाओं का कोई दस्तावेज नहीं होने पर अवधारणा स्थापित नहीं हो पाई है। गठबंधन दलों के अलग-अलग वादों पर अलग-अलग मत से कंफ्यूजन बना है। 2024 के आम चुनाव का एक प्रमुख नैरेटिव मतदाताओं के जहन में बना हुआ है। जब स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट मनमोहन सरकार में देखी तक नहीं गई और अब एमएसपी का कानून बनाने का वादा किया जाना वादों के क्रियान्वयन की गारंटी पर संदेह उत्पन्न करता है। पहले चरण के मतदान के बाद कमोबेश ऐसा ही वातावरण दिखाई दिया है, जो आगे भी जारी रह सकता है।

---

**चाय पे चर्चा**

▶▶ नादरा बस स्टैंड इलाके में स्थित गुप्ता टी-स्टॉल पर राजधानी वासियों में चुनावी चर्चाओं का चला दौर

## सब अपने-अपने तरीके से प्रचार में लगे लेकिन वोटर को समझना आसान नहीं

लोकसभा चुनाव को लेकर टिकट वितरण ले लेकर नामांकन भरने और अब प्रचार के दौरान चर्चाओं का बाजार गर्म है। विशेषकर चर्चा के लिए ऐसे स्थान ज्यादा मुफीद साबित हो रहे हैं, जो हर किसी की पहुंच में आसान हों। ऐसे में शहर के नादरा बस स्टैंड इलाके में स्थित गुप्ता टी स्टॉल पर ऐसी ही चुनावी चर्चाओं का दौर चाय की प्याली के साथ सुनने को मिला।

यहां चाय की चुस्कियों के साथ चुनावी चर्चा में मशगूल आलोक जैन, संतोष मीना, देवेंद्र यादव, बबलू, श्याम, जयराम और



मनीष ने बताया कि अभी हर पार्टी के उम्मीदवार वोटर को लुभाने के प्रयास कर रहे हैं। सब अपने-अपने तरीके से प्रचार में लगे हैं, लेकिन वोटर को समझना अभी आसान नहीं है। अभी मतदाता सुन सबकी रहा है, लेकिन करेगा मन की ही। इसका पता तो तभी लगेगा, जब चुनाव के परिणाम सामने आएंगे। हालांकि, अभी दो ही प्रमुख राजनैतिक पार्टियों भाजपा और कांग्रेस का नाम सबसे ऊपर है। इनमें से ज्यादातर लोग दो ही पार्टियों को लेकर चर्चाएं हो रही हैं, लेकिन अन्य पार्टियों के उम्मीदवार भी अपने

**चुनावी चटखारे...**

हो रही वादों की बौछार , बड़े जोर- शोर से
मतदाताओं को छलने आए नेता, चारों ओर से।
अपने को जनता का सेवक, यह बता रहे हैं
घिसे -पिटे वादों को, फिर से दोहरा रहे हैं।
हमें सोच-समझ मतदान का फ़र्ज निभाना है
जो बेहतर हो सबसे इनमें, उसे संसद भिजवाना है


अनिल साकेत
दिव्यांग कवि

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा की जनसभा के लिए स्थल का डॉ. महेंद्र ने किया निरीक्षण

**भोपाल।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की जनसभा के आयोजन को लेकर रविवार को लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने टीकमगढ़ जिला भाजपा कार्यालय में पार्टी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सभा स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व सागर संभाग प्रभारी चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष अमित नुना, लोकसभा संयोजक विवेक चतुर्वेदी, राकेश गिरी गोस्वामी उपस्थित रहे।

**फर्स्ट टाइम वोटर**

### मैं खुद वोट दूंगी और मतदान के लिए दूसरों को करूंगी जागरूक

अभी शिक्षा के क्षेत्र में ओर काम किया जाना बाकी है। कई बार बड़े कोर्सेस में एडमिशन के लिए आरक्षण के कारण सामान्य वर्ग के छात्रों को लाभ नहीं मिल पाता है। समान अवसर मिलना चाहिए। मप्र के शहरों में इंजीनियरिंग व मेडिकल कॉलेजों की कमी है। रोजगार के लिए नए साधनों को लेकर अभी और काम किया जाना बाकी है। मैं काफी सोच-समझकर वोट करूंगी, जिससे एक अच्छी सरकार मिल सके और देश-प्रदेश का तेजी से विकास हो सके। मैं स्वयं मतदान करने के साथ दूसरों को वोटिंग को लेकर जागरूक करूंगी।


**प्रियांशी श्रीवास्तव**, युवा मतदाता

### जो हमारी बात को संसद में बोलेगा, उसको वोट दूंगी

चुनाव में पहली बार अपने मत का प्रयोग करूंगी। मेरा मत भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और विकास के मुद्दों पर निर्भर करेगा। जो सरकार इन मुद्दों पर खरी उतरेगी, उसी के प्रत्याशी को अपना मत डालूंगी, ताकी अच्छी सरकार चुनकर सत्ता में आए। साथ ही लोकल प्रत्याशी के रूप में उस उम्मीदवार को वोट दूंगी, जो क्षेत्र के विकास, वहां की समस्या को जोर-शोर से संसद में प्रमुखता से उठा सके। मैं मतदान करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मतदान प्रतिशत बढ़ने के लिए मैं अपने साथियों व आस-पड़ोस के लोगों को प्रेरित करूंगी, जिससे अधिक से अधिक मतदान हो।


**सृष्टि झा**, युवा मतदाता

---

**राजनगर में सामाजिक सम्मेलन को किया संबोधित**

## कांग्रेस शासनकाल में देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं थीं, अब कोई हमें आंख नहीं दिखा सकता: शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा हैं। यह लोकसभा चुनाव सामान्य न होकर 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का चुनाव है।

2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं और आतंकवाद का लगभग सफाया हो चुका है। कोई देश अब भारत को आंख उठाकर नहीं देख सकता। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने छतरपुर जिले के राजनगर में नवमतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। शर्मा ने राजनगर में सामाजिक सम्मेलन एवं चांदला में त्रिदेव व पंच परमेश्वर सम्मेलन को भी संबोधित किया है। शर्मा ने कहा कि सभी नव मतदाताओं को यह मालूम होना चाहिए कि 2014 से पहले कांग्रेस कार्यकाल में हर तरफ आतंकी घटनाएं, लूट, भ्रष्टाचार, भय एवं असुरक्षा का माहौल था।

### त्रिदेव व पंच परमेश्वर सम्मेलन में हुए शामिल

विष्णुदत्त शर्मा ने राजनगर में पटेल व कुशवाहा समाज की बैठक में कहा कि प्रदेश में सबसे ज्यादा जनसख्या पिछड़े वर्ग की है। पिछड़ा वर्ग हमेशा से भाजपा के साथ है। भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़ा वर्ग का सम्मान करने की दिशा में कार्य किया है। आज प्रदेश शासन में भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग के कई मंत्री हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने पिछड़ा वर्ग के लिए विश्वकर्मा योजना जैसी कई योजना चलाई हैं, जिनसे हजारों पिछड़ा वर्ग के लोग लाभान्वित हुए हैं। कांग्रेस पार्टी सिर्फ जाति के नाम पर राजनीति करने का कार्य करती है, लेकिन मध्यप्रदेश में वर्षों शासन करने के बाद पिछड़ा वर्ग से एक भी मुख्यमंत्री नहीं बनाया।

### अहिंसा परमो धर्म,यह संकल्प

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने भगवान महावीर की जयंती शुभ अवसर पर रविवार को पन्ना जिले में जैन मंदिर पहुंचकर पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया। विष्णुदत्त शर्मा ने भगवान महावीर जयंती पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा, त्याग और तपस्या को समर्पित भगवान महावीर का जीवन दर्शन हमें सदैव मानवता की सेवा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता रहेगा।

### यूपीएससी में चयनित कुलदीप पटेल से मिलकर दी बधाई

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में चयनित कुलदीप पटेल से मिलकर उन्हें मिठाई खिलाई और इस सफलता पर उन्हें बधाई दी है।



**पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा-**

## जो नेता खुद जीतने में सक्षम न हो, वो कांग्रेस को क्या जिताएंगे

### अहमदपुर, सांचेत, साढ़े बाहर गांव और बुधनी में किया घर-घर पहुंचकर लोगों से संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को विदिशा लोकसभा की सांची, बुधनी विधानसभा में जनसभाओं को संबोधित किया और अहमदपुर में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान शिवराज ने घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। इस दौरान चौहान ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधा।

**कांग्रेसियों को पता है अगर चुनाव लड़ें तो हार जाएंगे**

*शिवराज ने कहा कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी ने रायबरेली से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया और राज्यसभा में बैकडोर से एंट्री ले ली है। क्योंकि उन्हें पता है कि चुनाव लड़ेंगे तो हार जाएंगे। वहीं कांग्रेस के दूसरे बड़े नेता राहुल गांधी अमेठी छोड़कर वायनाड चले गए हैं। जो नेता खुद जीतने में सक्षम न हो, वो कांग्रेस को क्या जिताएंगे।*

## हिबा फात्मा ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर किया नाम रोशन



**गाजियाबाद।** गोविंदपुरम एक्सटेंशन निवासी उमर खालिद की होनहार बेटी हिबा फात्मा ने हाई स्कूल में 92 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने परिवार, स्कूल व समाज का नाम रोशन किया है। हिबा होनहार छात्रा है और मेधावी है। हिबा ने इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व दादी,माता-पिता व ताऊ व ताई को दी है। उनका कहना है कि इनके मोटिवेशन के कारण ही वह यह सफलता प्राप्त कर सकी है। हिबा फात्मा ने गणित, विज्ञान और सोशल साइंस में क्रमशः 97,97 और 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। हिबा की सफलता पर स्कूल के शिक्षकों ने बधाई दी है। हिबा के परिवार उनकी इस अप्रतिम सफलता से बेहद खुश है। हिबा आगे प्रशासनिक सेवा में अपना करियर बनाना चाहती है और अपने देश भारत का नाम रोशन करना चाहती है।

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृत व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्र अज्ञात पता अज्ञात जिसकी उम्र करीब 27-28 वर्ष, कद: 5'7", रंग: सांवला, चेहराः अण्डाकार, शरीरः मजबूत, पहचानः दाएं हाथ पर गुलाब का टैटू, बाएं हाथ और पेट पर ब्लेड के कट का निशान, जिसने काले व भूरे रंग की टी-शर्ट और काले रंग की पैंट पहनी है। जो कि नाला सीलमपुर टी-प्वाइंट के पास, पुलिस थाना क्षेत्र, सीलमपुर में पड़ा मिला। जिसके मृत शरीर को 72 घंटे के लिए जीटीबी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखा गया है। इस संदर्भ में DD No.86A, दिनांक: 12.04.2024 थाना सीलमपुर, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृतक व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरित एवं निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थानाः सीलमपुर दिल्ली
फोन नं. 011-22562989, 22562035
मो.: 8750870721

दि.पु./4473/उत्तर पूर्व/2024

## चिंतन

# सूरत में निर्विरोध निर्वाचन लोकतंत्र पर खतरा नहीं

अठारहवीं लोकसभा के चल रहे मतदान की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही भाजपा के खाते में एक सीट आ गई है। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। इस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद हो गया था, जबकि बाकी बचे आठ उम्मीदवारों ने अपना नामांकन नाम वापसी की आखिरी तारीख तक वापस ले लिया था। रविवार को निर्वाचन अधिकारी ने सूरत सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भाणी का नामांकन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में प्रथम दृष्टया विसंगति होने के बाद रद कर दिया था। हालांकि नामांकन रद होने को लेकर देश में राजनीति तेज है, कांग्रेस निर्वाचन आयोग पर बेहद आक्रामक है। कांग्रेस ने नामांकन रद के खिलाफ अदालत जाने की बात कही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि 'यह बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान को खत्म करने की दिशा में बढ़ाया गया एक और कदम है।' उन्होंने कटाक्ष किया कि 'तानाशाही की असली 'सूरत' एक बार फिर देश के सामने है।' इस बीच सूरत की डीएम ने सफाई दी है कि कांग्रेस उम्मीदवार के पर्चे पर हस्ताक्षर करने वाले गवाहों को समय से पेश होने को कहा गया था, पर कांग्रेस के उम्मीदवार ने आदेश का पालन नहीं किया। समय सीमा समाप्त होने के बाद ही चुनाव आयोग ने निर्विरोध निर्वाचन का निर्णय लिया। दिलचस्प है कि कांग्रेस के नामांकन रद होने के तकनीकी कारण रहे, लेकिन बाकी बचे आठ प्रत्याशियों ने आखिर अपना नामांकन वापस क्यों ले लिया? क्या वे सब किसी दबाव में थे? या डम्मी उम्मीदवार थे? बचे प्रत्याशियों ने चुनाव लड़े क्यों नहीं? यह चिंतनीय है। नाम वापस लेने वालों में बसपा उम्मीदवार भी हैं। क्या बसपा के पास जवाब है कि उसके उम्मीदवार ने ऐसा क्यों किया? अच्छा होता वहां मुकाबला होता, जनता को अपने मतदान का अवसर मिलता। चुनाव आयोग को ऐसी सूरत से बचने के लिए कानूनी तौर पर कोई प्रावधान करना चाहिए, जिसमें मतदान के अधिकार से जनता वंचित न हो। क्या पता मतदाताओं का फैसला क्या होता? और आजकल तो नोटा विकल्प है, इसलिए एक प्रत्याशी की स्थिति में भी मतदान तो कराया ही जा सकता है। एक दशक पहले तक नोटा विकल्प नहीं था, पर अब है। लगता है चुनाव आयोग ने मतदान के नोटा समेत विभिन्न विकल्पों पर विचार ही नहीं किया। प्रत्याशी बनाम नोटा चुनाव तो हो ही सकते थे। कांग्रेस का आरोप कि लोकतंत्र खतरे में है, जो सरासर अनर्गल है। यह पहली बार नहीं है कि लोकसभा में उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हों। मुकेश दलाल बीते 12 साल में लोकसभा चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल करने वाले पहले उम्मीदवार हैं। अरुणाचल प्रदेश में अभी विधानसभा चुनावों में भाजपा के 10 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। 1951 से अब तक हुए संसदीय चुनाव में कम से कम 34 अन्य उम्मीदवारों को निर्विरोध जीत हासिल हुई थी। सपा की डिंपल यादव को 2012 में कन्नौज लोकसभा सीट के उपचुनाव में निर्विरोध जीत मिली थी। आम चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल करने वालों में वाई.बी. चव्हाण, फारूक अब्दुल्ला, हरेकृष्ण महताब, टीटी कृष्णामाचारी, पीएम सईद और एससी जमीर शामिल हैं। अब तक कांग्रेस पार्टी के सबसे अधिक उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल की है। निर्विरोध निर्वाचन लोकतंत्र के खतरा नहीं है।



विश्लेषण
विवेक शुक्ला

# दक्षिण में मजबूत होती भाजपा

**भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज–तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ–साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। कर्नाटक में भाजपा की पैठ मजबूत है। तमिलनाडु में एड़ी चोटी एक कर रही है। करले में भाजपा तेजी से अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। अमित शाह खुद वहां मेहनत कर रहे हैं। तेलंगाना में पार्टी ने काफी कोशिश की है, स्थानीय नेतृत्व खड़ा किया है। आंध्रप्रदेश में भाजपा व टीडीपी प पवन कल्याण की पार्टी में गठबंधन है। यह विनिंग गठबंधन है।**

पिछली 19 अप्रैल को तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो गया। तमिलनाडु में हिन्दू आबादी 87 फीसदी से अधिक है। इधर भाजपा को इस बार बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा है। भाजपा कोयंबटूर और कन्याकुमारी को छोड़कर राज्य में कहीं कोई बड़ी पकड़ नहीं बना सकी है। जानने वाले जानते हैं कि तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुई, इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद द्रविड़ पार्टी के प्रभुत्व वाले दक्षिणी राज्य में भाजपा की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं।

नरेन्द्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी। भाजपा को इस बार तमिलनाडु में मछुआरों, महिलाओं तथा समाज के अन्य वर्गों से वोट मिले हैं। भाजपा मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति के मुद्दों को लेकर गई। अन्नामलाई ने पूरे राज्य की पदयात्रा करके भाजपा के लिए माहौल बनाया। सात महीने की लंबी यात्रा का समापन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कोयंबटूर से खुद अन्नामलाई चुनावी मैदान में थे। अमित शाह का दावा है कि 4 जून को देश तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं। इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्रप्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल (20) और पुदुचेरी (1) शामिल हैं।

भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज–तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। यह दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियों पर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में कैंपन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में देते हैं। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिल भारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहे हैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यान से सुनती हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवा की स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते हैं कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को



विकसित बनाने का संकल्प लिया है। बेशक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। बात कर्नाटक की करें तो यहां पर भाजपा बड़ी मौजूदगी है। भाजपा ने पहली बार 2008 में कर्नाटक में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। भाजपा तटीय कर्नाटक क्षेत्र में मजबूत है। कर्नाटक में भाजपा के मजबूत होने का एक और कारण जाति है। कर्नाटक में लिंगायत और ब्राह्मण हमेशा भाजपा का समर्थन करते हैं, जबकि वोक्कालिगा, दलित और अल्पसंख्यक या तो कांग्रेस या जनता दल (सेक्युलर) को वोट देते हैं। कर्नाटक वास्तव में भाजपा के लिए एक गढ़ है। यह भारत के दक्षिण में एक ऐसा राज्य है जहां भाजपा अपनी राजनीतिक पैठ बनाने में अकेले सक्षम है।

केरल में 54 फीसदी आबादी हिंदू है। यह दक्षिण भारत का एकमात्र राज्य है जहां किसी भी एक दल को अकेले राज्य विधानसभा में पूर्ण बहुमत नहीं मिलता। केरल का चुनाव गठबंधन से ही जीता जाता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट है तो कम्युनिस्ट पार्टियों के नेतृत्व वाला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट। भाजपा केरल में अपनी जगह बनाने में लगी है। भाजपा के खिलाफ केरल में यह प्रचार किया गया है कि यह हिंदी पार्टी है। स्थानीय स्तर पर भाजपा कैडर धार्मिक उन्मादियों से लड़ रहे हैं। केरल में ईसाई समुदाय तेजी से भाजपा की ओर आ रहा हैं। केरल का ईसाई समुदाय कैथोलिक और गैर कैथोलिक के बीच विभाजित है। कैथोलिक वेटिकन के साथ पूरी तरह नहीं जुड़े हैं। केरल में मोटे तौर पर 8 प्रमुख ईसाई समुदाय हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि प्रत्येक ईसाई समुदाय के बीच दूसरे के साथ प्रतिद्वंद्विता है। ऑर्थोडॉक्स और जैकोबाइट के बीच लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय तक पहुँच चुकी है। वहाँ कोई भी एक पार्टी पूरे ईसाइयों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती और अधिकांश ईसाई ऐतिहासिक रूप से कम्युनिस्ट विरोधी हैं।

कैथोलिकों के भीतर कुछ समुदायों ने धीरे-धीरे भाजपा को एक संभावित विकल्प के रूप में तलाशना शुरू कर दिया है। ईसाई समुदाय परंपरागत रूप से राजनीतिक शक्ति समीकरणों में एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। वे लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहना बर्दाश्त नहीं कर सकते, इसलिए उनसे तालमेल बिठा रहे हैं जिनके पास शक्ति है। पादरी वर्ग के कई सदस्य माकपा से मिले अपमानों को दृढ़ता से याद करते हैं और अपना भविष्य भाजपा के साथ देखते हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की सक्रियता देखेने लायक है, वह लगातार इन पादरियों के साथ बने हुए हैं। उनकी विशेष भूमिका केरल में भाजपा के लिए वरदान साबित हो सकती है।

इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोटबैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोटबैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी-जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल-संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है। केरल में मुस्लिम 28 फीसदी और ईसाई लगभग 18 फीसदी हैं।

बहरहाल तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भाजपा दक्षिण भारत में बड़ी सफलता हासिल करने का ख्वाब देख रही है। अगर उसका ख्वाब सच हुआ तो उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को भी श्रेय देना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

पहला चरण
योगेश सोनी



# कम वोटिंग चिंताजनक, मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत

चुनावों का महासंग्राम जारी है। पहले चरण की वोटिंग भी हो चुकी है जिसमें पहले की अपेक्षा कम वोटिंग हुई है। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। सभी सीटों पर 62.37 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग लक्षद्वीप में 83.88 फीसदी हुई, उसके बाद त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई। पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ। अगर 2019 में हुए मतदान के पहले चरण से तुलना की जाए तो इस बार पहले फेज में कम वोटिंग हुई है। वर्ष 2019 में पहले चरण में करीब 66 फीसदी वोटिंग हुई थी। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चर्चा करें तो आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60.59 प्रतिशत मतदान हुआ। वर्ष 2019 के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.9 फीसदी कम वोट पड़े हैं। अपेक्षाकृत कम मतदान की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। हालांकि इसके अलावा भी हर जगह के आंकड़े बताने के लिए हैं लेकिन सवाल सवाल यह है कि आखिर जिस ऊर्जा से साथ पक्ष-विपक्ष चुनाव प्रचार कर रहा है उस स्तर पर लोग वोट डालने में रुचि क्यों नहीं ले रहे? इसके पीछे हर किसी की अलग-अलग मंशा या वजह हो सकती है लेकिन जनता का लोकतंत्र के इतने बडे महापर्व में अपनी भागीदारी न निभाना लोकतंत्र के गलत संदेश देने जैसे है।

बीते कई वर्षों से हम समझ व देख रहे हैं कि हमारे एक वोट की कीमत है लेकिन न जाने हम इसको किस आधार पर हल्के में ले लेते हैं। स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि जितना लोग सोशल मीडिया पर अपनी जागरूकता दिखाते हैं उतनी हकीकत में नही। तमाम लोग अपना समर्थन अपनी-अपनी पसंदीदा पार्टी व नेता को खुलेआम देते हैं लेकिन उसका फायदा नेता या आपको तभी तो मिलेगा जब उसके लिए वोट डालकर अपनी शक्तियों का प्रयोग करेगें। एक आंकड़े के अनुसार देश में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं में से महज 38% ने 2024 के चुनावों के लिए खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है।राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटनाक्रम से चिंतित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या युवाओं की लोकतंत्र में रुचि खत्म हो गई है? या वह वोट डालना व्यर्थ मानने लगे।उत्तर प्रदेश बिहार व दिल्ली में, हाल ही में 18 साल पूरा करने वाले युवाओं में से 25% से भी कम ने खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है। यह संख्या बिहार 17% के साथ सबसे कम है, लेकिन राजनीतिक रूप से सक्रिय महाराष्ट्र की स्थिति भी 22% वोटर रजिस्ट्रेशन के साथ बहुत बेहतर नहीं है। वोट वाले दिन की छुट्टी को वह एंजॉय करना चाहते हैं और उनको लगता है कि वोट डालना तो बुजुर्गों व खाली लोगों का काम हैं। लेकिन युवा बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि वह यह नही समझ पा रहे कि एक तथ्यहीन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

आज वह अपने वोट की कीमत नही समझ रहे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसकी गंभीरता खत्म कर देंगे। हम इस बात को जानते हैं कि भारत युवाओं का देश हैं और सबसे ज्यादा युवा भी हमारे यहां ही हैं। पूरा जिंदगी पड़ी होती है मौज-मस्ती के लिए लिए मात्र एक घंटा निकाल कर वोट डालना उनको बहुत भारी लगता है।युवा चर्चा तो ऐसे करते हैं मानो वह अपनी पूर्ण रूप से स्थिति दर्ज कराएंगे लेकिन चुनाव वाले दिन बिल्कुल गायब हो जाते हैं। अब से दशकभर पूर्व भी जो युवा पहली बार वोट डालते थे वह वोटिंग वाले दिन को बहुत उत्साहित तरीके से जीते थे और उनको लगता था यह दिन उनके लिए बेहद विशेष हैं, लेकिन अब धीरे-धीरे रफ्तार कम होने लगी जो लोकतंत्र के लिए घातक है। दरअसल अब दौर बिना किसी की गुणवत्ता की जांच के आधार पर चल पड़ा और भेड़चाल का ट्रेंड ज्यादा है। यदि किसी ने कॉलेज या ऑफिस में कह दिया वह तो चुनाव वाले दिन बाहर जा रहा है तो अधिकतर लोग उसको ही फॉलो करने लगते हैं और अपने वोट को व्यर्थ करने में बिल्कुल भी नही हिचकिचाते। जितनी ऊर्जा कॉलेज या अन्य किसी भी तरह के चुनाव में देखने को मिलती है उतनी उपस्थिति वह चुनावों में दर्ज नही करवा पा रहे। देखा जा रहा है कि चुनाव पहले से ज्यादा रोमांचक होते जा रहा है जिसका सबसे बडा कारण सोशल मीडिया माना जाता है चूंकि हर छोटी व बड़ी घटना तुरंत आपके मोबाइल पर आ जाती है कि जिससे किसी भी पार्टी व नेता का घटना अनुसार सकारात्मक व नकारात्मक तस्वीर बन जाती है। यदि आप देश के भविष्य के लिए जागरूक हैं तो यह बहुत जरूरी है कि मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# प्रेम व स्नेह के साथ मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित
**दर्शन**

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

# कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा



संकलित
**प्रेरणा**

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोलाः अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछाः आप कौन हैं? सर्प ने कहाः अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूँ। उस तक पहुँचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूँ। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहाः भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहाः कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमें अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सर्वकल्याण के पथ पर चले थे भगवान महावीर स्वामी

भगवान महावीर का कुण्डलपुर में महाराज सिद्धार्थ के घर–आँगन में पुण्यवती माता त्रिशला की कुक्षी से जन्म हुआ। भगवान महावीर के जन्म से पूर्व स्थितियाँ थीं, वे सचमुच अत्यन्त दयनीय थीं। हिंसा, असत्य, शोषण, जातिवाद, पंथवाद आदि के दुश्चक्रों से हर व्यक्ति आहत था। भगवान महावीर के अवतरण से आहत जन–मानस को पर्याप्त राहत मिली। वे धर्म के देदीप्यमान दिवाकर के रूप में इस धरा पर उदित हुए। उन्होंने सम्पूर्ण संसार में इस तरह का दिव्य आलोक प्रदान किया कि अज्ञान और अविवेक का जो चतुर्दिक अंधकार परिव्याप्त था, वह समाप्त हो गया। वातावरण में एक नई चेतना का संचार हुआ। महावीर सचमुच महावीर थे। उनकी करूणा अथाह थी। *– कांतिलाल मांडोत, सूरत*


## ट्रेंड

### प्रेरणा मिलेगी



भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। टोरंटो में हुए टूर्नामेंट में गुकेश की उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा द्योतक है। उनके असाधारण प्रदर्शन और शीर्ष तक के सफर से लाखों को प्रेरणा मिलेगी।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### जश्न मनाएं



मैं और जिल जैन धर्म के लोगों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हैं। आइए आज हम सब मिलकर महावीर स्वामी के मूल्यों को अपनाएं और प्यार, खुशी फैलाकर उनका जश्न मनाएं।
**-जो बाइडन, अमेरिकी राष्ट्रपति**

### प्रधानमंत्री चुप क्यों



उन्हें एक सीधे से सवाल का जवाब भी देना चाहिए। 1951 से हर दस साल के बाद जनगणना होती है। इसे 2021 में कराया जाना चाहिए था लेकिन आज तक किया नहीं गया। इस पर प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं?
**-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता**

### सीएए मूल्यों के खिलाफ



दुनिया के किसी भी सभ्य देश ने नागरिकता का आधार धर्म को नहीं बनाया है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार का विवादित नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) देश के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के खिलाफ है।
**-पिनराई विजयन, मुख्यमंत्री, केरल**

## करंट अफेयर

# चिकित्सा उत्पाद क्षेत्र में भारत की भूमिका अद्वितीय



अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के प्रमुख ने हर साल आयोजित किये जाने वाले भारत–अमेरिका बायोफार्मा एवं स्वास्थ्य देखभाल शिखर सम्मेलन से पहले कहा कि चिकित्सा उत्पाद क्षेत्र में भारत की भूमिका एक अद्वितीय अवसर और एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का प्रतिनिधित्व करती है। भारत–अमेरिका बायोफार्मा एवं स्वास्थ्य देखभाल शिखर सम्मेलन इस सप्ताह के अंत तक बोस्टन में आयोजित किया जाएगा। 'यूएसए इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स' द्वारा आयोजित दोनों देशों के इस वार्षिक सम्मेलन के 18वें संस्करण में एफडीए के प्रमुख डॉ. रॉबर्ट कैलिफ मुख्य वक्ताओं में से एक होंगे। 'यूएसए इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स' ने रविवार को एक बयान में बताया कि एक दिवसीय शिखर सम्मेलन के दौरान डॉ. कैलिफ पिछले साल सितंबर में की गई भारत की अपनी महत्वपूर्ण यात्रा के बारे में जानकारी साझा करेंगे। डॉ. कैलिफ ने कहा, 'मैंने हाल में भारत का दौरा किया था, जिसका प्रमुख उद्देश्य हमारे देशों और शेष विश्व के लिए जरूरी चिकित्सा उत्पादों को विकसित करना और उनकी उपलब्धता को बढ़ाने के लिए हमारे सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना है।'

## ऑफ बीट

# डेंगू से निपटने एक नया समाधान होगा कारगर



जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम में आए बदलाव के कारण मच्छर जानलेवा बीमारियां फैला रहे हैं। एक बैक्टीरिया आधारित समाधान इससे निपटने में अहम साबित हो सकता है। डेंगू के बुखार के कारण दुनियाभर में लोगों की मौतें हो रही हैं तथा जलवायु परिवर्तन इस स्थिति को और बदतर बना रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2023 में 80 से अधिक देशों में डेंगू के 50 लाख से अधिक मामले और 5,000 से अधिक मौतें दर्ज कीं जो कि रिकॉर्ड रखने से लेकर अब तक का सबसे गर्म साल रहा। करीब 80 प्रतिशत यानी 41 लाख मामले अमेरिका में और ब्राजील में 16 लाख से अधिक मामले आए। आश्चर्यजनक रूप से ब्राजील में इस साल महज तीन महीनों में ही यह आंकड़ा पार हो गया है। इन चौंका देने वाले आंकड़ों का मतलब है कि मच्छर जनित बीमारियों के खिलाफ लड़ाई तेज हो रही है। लेकिन इस लड़ाई में हमारे स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कुछ हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इंडोनेशिया में सरकार पांच शहरों में डेंगू के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए बैक्टीरिया की एक प्रजाति वोल्बाचिया के साथ मच्छरों के उपयोग से संबंधित एक कार्यक्रम चला रही है।

## अपने विचार


**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलीगढ़ में विरोधियों पर जमकर निशाना साधा

# दोनों शहजादों को नहीं मिल रही चाबी, अब वक्त आ गया है परिवारवाद की फैक्ट्री पर आप लोग अलीगढ़ का ताला लगा दें

पीएम मोदी ने अलीगढ़ में कहा कि हमारी माताओं-बहनों के पास सोना होता है, जो अवसरों पर पहनती हैं। यह प्रभाव पैदा करने के लिए नहीं होता। वह स्त्री का धन होता है। पवित्र माना जाता है। कानून भी उसकी रक्षा करता है। इनकी (कांग्रेस) नजर कानून बदलकर हमारी माताओं-बहनों के मंगलसूत्र पर भी है।



एजेंसी ▶▶ अलीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ताबड़तोड़ चुनावी रैली कर रहे हैं। चुनावी सभा में पीएम मोदी विपक्ष पर जमकर निशाना साध रहे हैं। अलीगढ़ की चुनावी सभा में उन्होंने साफ शब्दों में कह दिया कि हमारी माताओं-बहनों के पास सोना होता है, जो अवसरों पर तुरंत शरीर पर पहनकर प्रभाव पैदा करने के लिए नहीं होता। वह स्त्री धन होता है। पवित्र माना जाता है। कानून भी उसकी रक्षा करता है। इनकी (कांग्रेस) नजर कानून बदलकर हमारी माताओं-बहनों के मंगलसूत्र पर है। वो सर्वे करना चाहते हैं कि जो नौकरीपेशा हैं। उन्होंने अपने बच्चों की पढ़ाई और शादी के लिए कितनी एफडी कर रखी है। पीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार में तुष्टिकरण की फैक्ट्री पर ऐसा ताला लगाया कि दोनों शहजादों (राहुल और अखिलेश) को आज तक चाबी नहीं मिली। विकसित भारत की चाबी जनता के पास है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर ताला लगाना है। परिवारवाद की राजनीति को खत्म करना है। इसलिए बिना किसी देरी के परिवारवाद की फैक्ट्री पर हमेशा के लिए अलीगढ़ का ताला जड़ देना चाहिए।

**पीएम ने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि उनकी सरकार आई तो पूरी संपत्ति की जांच कराई जाएगी। और इस संपत्ति को सरकार अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी।**

**चुनावी रैली में पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर ताला लगाने में देरी नहीं करना चाहिए। आप लोग मानकर चलिए ये चुनाव देश को गरीबी से मुक्त बनाने वाला चुनाव है।**

### कांग्रेस संपत्ति का सर्वे कराएगी

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि किसके पास कितने वाहन और जमीन है उसकी भी जांच होगी। कांग्रेस इसका सर्वे कराएगी और फिर कांग्रेस कब्जा करेगी। अगर आपका गांव में पुराना पैतृक घर है। आपने बच्चों की जरूरत के लिए शहर में छोटा फ्लैट ले लिया तो आपका घर छीन लिया जाएगा। ये माओवादी और कम्युनिस्ट सोच है। इसे अब इंडी अलायंस भारत में लागू करना चाहती है। आपकी कमाई पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है।



### आतंकियों के बारूद और तोप बिक गए

पीएम मोदी ने आगे कहा,'पहले बॉर्डर पर आए दिन गोलियां चलती थीं और हमारे वीर सपूत शहीद होते थे। आज यह सब बंद हो गया। सबकी बोलती बंद हो गई। उनकी तोप और बारूद सब बिक गए। पहले आए दिन आतंकी बम फोड़ते थे। सीरियल ब्लास्ट होते थे। अयोध्या और काशी को भी नहीं छोड़ा। अलीगढ़ और हाथरस के लाखों परिवारों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा भी मिली है। अब मोदी की गारंटी है कि देश के हर परिवार में आपके घर में जो बुजुर्ग माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी को मुफ्त इलाज मिलेगा।

### जो 10 साल में किया वह तो मात्र ट्रेलर है

पीएम ने कहा कि मैंने जो 10 साल में किया वह तो ट्रेलर है। सपा-कांग्रेस के लोग मेरे साथ चल नहीं पा रहे हैं। अलीगढ़ में एयरपोर्ट बन गया। अलीगढ़ में एएमयू तो थी राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज विश्वविद्यालय भी बन रहा है। इतना काम करने के बाद भी किसी का भी मन आराम करने को होगा लेकिन यह मोदी है, यह आराम करने की इच्छा नहीं रखता। मेरा जीवन का एक-एक पल 24 घंटे 7 दिन देश और आपके लिए है। ना मोदी रुकने वाला है, ना मोदी थकने वाला है। मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ। मोदी मेहनत करने के लिए पैदा हुआ है।

### शाह ने पूछा: कांग्रेस बताए कि घोषणापत्र में सर्वे की बात है या नहीं?



छत्तीसगढ़ के कांकेर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ इसलिए चिढ़ गई है क्योंकि पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि सभी की संपत्ति का सर्वेक्षण किया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा था कि सर्वेक्षण क्यों करना है? आज पूरी कांग्रेस पार्टी इस पर पीएम मोदी से सवाल कर रही है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या उनके घोषणापत्र में सर्वे की बात है या नहीं? पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने कहा था कि संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है, आदिवासियों और दलितों का नहीं। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में सबकी संपत्ति का सर्वे कराने को कहा है।

### पीएम के खिलाफ विपक्ष ने की 17 शिकायतें



चुनाव आयोग से शिकायत के बाद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हम धन्यवाद करते हैं कि चुनाव आयोग ने हमे सुना। उन्होंने कहा कि हमारी तरफ से 17 शिकायतें हैं, लेकिन तीन चार के बारे में बताऊंगा। आयोग को चाहिए कि वो फौरन एक्शन ले। देश के पीएम का हम आदर करते हैं। पीएम के बयान पर आयोग तुरंत एक्शन ले। उन्होंने कहा कि राजस्थान में दिया गया पीएम का बयान भद्दा है। बयान में एक समुदाय और धर्म का नाम लिया गया है। बयान में समुदाय या धर्म को घुसपैठियों के साथ जोड़ा गया है।

### अखिलेश नहीं लड़ेंगे चुनाव



उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीटों में शुमार कन्नौज लोकसभा सीट पर सपा उम्मीदवार को लेकर चल रहा सस्पेंस सोमवार को समाप्त हो गया। समाजवादी पार्टी की नई लिस्ट से यह साफ हो गया कि पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव इस सीट से चुनाव नहीं लड़ेंगे। यहां से उन्होंने तेज प्रताप यादव को मौका दिया है। हालांकि अभी भी यह सीट यादव परिवार के पास ही है। तेज प्रताप यादव, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के भाई के पोते हैं। उनकी शादी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की छोटी बेटी राजलक्ष्मी के साथ हुई थी।

### मोदी सरकार ने नहीं मानी मांग तो वापस लेंगे समर्थन



लोकसभा चुनाव 2024 को गोरखालैंड जनमुक्ति मोर्चा के प्रमुख बिमल गुरंग ने ऐलान किया है कि वे पीएम मोदी का समर्थन करेंगे। बिमल गुरंग पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में लंबे वक्त से गोरखालैंड की मांग कर रहे हैं। गुरंग ने गोरखालैंड की मांग को लेकर उम्मीद जताई है कि अगले 5 साल में उनकी मांग मोदी सरकार मान लेगी, वरना वे अपना समर्थन वापस ले लेंगे। दार्जिलिंग सीट को लेकर गुरंग ने कहा है कि यह सीट भाजपा ही जीतेगी। उन्होंने कहा कि हालांकि 2019 के मुकाबले जीत का अंतर कम हो सकता है। इंडिया ब्लॉक का समर्थन करने वाली पार्टियों और उनके वोट बंटने की संभावनाओं को लेकर उन्होंने कहा कि यह कहना गलत होगा कि वोट बंट जाएंगे। इस दौरान उन्होंने जैसे राजनीतिक दलों पर गंभीर आरोप लगाया और कहा कि गोरखालैंड टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन और दार्जिलिंग नगर पालिका में भ्रष्टाचार किया।

## खबर संक्षेप

### कोर्ट पहुंची रवि किशन के दूसरी कथित पत्नी



**नई दिल्ली।** भोजपुरी अभिनेता रवि किशन को लेकर एक महिला ने दावा किया था कि वह रवि की दूसरी पत्नी हैं और वे उनकी बेटी के पिता हैं। न्याय के लिए महिला ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामला सामने आने के बाद रवि किशन की पत्नी प्रीति शुक्ला ने अपर्णा सोनी के खिलाफ लखनऊ पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करवाई थी।

### घायल छात्रा के परिजनों से मिले जयराम ठाकुर

**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पामलपुर में छात्रा पर हुए जानलेवा हमले मामले में पीड़िता के परिजनों से मिले। वे बोले कि घटना से मन बहुत व्यथित है। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि बिटिया को शीघ्र से शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो। नेता प्रतिपक्ष ने बेटी के घर सालन, पालमपुर पहुंचकर परिवारजनों को हिम्मत दी।

पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को बड़ा झटका, शीर्ष कोर्ट में देंगी चुनौती

# राज्य के 24 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद, 8 साल का वेतन भी लौटाना पड़ेगा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को 2016 में हुई शिक्षक भर्ती रद्द कर दी। इसके अलावा अवैध नियुक्ति पर काम कर रहे शिक्षकों से 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी भी वापस लेने के निर्देश दिए।

जस्टिस देवांग्शु बसाक और जस्टिस शब्बर रसीदी की बेंच ने कहा- कैंसर पीड़ित सोमा दास की नौकरी सुरक्षित रहेगी। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करे। वहीं हाईकोर्ट के आदेश को मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने गैरकानूनी बताते हुए कहा कि हम उन लोगों के साथ खड़े रहेंगे जिनकी नौकरियां चली गईं। भाजपा नेता न्यायपालिका के फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं। इस फैसले के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।



जस्टिस देबांगसु बसाक और जस्टिस मोहम्मद शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने इस मामले पर सोमवार को सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने नियुक्त लोगों को 6 हफ्ते के भीतर अपना वेतन लौटाने का भी आदेश दिया।

**भर्ती को लेकर 5 से 15 लाख रुपए तक की चली थी घूस**

**मेरिट लिस्ट से बाहर वालों को नौकरी देने का आरोप**

**6** हफ्ते के भीतर लौटाना होगा वेतन, सीबीआई की जांच भी जारी रहेगी

**24,640** पदों के लिए 23 लाख अभ्यर्थियों ने 2016 में परीक्षा दी थी



ममता बेनर्जी की सरकार ने 2014 में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। इसकी प्रक्रिया 2016 में पूरी हुई थी। तब पार्थ चटर्जी राज्य के शिक्षा मंत्री थे। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि जिन उम्मीदवारों के नंबर कम थे उन्हें मेरिट लिस्ट में ऊपर स्थान मिला। कुछ उम्मीदवारों का मेरिट लिस्ट में नाम न होने पर भी नौकरी दी गई।

**हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिए थे**

इसी तरह से राज्य में 2016 में एसएससी द्वारा ग्रुप डी की 13 हजार भर्ती के मामले में शिकायतें मिली थीं। सभी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद ईडी ने शिक्षक भर्ती और कर्मचारियों की भर्ती के मामले में मनी ट्रेल की जांच शुरू की थी। सीबीआई ने इस मामले में 18 मई को पार्थ चटर्जी से पूछताछ भी की थी। शिक्षक भर्ती घोटाले के दौरान राज्य के शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी थे। उन्हें ईडी ने 23 जुलाई 2022 को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। मॉडल अर्पिता मुखर्जी के यहां भी करोड़ों की दौलत मिती थी।

### अभिषेक के घर की रेकी करने वाला गिरफ्तार



कोलकाता पुलिस ने टीएमसी नेता अभिषेक बेनर्जी के घर के बाहर रेकी करने के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान राजाराम रेगे के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि राजाराम आतंकी है और उसका कनेक्शन मुंबई हमलों के हैंडलर डेविड हेडली से भी रहा है। पुलिस का दावा है कि राजाराम कोलकाता में मुंबई के 26/11 जैसे हमले की साजिश रच रहा था। पुलिस ने राजाराम को ऐसे वक्त गिरफ्तार किया, जब एक दिन पहले ही ममता बेनर्जी ने अपनी और अपने भतीजे की हत्या की आशंका जताई थी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित

# वेंकैया, मिथुन, उषा और राम नाइक को पद्म पुरस्कार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, गायिका उषा उत्थुप, यूपी के पूर्व राज्यपाल राम नाइक और उद्योगपति सीताराम जिंदल को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक समेत कई अन्य दिग्गज हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए।

**इन्हें पद्म विभूषण:** पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक और प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पाठक को मरणोपरांत यह पुरस्कार दिया गया।

नई दिल्ली उत्तर-पश्चिम लोस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उदित राज से जनता टीवी के समाचार संपादक वरुण गोयल ने की बातचीत...

# यूपीए की भी कमी रही, हम खुद को डिफाइन नहीं कर सके

*सवाल: 2014 के बाद फिर आप लोकसभा के मैदान में उतरे हैं। पार्टी ने आप पर भरोसा जताया है?*

*जवाब: मैं, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, जननायक राहुल गांधी, सोनिया गांधी, जनरल सेक्रेटरी इंचार्ज दीपक बाबरिया और प्रदेश अध्यक्ष लवली का धन्यवाद देता हूं। जिन्होंने मुझमें विश्वास किया और उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से मुझे प्रत्याशी बनाया है। मैं इंडिया गठबंधन का और कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़ रहा हूं।*

*सवाल: आप उत्तर-पश्चिम क्षेत्र से सांसद रहे हैं, खूब घूमे भी हैं। इस चुनाव को लेकर क्या कुछ मुद्दे हैं?*

*जवाब: पश्चिम दिल्ली का क्षेत्र बहुत पिछड़ा हुआ है। क्योंकि मूलभूत ढांचा नहीं है। जब में 2014 में चुनाव लड़ रहा था तो, उसके पहले बहुत आंदोलन हुए थे। मेट्रो को नरेला तक पहुंचाने की मांग थी। तब हमने कहा था कि आपके आंदोलन से नहीं, बल्कि मैं सांसद बना तो प्रोजेक्ट पूरा करा दूंगा। हमने प्रोजेक्ट भी मंजूर कराया था। यहां शिक्षण संस्थाओं की भी कमी है। 60 हजार की आबादी में एक-दो ही कॉलेज हैं।*

*सवाल: 2014 से 2019 तक आप सांसद रहे। इसके बाद आप क्षेत्र से कैसे जुड़े रहे?*



*जवाब: मुझसे ज्यादा कनेक्टेड कोई नहीं था, पूरे देश में ही नहीं है। मैं सांसद न होते हुए भी सासंद की स्थिति में रहा। लोग मदद के लिए आते रहे। साथ ही मैं चुनावी तैयारी भी करता रहा। मैं अगर इंडिया गठबंधन से न होता, तब भी मैं पार्टी से कहता कि मुझे चुनाव लड़ना ही है, क्योंकि जनता हमारे साथ है। पार्टी जिताऊ को ही तो टिकट देगी। लोगों का आंकलन है कि लगभग 5 लाख से ऊपर के मार्जिन से मेरी जीत होगी।*

*सवाल: आपके प्रतिद्वंदी उम्मीदवार कहते हैं कि पिछले बार कई विधानसभा सीटों पर 60-60 हजार की लीड रही, इस बार एक लाख तक पहुंचेगी, आपका क्या कहना है?*

*जवाब: दावा कुछ भी कर सकते हैं। अभी 102 सीटों पर चुनाव हुआ है, उसमें इंडिया गठबंधन लगभग 70 सीटों पर जीत हासिल कर रहा है। वजह ये है कि अब पीएम मोदी के खिलाफ वोट पड़ रहा है। क्योंकि मोदी ने पूरी भाजपा और आरएसएस को अपने अंदर ही समाहित कर लिया है।*

*सवाल: 2019 के चुनाव में 60 फीसदी से ज्यादा वोट भाजपा को मिला था। क्या गठबंधन इस मार्जिन को कवर कर पाएगा?*

*जवाब: अर्श से फर्श पर गिरने में कोई समय नहीं लगता। वही हालत भाजपा की होगी। जब जनता गिराती है तो मार्जिन नहीं देखा जाता। सबका दिन और वक्त आता है। अभी एक-डेढ़ महीने से एंटी इनकंबेंसी तगड़े तरीके से आई है। जनता में ये बात पहले से थी। धीरे-धीरे ये आभास हुआ है। गठबंधन नई दिल्ली की सातों सीटें जीतेंगे। क्योंकि जब विधानसभा का चुनाव होता है, तब आम आदमी पार्टी बहुत आगे होती है, लेकिन जरूरी नहीं है कि जो कल हुआ वो आगे भी होगा। समय परिवर्तनशील है।*

*सवाल: कौन सी ऐसी चीजें हैं जो उदित राज को लगता है कि उनके पक्ष में जाएंगी ?*

*जवाब: सबसे पहला मेरा काम है। एक-दो विषयों को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता भी मेरी आलोचना नहीं करता। दूसरी बात है कि मैं लगातार संपर्क में रहा हूं। सबसे अहम बात है कि कांग्रेस के घोषणापक्ष में 30 लाख नौकरी देने का वादा है। इससे युवाओं को राजगार मिलेगा। तीसरी बात यह है कि भाजपा के संकल्प पत्र में कहीं नौकरी देने की बात नहीं है। एमएसपी और कर्ज माफी का भी कोई जिक्र नहीं है। पीएम मोदी के समय में एक ही चीज है...धर्म, लेकिन अब लोग इससे ऊब गए हैं।*

*सवाल: दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी और भ्रष्टाचार को भाजपा बड़ा मुद्दा बना रही है। इस मुद्दे का चुनाव पर कितना असर पड़ेगा?*

*जवाब: भ्रष्टाचार के आधार पर तो कोई गिरोफ्तारी नहीं होती है। अगर होती है तो सबसे पहले अजित पवार की होती। जिसके ऊपर 70 हजार करोड़ के घोटाले में पीएम मोदी ने खुद आरोप लगाया था। लेकिन तीन-चार दिन के अंदर ही एलायंस के पार्टनर बन गए। 25 ऐसे कांग्रेस के नेता हैं, जिन पर मोदी ने आरोप लगाया था, लेकिन भाजपा ने सभी को शामिल कर लिया और सभी से आरोप भी हट गए।*

*सवाल: 2014 और 2024 के चुनाव में आपको क्या अंतर दिखाई दे रहा है?*

*जवाब: 2014 में यूपीए की गलती रही कि वो खुद को डिफेंड नहीं कर सका। जमीनी पकड़ भी मायने रखती है। मीडिया उल्टा लिखता और दिखाता रहा है। जैसे जी2 स्पैक्ट्रम या कोल आवंटन का मामला है। बाद में उसमें कुछ नहीं निकला। सीबीआई ने मुकदमा चालू किया, वो केस बन ही नहीं पाया। हम ज्यादा शालीनता में रह गए। साथ ही दुष्प्रचार भी रहा। इस बार दुष्प्रचार नहीं है। लोगों को सामने दिख रहा है। इस चुनाव में गठबंधन नई दिल्ली की सभी सीटें जीतेगा। इसके बाद अच्छे लोग भी शामिल होंगे।*

*सवाल: योगेंद्र चंदोलिया को कमजोर उम्मीदवार मानने की वजह क्या है?*

*जवाब: एक पार्षद राजनीति में है। तीन बार कॉरपोरेशन का चुनाव जीते-हारे हैं। उनके पास कोई छवि है काम करने की? कोई क्वालिफिकेशन है? या कोई काम करने की प्रणाली है?*

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 8 | 1 | 7 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

## खबर संक्षेप



### रमित गोयूना स्क्वाश में हारकर बाहर

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन को मिस्र में एल गोयूना अंतरराष्ट्रीय ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के तीसरे दौर में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती दो दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाले टंडन को 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नामेंट में पेरू के खिलाड़ी ने 35 मिनट में 11-2, 11-4, 11-2 से हराया। विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी टंडन अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप की तैयारी कर रहे हैं।

### भावेश और सिमरनप्रीत ने जीता ओलंपिक चयन ट्रायल



**नई दिल्ली।** भावेश शेखावत और सिमरनप्रीत कौर बरार ने पहले ओलंपिक चयन ट्रायल में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में ओएसटी 2 जीत लिया है। कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर चल रहे ट्रायल में भावेश ने फाइनल में 34 स्कोर किया और ओएसटी 1 के विजेता अनीश भानवाला (29) से आगे रहे। विजयवीर सिद्धू 22 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में सिमरनप्रीत ने पांच पांच शॉट की पहली दस सीरिज में 37 स्कोर किया। उन्होंने ओएसटी 1 विजेता और ओलंपियन मनु भाकर को पछाड़ा जिन्होंने 35 स्कोर किया । ईशा सिंह 30 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रही। रिदम सांगवान (24) चौथे और अभिंद्या पाटिल (16) पांचवें स्थान पर रही।

### स्टार्क सुपरस्टार, निवेश के नजरिए से नहीं सोचा



**कोलकाता।** मिशेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में खराब प्रदर्शन के कारण आलोचना का सामना कर पड़ रहा है। सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर ने समर्थन करते हुए कहा कि वह इस अनुभवी खिलाड़ी को 'निवेश के दृष्टिकोण' से नहीं देखते हैं। केकेआर ने आईपीएल नीलामी स्टार्क को रिकॉर्ड 24.75 करोड़ रुपए की बोली के साथ टीम में शामिल किया था। इसे हालांकि जोखिम भरा फैसला माना जा रहा था कि क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के पास सबसे छोटे प्रारूप में सीमित अनुभव था और वह नौ साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे थे।

# गुकेश की सफलता में छिपा है माता-पिता का त्याग, 'क्राउड फंडिंग' से चलाया खर्च

## पिता रजनीकांत ईएनटी सर्जन जबकि उनकी मां 'माइक्रोबायोलोजिस्ट' हैं

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद सुर्खियां बटोर रहे हैं लेकिन 17 साल के इस खिलाड़ी के सपने को हकीकत में बदलने के लिए उनके माता-पिता को कई त्याग करने पड़े। गुकेश शतरंज खेलना जारी रख सकें इसलिए उनके पिता को अपने करियर को रोकना पड़ा और खर्चों को पूरा करने के लिए 'क्राउड फंडिंग' का भी सहारा लेना पड़ा।

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। गुकेश के पिता रजनीकांत ईएनटी सर्जन है जबकि उनकी मां 'माइक्रोबायोलोजिस्ट' है।

### चौथी के बाद नहीं गए स्कूल

चिकित्सकों के परिवार से आने के बावजूद गुकेश बचपन से ही शतरंज को लेकर जुनूनी रहे हैं। उनके समर्पण को देखते हुए, उनके माता-पिता ने उन्हें चौथी कक्षा के बाद पूर्णकालिक स्कूल जाने से रोकने का फैसला किया। प्रसन्ना ने कहा, 'वह कुछ समय से किसी भी परीक्षा में नहीं बैठा है। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि वह इस स्तर पर अकादमिक रूप से कुछ भी करने की कोशिश कर रहा है। मुझे नहीं पता कि वह इसमें वापस जाएगा या नहीं। उसकी मां हालांकि इस चीज को लेकर थोड़ी चिंतित जरूर रहती है।'



### नहीं था कोई प्रायोजक

गुकेश के पास कोई प्रायोजक नहीं था और उन्हें पुरस्कार राशि और 'क्राउड-फंडिंग' से अपने वित्त का प्रबंधन करना पड़ता था, लेकिन इन सबके बावजूद वह पिछले साल अपने आदर्श विश्वनाथन आनंद को पछाड़कर भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी बनने में सफल रहे।

### पिता का छूटा काम

रजनीकांत ने 2017-18 में अपने पेशे से विराम लिया और बेहद की कम बजट में अपने बेटे के साथ दुनिया भर का सफर पूरा किया। इस दौरान परिवार का खर्च चलाने की जिम्मेदारी उनकी मां ने उठाई। गुकेश के बचपन के कोच विष्णु प्रसन्ना ने कहा, 'उनके माता-पिता ने बहुत त्याग किए हैं। उनके पिता ने अपने करियर की लगभग बलि चढ़ा दी जबकि उनकी मां परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। गुकेश और उनके पिता ज्यादातर समय यात्रा कर रहे होते हैं। यात्रा के कारण गुकेश के माता पिता को एक दूसरे से मिलने का भी मौका बेहद मुश्किल से मिलता है।'

### देश विदेश से मिल रही बधाइयां

'क्या शानदार जीत। सत्रह बरस की उम्र में फिडे कैंडिडेट्स जीतने वाला सबसे युवा खिलाड़ी। यहां से अब विश्व चैंपियनशिप का सफर और हर कदम पर हम तुम्हारे साथ हैं। जाओ इतिहास रच दो।'
- **सचिन तेंदुलकर**, क्रिकेटर

'डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई।'
- **कोनेरू हम्पी**

'गुकेश को कैंडिडेट्स जीतने पर बधाई । क्या शानदार टूर्नामेंट रहा। मैं पहले ही मुकाबले से जानता था कि वह खास है। वह 12 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन चुका था। उसकी विश्लेषण क्षमता, परिपक्व रवैया और गणना के कौशल से मैं काफी प्रभावित हूं। भावी विश्व चैंपियन।'
- **डेविड होवेल**, इंग्लैंड के ग्रैंडमास्टर

'गुकेश को बधाई और फेबि, इयान को शानदार प्रदर्शन के लिए खास पुरस्कार। सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक। सभी जांबाजों को बधाई। जिस तरह से उन्होंने खेला, वही सबसे अहम है।'
- **ब्लादीमिर क्रामनिक**, पूर्व विश्व चैंपियन

**आईपीएल**

**राजस्थान की लगातार तीसरी जीत**

# संदीप-जायसवाल ने रॉयल्स को मुंबई इंडियन्स पर दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶ जयपुर

संदीप शर्मा के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के शतक से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को नौ विकेट से हराकर प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। इस जीत से रॉयल्स के आठ मैच में सात जीत से 14 अंक हो गए हैं और उसने अंक तालिका के शीर्ष पर चार अंक की मजबूत बढ़त बना ली है। मुंबई के आठ मैच में तीन जीत से सिर्फ छह अंक हैं और टीम सातवें स्थान पर चल रही है। मुंबई के 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जायसवाल (नाबाद 104) ने जोस बटलर (35) के साथ पहले विकेट के लिए 74 और कप्तान संजू सैमसन (28 गेंद में नाबाद 38, दो छक्के, दो चौके) के साथ दूसरे विकेट के लिए 109 रन की अटूट साझेदारी जिससे रॉयल्स ने आठ गेंद शेष रहते एक विकेट पर 183 रन बनाकर जीत दर्ज की। जायसवाल ने 60 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और सात छक्के मारे। मुंबई इंडियन्स ने इससे पहले तिलक वर्मा (45 गेंद में तीन छक्कों और पांच चौकों से 65 रन) के अर्धशतक और निहाल वढेरा (49) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 99 रन की साझेदारी से



खराब शुरुआत से उबरते हुए नौ विकेट पर 179 रन बनाए। वढेरा ने 24 गेंद का सामना करते हुए चार छक्के और तीन चौके मारे। रॉयल्स की तरफ से संदीप शर्मा (18 रन पर पांच विकेट) ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की। ट्रेंट बोल्ट (32 रन पर दो विकेट) ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए दो विकेट चटकाए। युजवेंद्र चहल (48 रन पर एक विकेट) और आवेश खान (49 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट हासिल किया लेकिन दोनों काफी महंगे साबित हुए।

**मुंबई-179/9 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित का सैमसन बो बोल्ट | 06 |
| इशान का सैमसन बो संदीप | 00 |
| सूर्यकुमार का पावेल बो संदीप | 10 |
| तिलक वर्मा का पावेल बो संदीप | 65 |
| मोहम्मद नबी का एवं बो चहल | 23 |
| निहाल वढेरा का संदीप बो बोल्ट | 49 |
| हार्दिक पगबाधा बो आवेश | 10 |
| टिम डेविड का पराग बो संदीप | 03 |
| गेराल्ड का हेटमायर बो संदीप | 00 |
| पीयूष चावला नाबाद | 01 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 02 |

अतिरिक्त: 10
कुल:20 ओवर में नौ विकेट पर: 179 रन
विकेट पतन: 1-6, 2-6, 3-20, 4-52, 5-151, 6-170, 7-176, 8-176, 9-177
गेंदबाजी: बोल्ट 4-0-32-2, संदीप 4-0-18-5, आवेश 4-0-49-1, अश्विन 4-0-31-0, चहल 4-0-48-1

**राजस्थान-183/1 (18.4)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 104 |
| जोस बटलर बो चावला | 35 |
| संजू सैमसन नाबाद | 38 |

अतिरिक्त: 06
कुल:18.4 ओवर में एक विकेट पर: 183 रन
विकेट पतन: 1-74
गेंदबाजी: पंड्या 2-0-21-0, बुमराह 4-0-37-0, तुषारा 3-0-28-0, कोएट्जी 2-0-25-0, नबी 3-0-30-0, चावला 4-0-33-1, वर्मा 0.4-0-8-0



### लखनऊ से बदला चुकता करने उतरेगी सीएसके

**चेन्नई।** गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था। केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाए हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरुआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का फॉर्म चिंता का विषय है।

**खास खबर**

## इथोपियाई धावक वोंडेमेगेन पर पांच साल का प्रतिबंध



**मोनाको।** टोक्यो ओलंपिक की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने वाली इथोपिया की धावक जेरफे वोंडेमेगेन को दो प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। वोंडेमेगेन पिछले साल मामूली अंतर से विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से चूक गईं थी। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने सोमवार को अपने आदेश में कहा कि वोंडेमेगेन के नमूनों में टेस्टोस्टोरोन और ईपीओ के अंश मिले हैं जो रक्त को अधिक ऑक्सीजन ले जाने में मदद करते हैं। वोंडेमेगेन ने डोपिंग रोधी नियमों को तोड़ने की बात स्वीकार कर ली है। वोंडेमेगेन 2021 टोक्यो ओलंपिक में आठवें स्थान पर रहीं थी जबकि बुडापेस्ट में 2023 विश्व चैंपियनशिप में उन्होंने चौथा स्थान हासिल किया था।

### मध्यक्रम के बल्लेबाजों को और बनाने होंगे रन

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच चार्ल लांगेवेल्ट ने गुजरात टाइटंस के हाथों आईपीएल के मैच में तीन विकेट से हार के बाद कहा कि मध्यक्रम के बल्लेबाजों को और रन बनाने होंगे। लांगेवेल्ट ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'निराशाजनक। खिलाड़ी, स्टाफ और प्रशंसक सभी दुखी हैं। हमने गेंदबाजी अच्छी की, पावरप्ले में बल्लेबाजी भी अच्छी थी लेकिन बीच के ओवरों में हमारे बल्लेबाज उनके स्पिनरों के सामने जूझते दिखे। मध्यक्रम को और रन बनाने होंगे। हम इस विकेट पर 20 रन पीछे रह गए।'

# बर्लिन में आखिरी बार लीवर कप में खेलेंगे रफेल नडाल

एजेंसी ▶▶ बर्लिन

महान टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को कहा कि वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप में खेलेंगे जो 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक हो सकता है।

नडाल ने संकेत दिया है कि 2024 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल हो सकता है। उन्होंने पिछले हफ्ते बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका आखिरी मैच था। नडाल ने बार्सीलोना में 12 बार खिताब जता।



नडाल ने बयान में कहा, 'अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं।' स्पेन का यह 37 वर्षीय सुपरस्टार लंबे समय से चोटों से जूझ रहा है और उन्होंने इस साल सिर्फ पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं, तीन जनवरी में ब्रिसबेन में और दो पिछले हफ्ते बार्सीलोना में। इस साल 20-22 सितंबर तक आयोजित होने वाला लीवर कप एक इनडोर हार्डकोर्ट पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यरोप टीम के बीच खेली जाती है।

### भाग्यशाली थे कि कोहली का विकेट मिल गया

*कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स के विकेटकीपर फिल सॉल्ट ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उनकी टीम खुशकिस्मत थी कि विराट कोहली के विकेट का फैसला उनके पक्ष में रहा। केकेआर ने इस रोमांचक*



*मुकाबले में आरसीबी को एक रन से हराया। कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए सात गेंद में 18 रन बनाकर तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुलटॉस गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए। उनकी टीम जीत के लिए 223 रन का पीछा करते हुए एक रन से मैच हार गई।*

## रूड ने जीता बार्सीलोना ओपन...



**बार्सीलोना।** नॉर्वे के कैस्पर रूड ने स्टेफानोस सिटसिपास से मोंटे कार्लो मास्टर्स फाइनल में मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए बार्सीलोना ओपन टेनिस फाइनल में सीधे सेटों में हरा दिया। रूड ने 7-5, 6-3 से जीत दर्ज करके सत्र का पहला खिताब अपने नाम किया। वह इस साल तीन अन्य फाइनल हार चुके हैं। यह उनके कॅरियर का 11वां खिताब और क्लेकोर्ट पर दसवां खिताब है। पिछली बार उन्होंने अप्रैल 2023 में एस्टोरिल में खिताब जीता था। पिछले साल फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहे रूड की नजरें अब रोलां गैरो पर खिताबी जीत दर्ज करने पर लगी है।

**फुलटॉस गेंद पर आउट होने के बाद अंपायर से किया था बहस**

# कोहली पर मैच फीस का लगा 50 फीसदी जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुलटॉस गेंद पर आउट करार दिए गए थे। इस गेंदबाज ने ही कोहली का कैच लपका। इस मैच में केकेआर की टीम ने रविवार को सात विकेट पर 222 रन बनाने के बाद एक रन से रोमांचक जीत दर्ज



की। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली' लागू है। इसके तहत क्रीज में बल्लेबाज के कमर की ऊंचाई से गेंद की ऊंचाई का आकलन कर नो बॉल का फैसला किया जाता है। कोहली के बल्ले से जब गेंद का संपर्क हुआ था तब गेंद उनके कमर के ऊपर की ऊंचाई पर थी। वह हालांकि इस समय क्रीज से बाहर थे और गेंद नीचे की ओर आ रही थी। टीवी अंपायर माइकल गॉफ ने ऊंचाई की जांच की और हॉक-आई ट्रैकिंग के अनुसार, अगर कोहली क्रीज में होते तो गेंद कमर के पास 0.92 मीटर की ऊंचाई से गुजरी होती। इस स्थिति में गेंद कोहली की कमर की ऊंचाई से नीचे होती। ऐसे में गॉफ ने बॉल ट्रैकिंग के पैमाने पर गेंद की ऊंचाई को कोहली की कमर की ऊंचाई से नीचे पाया और उन्हें आउट करार दिया। कोहली हालांकि इस फैसले से सहमत नहीं दिखे उन्होंने गुस्से जैसी प्रतिक्रिया के साथ मैदानी अंपायर से बात की।

### डुप्लेसी पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डु प्लेसी पर आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया जबकि पंजाब किंग्स के कप्तान सैम कुरेन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। डु प्लेसी कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आरसीबी की एक रन से पराजय में धीमी ओवरगति के दोषी पाए गए थे। दूसरी ओर कुरेन पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.8 के तहत लेवल एक के अपराध के लिए मैच फीस का आधा जुर्माना लगाया गया। यह अपराध अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के संदर्भ में है।

# हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के तैयार है।

लाहौर में एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट श्रृंखला खेलना 'शानदार' होगा। नकवी ने कहा, 'देखिए, अगर



इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है।'




## ईरानी राष्ट्रपति के बयान पर पाकिस्तान ने बोला था सफेद झूठ

# पाक के झूठ का पर्दाफाश, ईरानी राष्ट्रपति रायसी ने कश्मीर का नाम तक नहीं लिया

*ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व से मिलने के लिए तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को इस्लामाबाद पहुंचे हैं।*

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी सोमवार को पाक के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने इस्लामाबाद में पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की है। पाक ने अपने संयुक्त बयान में दावा किया है कि ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कश्मीर के मुद्दे पर पाक के रूख का समर्थन किया है।

हालांकि, सच्चाई यह है कि मीडिया के साथ अपने बातचीत के दौरान रायसी ने एक बार भी कश्मीर का नाम नहीं लिया। पाक के इस झूठ का खुलासा खुद कई वरिष्ठ पाकिस्तानी पत्रकारों ने किया है। उन्होंने कहा है कि ईरानी राष्ट्रपति ने अपने पूरे बयान में एक बार भी कश्मीर का नाम नहीं लिया।

### दोनों देशों के संबंधों को सुधारने पर देंगे जोर



- *पाकिस्तान बोला- ईरानी राष्ट्रपति ने कश्मीर मुद्दे का समर्थन किया*
- *इस झूठ का खुलासा वहां के कई वरिष्ठ पाकिस्तानी पत्रकारों ने किया*
- *इजराइल से तनाव के बीच पाकिस्तान पहुंचे ईरानी राष्ट्रपति*

### पाक ने क्या कहा?

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दौरे पर आए ईरान के राष्ट्रपति के समक्ष कश्मीर मुद्दा उठाया। कश्मीर मुद्दे का समर्थन करने के लिए ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी को धन्यवाद भी दिया। ईरान के राष्ट्रपति ने गाजा पट्टी पर कहा कि उनका देश उत्पीड़न के खिलाफ सभी यूएनएससी प्रस्तावों के साथ है। ईरानी राष्ट्रपति रायसी और पीएम शहबाज आतंकवाद को खत्म करने के लिए संयुक्त प्रयासों पर सहमत हुए।

### अमेरिकी सैन्य अड्डे पर इराक ने दागे 5 रॉकेट

इराक के जुम्मर शहर से उत्तरपूर्वी सीरिया में अमेरिकी सैन्य अड्डे की ओर कम से कम 5 रॉकेट दागे गए। अमेरिकी सेना के खिलाफ फरवरी की शुरुआत के बाद ये पहला हमला है, जब इराक में ईरानी समर्थित समूहों ने अमेरिकी सैनिकों के खिलाफ अपने हमले रोक दिए थे। यह हमला इराकी प्रधान मंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के अमेरिका की यात्रा से लौटने और व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात के एक दिन बाद हुआ है। एक छोटे ट्रक के पीछे लगा एक रॉकेट लॉन्चर सीरिया के सीमावर्ती शहर जुम्मर में तैनात किया गया था। जिस समय विमान आसमान में थे, उसी समय विस्फोट के साथ ट्रक में आग लग गई।

### यात्रा पर अमेरिका की नजर

ईरान के राष्ट्रपति रायसी पाकिस्तान की 3 दिवसीय आधिकारिक यात्रा को लेकर विदेशी मीडिया भी नजर बनाए हुए है। पाकिस्तान के रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान-इजराइल तनाव के बीच रायसी की इस यात्रा पर संयुक्त राज्य अमेरिका की भी नजर है।

### क्या 18 अरब डॉलर का जुर्माना करेंगे माफ?

ईरान और पाकिस्तान एक गैस पाइपलाइन बिछा रहे हैं और ईरान अपने हिस्से का काम पूरा कर चुका है, लेकिन पाक अमेरिका के डर से उस डील से दूर रहा है। गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट को पाक ने सालों तक लटकाए रखा और जब ईरान ने पाक पर प्रोजेक्ट पर देरी बरतने पर 18 अरब डॉलर जुर्माना लगाने की धमकी दी, तो उसने आनाकानी करते हुए प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए अमेरिका की इजाजत मांगी। लेकिन, ईरान-इजराइल संघर्ष के बाद इस मसले पर कोई खास काम नहीं हो पाया। इस मसले पर दोनों देशों में बातचीत हो सकती है।

## ड्रोन से हथियार गिराने के मामले में श्रीनगर में 9 स्थानों पर मारे छापे

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। एएनआई ने आतंकवाद से जुड़े एक मामले में श्रीनगर में 9 स्थानों पर छापा मारा है। ये कार्रवाई ड्रोन से हथियार गिराने के मामले में की गई है। पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए जम्मू में हथियार



भिजवाए गए थे, जिसका इस्तेमाल आतंकी वारदातों के लिए किया जा रहा था। इस पूरे मामले में एनआईए इस वक्त 9 जगहों पर छापेमारी कर

### कई ट्रांसपोर्टर्स पर कसा शिकंजा

अशंका है कि यह एक बड़ा गठजोड़ है जिसमें कई सारे ट्रांसपोर्टर हैं जो जम्मू कश्मीर में काम करते हैं। इनमें उनका नाम भी सामने आ रहा है। इसके अलावा कई सारे आतंकवादी संगठनों से जुड़े लोग भी हैं जिनका नाम सामने आ रहा है।




## दीवाली का पहला दीया...होली का पहला रंग भारत के रक्षकों के नाम हो



एजेंसी ▶▶ लद्दाख

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों के साथ बातचीत की। राजनाथ सिंह ने कहा कि मेरे अनुसार दीपावली का पहला दीया, होली का पहला रंग भारत के रक्षकों के नाम होना चाहिए। हमारे सैनिकों के साथ होना चाहिए। उन्होंने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर बहादुरों को पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री का इस साल होली पर लद्दाख जाने का कार्यक्रम था लेकिन खराब मौसम के चलते स्थगित हो गया था।



### पर्व-त्योहार पहले सियाचिन की चोटियों पर मनाएं

राजनाथ सिंह ने कहा कि हम सब जानते है भारत में परम्परा है कि हमारे यहां कोई शुभ अवसर आता है उसकी शुरुआत हम अपने आराध्य की पूजा-अर्चना के साथ करते हैं। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहार पहले सियाचिन की चोटियों पर मनाए जाने चाहिए। राजस्थान के तपते रेगिस्तान में मनाए जाने चाहिए, हिन्द महासागर की गहराई में स्थित पनडुब्बी में जवानों के साथ मनाए जाने चाहिए।

### यह शौर्य और पराक्रम की राजधानी

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सियाचिन को भारत के शौर्य और पराक्रम की राजधानी कहा। सिंह ने सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों से बातचीत की। राजनाथ सिंह ने कहा आप दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर जिस तरह से देश की रक्षा करते हैं उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। यह हमारे राष्ट्रीय संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है, मुंबई हमारी आर्थिक राजधानी है और हमारी तकनीकी राजधानी बेंगलुरु है। सियाचिन भारत के शौर्य और पराक्रम की राजधानी है।*

## 30 सेकंड में नेहा पर 14 वार, गला काटने की भी कोशिश की

एजेंसी ▶▶ हुबली

कर्नाटक के हुबली में नेहा हिरेमथ की हत्या का मामला गरमाता जा रहा है। अब नेहा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने से फैयाज की हैवानियत का खुलासा हुआ है। उसे केवल 30 सेकंड में 14 बार चाकू मारा गया था, पुलिस सूत्रों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। आरोपी फैयाज ने नेहा की छाती और गर्दन पर चाकू मारा था। नेहा की गर्दन पर कई बार वार किए गए और इसी कारण उसकी नसें कट गईं, जिससे बड़ी मात्रा में खून बह गया।



### धर्म परिवर्तन का दबाव

नेहा एमसीए की पढ़ाई कर रही थी। उसकी हत्या प्रेमी फैयाज ने की थी। दोनों बीसीए में साथ पढ़ते थे और दोस्त थे। नेहा के पिता ने कहा कि आरोपी कई सालों से उनकी बेटी का धर्म परिवर्तन कराना चाहता था।

### नेहा हीरेमथ हत्या मामले की सीबीआई जांच की मांग

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नेहा हीरेमथ हत्या मामले में सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने नेहा हिरेमथ के घर पहुंच कर परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैंने नेहा के पिता से जो सुना और उनकी मां ने जो बताया वह अंदर तक झकझोर कर देने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि नेहा को न्याय मिले इसके लिए अगर मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की जरूरत पड़ी तो भाजपा सहयोग करेगी। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए मृतक के परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अगर राज्य पुलिस मामले की जांच करने में असमर्थ है तो वह राज्य सरकार से मामले को सीबीआई को सौंपने का अनुरोध करेंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109